

केरल : पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो कहा-अगली सरकार हमारी - 12




ईंधन, एलपीजी आपूर्ति के लिए सरकार ने तेज किए प्रयास - 12



पश्चिम एशिया में विश्वविद्यालय भी निशाने पर - 13



ब्रेक से तरोताजा होकर वापसी में मदद मिली : विराट कोहली- 14




एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी 07:09 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 30 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 33, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये




अमेरिका के सेंट पॉल में 'नो किंग्स' मार्च के दौरान मिनेसोटा स्टेट कैपिटल के बाहर नारे लगाते प्रदर्शनकारी।

## अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ भड़का आक्रोश

### 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' में पद से हटाने की मांग, यूरोप-ऑस्ट्रेलिया समेत 12 देशों में भी विरोध-प्रदर्शन

सेंट पॉल (अमेरिका), एजेंसी

**50** अमेरिकी राज्यों में हुआ प्रदर्शन

**3300** जगहों पर जुटे प्रदर्शनकारी

**80** लाख लोग विरोध मार्च में शामिल

अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के खिलाफ 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' हुआ। अमेरिका के सभी 50 राज्यों के अलावा यूरोप, आस्ट्रेलिया समेत 12 देशों में लाखों लोगों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

यह विरोध प्रदर्शन विशेष रूप से ईरान के साथ जारी युद्ध और कड़े इमिग्रेशन कानूनों के खिलाफ हो रहे है। अमेरिका में नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए। अमेरिका का मिनेसोटा प्रांत इस आंदोलन का मुख्य केंद्र बनकर उभरा, जहां हजारों लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए ट्रंप की सख्त आव्रजन नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। सेंट पॉल में कैपिटल लॉन में आयोजित मुख्य रैली में प्रसिद्ध गायक ब्रूस स्प्रिंगस्टीन भी शामिल हुए। ब्रूस और अन्य वक्ताओं ने भीषण सर्दी के बावजूद सड़कों पर उतरकर अमेरिकी आव्रजन एजेंसी की कार्रवाई का विरोध करने के लिए प्रांत के लोगों की सराहना की। ब्रूस स्प्रिंगस्टीन ने संघीय एजेंटों की गोलीबारी में रिनी गुड और एलेक्स प्रेट्टी की मौत पर विरोध प्रकट करते हुए अपना गीत स्ट्रीट्स ऑफ मिनियापोलिस प्रस्तुत किया। इस गीत के माध्यम से उन्होंने गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि मिनेसोटा के लोगों द्वारा आव्रजन एजेंसी के खिलाफ किया गया प्रतिरोध पूरे देश के लिए आशा की किरण बन गया है। उन्होंने कहा, आपकी ताकत और प्रतिबद्धता ने हमें यह एहसास कराया कि यह अब भी वही देश है। और यह रूढ़ीवादी भयावह दौर तथा अमेरिकी शहरों में इस तरह की कार्रवाई अधिक समय तक नहीं चलेगी। 85 लाख की आबादी वाले न्यूयॉर्क शहर से लेकर दो हजार से भी कम आबादी वाले ड्रिग्स कस्बे तक लोग सड़कों पर उतर आए। अमेरिका के अलावा, यूरोप, लातिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया समेत कम से कम 12 देशों में भी विरोध-प्रदर्शन हुए।

## ब्रीफ न्यूज

### श्रीलंका के राष्ट्रपति ने ईंधन भेजने के लिए पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति में उत्पन्न व्यवधान के बीच भारत द्वारा तेल से भरा टैंकर भेजने के लिए रविवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। आपातकालीन सहायता के रूप में, 20,000 मीट्रिक टन डीजल और 18,000 मीट्रिक टन पेट्रोल सहित 38,000 मीट्रिक टन ईंधन की एक खेप शनिवार को भारत से कोलंबो पहुंची। दिसानायके ने कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी से पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति में हो रही दिक्कतों के बारे में बात की थी।

### दून से तीन विदेशी महिलाएं गिरफ्तार

**देहरादून।** थाना रायपुर पुलिस ने फर्जी भारतीय दस्तावेजों के आधार पर देहरादून में रह रहीं तीन विदेशी महिलाओं (1 किर्गिस्तान व 2 उज्बेकिस्तान) को रविवार को गिरफ्तार किया है। तीनों महिलाएं वीजा अवधि खत्म होने के बावजूद काफी समय से देहरादून में अवैध रूप से रह रही थीं। पुलिस इनके राजधानी में रहने के प्रयोजन के बारे में गहनता से पूछताछ कर रही है। (विस्तृत पेज-2)

### 7 हत्यारोपियों पर इनाम पौने दो लाख

**देहरादून।** प्रेम नगर थाना क्षेत्र में प्रतिष्ठित कॉलेज के इंजीनियरिंग के छात्र मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) निवासी दिव्यांशु जाटराणा (22) की बेरहमी से पीटकर हत्या करने के मामले में फरार बिहार निवासी सात छात्रों पर एसएसपी पीएस डोबाल ने 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। इन सभी के खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी हो गए हैं। 23 मार्च की रात 15 छात्रों के गुट ने दिव्यांशु की हत्या कर दी थी। इनमें से चार आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। (विस्तृत पेज-2)

## युद्ध के कारण स्थिति चुनौतीपूर्ण संकट के राजनीतिकरण से बचें

### मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी बोले- जंग से गहरा रहा पेट्रोल-डीजल का संकट

- भारत चुनौती से निपट रहा, अफवाहों में न आएं, सरकार की जानकारी पर ही भरोसा करें
- मोदी बोले- पश्चिम एशिया से उपजी चुनौतियों का मिलकर सामना करें देशवासी

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी नागरिकों से पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध के कारण पैदा हुई चुनौतीपूर्ण स्थिति से पार पाने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। मोदी ने वर्तमान संकट का राजनीतिकरण करने वालों को आगाह करते हुए कहा कि मौजूदा हालात में स्वार्थ भरी राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि अफवाहें फैलाने वाले लोग देश को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध जारी है। यह निश्चित तौर पर चुनौतीपूर्ण समय है। मैं आज मन की बात के माध्यम से सभी देशवासियों से फिर यह आग्रह करूंगा कि हमें एकजुट होकर इस चुनौती से बाहर निकलना है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह देश के 140 करोड़ देशवासियों के हित से जुड़ा विषय है और इसमें स्वार्थ भरी राजनीति का कोई स्थान नहीं है।अफवाह फैला रहे लोग देश का बहुत बड़ा नुकसान कर रहे हैं। मैं सभी देशवासियों से अपील करूंगा कि वे जागरूक रहें, अफवाहों के बहकावे में न आएं। सरकार की तरफ से आपको जो निरंतर जानकारी दी जा रही है, उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मोदी ने कहा कि उन्हें हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर इन कठिन हालात से विजयी बनकर बाहर निकल जाएंगे। खाड़ी देशों में रह रहे और वहां काम कर रहे एक करोड़ भारतीयों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए वह उन देशों के अत्यंत आभारी हैं। युद्ध वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।


### मोटापे से बचने के लिए चीनी का सेवन करें कम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने देशवासियों से चीनी का सेवन कम करने और खाना पकाने के तेल का उपयोग 10 प्रतिशत तक घटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे प्रयास लोगों को मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से दूर रखेंगे। मोदी ने कहा कि इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ के पोस्ट पर कई लोगों ने टिप्पणी की है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री से अपने पिता को चीनी का सेवन कम करने के लिए कहने का अनुरोध किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे खुशी है कि मेरी अपील का उनके पिता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि चीनी का सेवन कम करें, और जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, हमें खाना पकाने के तेल का उपयोग भी 10 प्रतिशत तक कम करना होगा। ये छोटे प्रयास आपको मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाएंगे।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रभाव पूरे भारत में

नई दिल्ली। मोदी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभों पर प्रकाश डाला और कहा कि इसका प्रभाव देश के हर कोने में देखा जा रहा है। घरेलू छतों पर सौर ऊर्जा लगाने की यह योजना, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी ऐसी पहल कहा जाता है, का लक्ष्य मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा की आपूर्ति करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई आज किसी भी शहर, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, का दौरा करे तो उसे निश्चित रूप से एक बदलाव नजर आएगा कि बड़ी संख्या में घरों की छतों पर सौलर पैनल लगाए गए हैं।

## अमेरिका के 2500 सैनिक पश्चिम एशिया पहुंचे, हमले में सऊदी में अमेरिकी एयरबेस को बड़ा नुकसान



ईरान के हमले में ध्वस्त हुआ अमेरिका का अत्याधुनिक ई-3 सेंट्री विमान।

दुबई, एजेंसी

- 1000 अमेरिकी पैराट्रूपर्स जल्द पहुचेंगे अत्याधुनिक अमेरिकी ई-3 सेंट्री विमान तबाह
- इजराइली व अमेरिकी विश्वविद्यालयों को निशाना बनाने की धमकी

पश्चिम एशिया में एक माह से जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के लगभग 2,500 मरीन सैनिक युद्ध क्षेत्र में पहुंच गए हैं और इसके साथ ही यहां पिछले दो दशकों में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती हो गई है। इसके अलावा, 82वीं 'एयरबोर्न डिवीजन' के 1,000 'पैराट्रूपर्स' को भी पश्चिम एशिया भेजने का आदेश दिया गया है, जो दुश्मन के इलाके में उतरकर अहम ठिकानों और हवाई पट्टियों को सुरक्षित करने में सक्षम हैं।

वहीं, ईरान ने शुक्रवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन से बड़ा जवाबी हमला किया। ईरानी मीडिया का दावा है कि इस हमले में अमेरिका का अत्याधुनिक ई-3 सेंट्री विमान काफी हद तक नष्ट हो गया। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि अमेरिका जमीनी बल उतारने के साथ ही अपने सभी उद्देश्यों को हासिल कर सकता है। इस बीच, रविवार को ईरान ने क्षेत्र में स्थित इजराइली और अमेरिकी विश्वविद्यालयों को निशाना बनाने की धमकी दी। ऐसा पहली बार है जब ईरान ने शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाने की खुले तौर पर धमकी दी है। अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने चेतावनी दी कि यदि ईरानी विश्वविद्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो क्षेत्र में मौजूद इजराइली विश्वविद्यालयों और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के परिसर को सीधे तौर पर निशाना बनाया जाएगा।

### पाकिस्तान ने मिस्र और तुर्किये से जारी तनाव पर की चर्चा

**इसलामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने चतुर्भुज शिखर सम्मेलन से पहले रविवार को यहां मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों से मुलाकात कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और क्षेत्र में शांति वार्ता के प्रयासों पर चर्चा की। विदेश कार्यालय ने बताया कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती, डार के निमंत्रण पर इस्लामाबाद की यात्रा पर हैं। विदेश कार्यालय ने रविवार को कहा कि डार और अब्देलत्ती के बीच हुई बैठक के दौरान पाकिस्तान और मिस्र ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की।

### इरबिल में ड्रोन हमले तेज अमेरिकी ठिकाने निशाने पर

दुबई। जारी युद्ध के बीच उत्तरी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र की राजधानी इरबिल में शनिवार रात भर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास एवं अन्य स्थानों को निशाना बनाकर कई ड्रोन हमले किए गए लेकिन उन्हें उनके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले की रोक दिया गया। इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों ने हाल के दिनों में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले तेज कर दिए हैं। इरबिल भी लगातार इन हमलों का निशाना बन रहा है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी हालात और अधिक संवेदनशील हो गए हैं। अमेरिका ने एक बयान में ईरान समर्थित सशस्त्र समूहों के हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें घृणित आतंकी हमले बताया।

## दो और एलपीजी जहाज होर्मुज से सुरक्षित पार



- एक दिन की रसोई गैस का भंडार, जल्द भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद
- बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम जहाज में है 94,000 टन एलपीजी

**नई दिल्ली।** दो और भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर युद्ध-प्रभावित होर्मुज से सुरक्षित निकल चुके हैं और कुछ दिन में भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद है। इन पर एक दिन के इस्तेमाल का रसोई गैस का भंडार है।

दो एलपीजी जहाज बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम, में 94,000 टन एलपीजी हैं। बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है, वहीं बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मंगलौर की ओर जा है और इसके एक अप्रैल को आने की उम्मीद है। होर्मुज मार्ग खाड़ी देशों से दुनिया में तेल और गैस के निर्यात का रास्ता है। हालांकि, ईरान ने पिछले सप्ताह कहा था कि जो देश शत्रु नहीं हैं उनके जहाज ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय के बाद इस मार्ग से निकल सकते हैं। इससे पहले चार भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर सुरक्षित रूप से इस मार्ग से निकल चुके हैं।

### नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्रियों की संपत्तियों की जांच को आयोग गठित

**काठमांडू।** नेपाल की नवगठित सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी 100 सूत्री कार्य योजना के तहत पूर्व प्रधानमंत्रियों की संपत्तियों की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया है। इस समिति में कानून, वित्त, राजस्व और अनुसंधान के विशेषज्ञ शामिल हैं। सीआईएए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के अधीन कार्य करेगा। पहले चरण में, 2006 की नेपाल क्रांति के बाद सार्वजनिक पदों पर आसीन सभी लोगों की जांच की जाएगी और आयोग 15 दिनों के भीतर जांच पूरी करेगा। इसके बाद सरकार चार पूर्व प्रधानमंत्रियों - शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली, प्रचंड और माधव कुमार की संपत्तियों की जांच शुरू करेगी।

## मुख्यमंत्री धामी का कांग्रेस पर तंज-अपना ही माल समेट लो

- भाजपा प्रशिक्षण वर्ग को किया संबोधित, कांग्रेस में शामिल हुए नेताओं पर दी तीखी प्रतिक्रिया

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



भाजपा प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री धामी।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत देहरादून महानगर जिले के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने 'भाजपा सरकार की उपलब्धियां एवं गरीब कल्याण योजनाएं' विषय के सत्र को संबोधित करते हुए विपक्षी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस में शामिल हुए कुछ नेताओं को लेकर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विपक्ष के पास मुद्दे नहीं हैं और ये अफवाहे फैला रहे हैं। जिन लोगों के बारे में दावा किया जा रहा है कि वे भाजपा छोड़कर कांग्रेस में गए हैं, उनमें से कोई भी वर्तमान में भाजपा का सदस्य था ही नहीं। कोई पांच साल पहले तो कोई 10 साल पहले पार्टी से निष्कासित हो गया था तो कोई चुनाव लड़कर तो भ्रष्टाचार में बाहर हो गया था तो उन्हें भाजपा का नेता कैसे कहा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तंज कसने के साथ सलाह दी कि अपना ही माल समेट लो। उन्होंने कांग्रेस पर झूठा नैरेटिव फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार उन्हीं लोगों को शामिल किया जा रहा है, जिन्हें बार-बार बाहर कर दिया जाता है।

**अपराध** रिकॉर्ड में दर्ज पर धरातल से गायब, पता नहीं कहां से चला रहे अपराध का रिमोट, 700 से ज्यादा अपराधी निगरानी में

## पुलिस की निगरानी फेल, कुमाऊं से 84 हिस्ट्रीशीटर लापता

- ऊधमसिंह नगर में सबसे ज्यादा बदमाश

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** कुमाऊं में आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने बड़े पैमाने पर हिस्ट्रीशीट तो खोलीं लेकिन उनकी निगरानी में फेल साबित हुई। इस गंभीर लापरवाही का नतीजा यह रहा कि 783 हिस्ट्रीशीटर वाले कुमाऊं मंडल से 84 हिस्ट्रीशीटर लापता हो गए हैं।

ये वो हिस्ट्रीशीटर हैं जो पुलिस रिकॉर्ड में तो मौजूद हैं, लेकिन धरातल पर लापता हैं और इनका पता कहीं नहीं है कि ये कहां छिपे हैं और कहां से अपराध का रिमोट संचालित कर रहे हैं। कुमाऊं के छह जिलों में अपराध नियंत्रण के उद्देश्य और अपराधों की श्रेणी के हिसाब से बड़ी संख्या में बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली गई। दिसंबर 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, कुल हिस्ट्रीशीटरों में सबसे अधिक 482 ऊधमसिंह नगर में हैं जबकि नैनीताल में 156, पिथौरागढ़ में 56, चंपावत में 41, अल्मोड़ा और बागेश्वर जनपद में 24-24 हिस्ट्रीशीटर पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हैं। पुलिस की कार्रवाई के बाद 75 हिस्ट्रीशीटर वर्तमान में जेल में हैं। इनमें ऊधमसिंह नगर के 40, नैनीताल के 11, पिथौरागढ़ के छह, चम्पावत के 13, अल्मोड़ा के चार और बागेश्वर का एक हिस्ट्रीशीटर है।

> अपराध पर प्रभावी नियंत्रण ही हमारी प्राथमिकता है और इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी जिलों के एसएसपी को हिस्ट्रीशीटरों पर सतत निगाह रखने और लापता अपराधियों के परिजनों से उनकी जानकारी लेकर रिकॉर्ड अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं।
> – **रिद्धिम अग्रवाल**, आईजी कुमाऊं

### इन देशों से मिलती है कुमाऊं की सीमा

कुमाऊं मंडल के तीन जिलों-ऊधमसिंह नगर, पिथौरागढ़ और चम्पावत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं-चीन, तिब्बत और नेपाल देश से लगती है। इनमें पिथौरागढ़ चीन (तिब्बत) और नेपाल दोनों के साथ अपनी सरहद साझा करता है, जबकि चम्पावत और ऊधमसिंह नगर की सीमा मुख्यत नेपाल से लगती है। लोकल सीमा उत्तर प्रदेश के बरेली, रामपुर, पीलीभीत से लगती है। ऐसे में ज्यादा संभावना अधिकांश अपराधियों के अपराध करने के बाद नेपाल या फिर यूपी में शरण लेने की रहती है।

### यूएस नगर से 39, नैनीताल से 29 हिस्ट्रीशीटर फरार

पुलिस रिकॉर्ड में 84 हिस्ट्रीशीटर ऐसे हैं, जो निगरानी से बाहर हो चुके हैं। इनकी लोकेशन का ठोस सुराग पुलिस के पास नहीं है। इनमें ऊधमसिंह नगर में सबसे अधिक 39 तो नैनीताल में 29 लापता है। पिथौरागढ़ के पांच, चम्पावत और अल्मोड़ा के चार-चार तथा बागेश्वर के तीन हिस्ट्रीशीटर भी गायब हैं।

## स्टेट ब्रीफ

### भगवान महावीर के उपदेश आज भी हैं प्रासंगिक

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन हमें करुणा, शान्ति, सत्य, अहिंसा, त्याग, प्रेम एवं आत्मसंयम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर द्वारा दी गई शिक्षा हमारे समाज में नैतिकता और सदाचार का संचार करने वाली है। भगवान महावीर के सिद्धांत और उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं।

### नकबजनी में फरार महिला गिरफ्तार

**देहरादून:** देहरादून पुलिस ने नकबजनी में फरार चल रही शातिर महिला को गिरफ्तार कर करीब 9 लाख रुपए के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, कोतवाली डोईवाला में वादी अशोक कुमार ने चोरी का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने घटना में शामिल एक आरोपी धामपुर बिजनौर निवासी सुहेल को 18 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था, जो देहरादून के ब्राह्मण वाला स्थित मस्जिद के पास रहता था। उससे पूछताछ के बाद रविवार को मूल रूप से नजीबाबाद निवासी 28 वर्षीय गुलअफसा नाम की महिला को हर्रा वाला क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में चोरी किए गए करीब 9 लाख रुपए मूल्य की ज्वेलरी और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

# प्रधानमंत्री के प्रयासों से उत्तराखंड पर्यटन को मिला नया आयाम: धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में सुना 'मन की बात' का 132वां एपिसोड

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 132वें एपिसोड को सुना।

देहरादून के निजी होटल में आयोजित आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया एक अद्वितीय जनसंवाद मंच है, जो विश्व के किसी भी राष्ट्राध्यक्ष द्वारा संचालित सबसे लंबे समय तक चलने वाले प्रेरणादायी कार्यक्रमों में से एक है। यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों, विशेष रूप से दूरस्थ और कठिन परिस्थितियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और सम्मान प्रदान करता है। प्रधानमंत्री द्वारा देश के कोने-कोने में कार्य कर रहे उन लोगों का उल्लेख किया जाता है, जो सीमित संसाधनों में भी असाधारण कार्य कर समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे व्यक्तित्वों की कहानियां देशभर के नागरिकों तक पहुंचती हैं, जिससे सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार होता है।



प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते मुख्यमंत्री धामी एवं जनप्रतिनिधि।

### दूरस्थ क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार स्थानीय लोगों की आजीविका बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए पर्यटन को एक प्रमुख माध्यम के रूप में विकसित कर रही है। ग्रामीण पर्यटन, होमस्टे योजना और धार्मिक पर्यटन को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री अपने लगभग प्रत्येक कार्यक्रम में उत्तराखंड का विशेष रूप से स्मरण करते हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम के कई एपिसोड में राज्य की शीतकालीन यात्रा, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख किया गया है। प्रधानमंत्री स्वयं भी उत्तराखंड के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं, जिनमें आदि कैलाश और उत्तरकाशी जिले का हर्षिल-मुखवा क्षेत्र प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री के इन दौरों और उनके द्वारा किए गए उल्लेख का सकारात्मक प्रभाव राज्य के पर्यटन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

### शीतकालीन पर्यटन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वर्ष में उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिला है। अब तक डेढ़ लाख से अधिक पर्यटक राज्य में शीतकालीन यात्रा के लिए पहुंच चुके हैं, जबकि आदि कैलाश क्षेत्र में 36,700 से अधिक श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंच चुके हैं। यह संख्या राज्य के पर्यटन क्षेत्र में निरंतर बढ़ती संभावनाओं को दर्शाती है। राज्य सरकार द्वारा वर्ष पर्यंत पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे उत्तराखंड एक ऑल–सीजन टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित हो सके। इसके लिए पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, सड़क संपर्क में सुधार, आवासीय व्यवस्थाओं का विकास तथा डिजिटल सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।

# भारत पुनः अपने सांस्कृतिक गौरव की ओर अग्रसर: संजय

वरिष्ठ संवाददाता, देहरादून




देहरादून परेड ग्राउंड में बौद्धिक कार्यक्रम में मौजूद संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी।

- उत्तराखंड प्रांत प्रचार प्रमुख संजय ने किया बौद्धिक कार्यक्रम को संबोधित
- कहा-वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका हुई सशक्त, विश्व को दे रहा दिशा

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तराखंड प्रांत प्रचार प्रमुख संजय ने कहा कि भारत पुनः अपने गौरव की ओर लौट रहा है। भारतीय संस्कृति, हिंदुत्व की जीवन दृष्टि और भारत की सनातन परंपरा आज विश्व में पुनः स्थापित हो रही है, भारत के मन से गुलामी के अवशेष समाप्त हो रहे हैं। विश्व आज भारत की ओर आशा और मार्गदर्शन की दृष्टि से देख रहा है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत पुनः विश्वगुरु के आसन पर विराजमान होगा और राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त करेगा।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा व आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर परेड ग्राउंड में रविवार को उत्तर महानगर के स्वयंसेवकों के बौद्धिक में प्रांत प्रचार प्रमुख ने कहा कि वर्तमान में विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में भारत की सांस्कृतिक विरासत और जीवन दृष्टि मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकती है। उन्होंने समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने पर जोर देते कहा कि राष्ट्र के विकास और सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि समाज अपने मूल्यों और परंपराओं से जुड़ा रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि, हम अपनी शक्ति, अपने पूर्वजों के सामर्थ्य, अपने गौरवशाली इतिहास के साथ ही अनुशासित राष्ट्रभक्ति और शक्तिशाली राष्ट्र को खड़ा करने वाले स्वयंसेवक बनें।

**बौद्धिक के बाद पथ संचलन:** बौद्धिक सत्र के बाद हजारों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश के साथ पथ संचलन किया। बादलों से घिरे आसमान से बूंदाबांदी ने पथ संचलन को और भी अधिक आकर्षक बना दिया। अनुशासित और सधे हुए कदमों के साथ कदम से कदम मिलाकर जब स्वयंसेवक पथ संचलन करते हुए बढ़े तो लोगों ने फूलों की बारिश और भारत माता के जयकारों से स्वयंसेवकों का स्वागत किया।

पथ संचलन परेड मैदान से प्रारंभ होकर सर्वे चौक, ईसी रोड, नैनी, भेल चौक, घंटाघर व बुद्धा चौक होते हुए पुनः परेड मैदान में संपन्न हुआ। इस दौरान महानगर संघ चालक चंद्रगुप्त विक्रम, सह संघ चालक राजेंद्र रमोला, प्रांत अधिकारी अनिल, आशीष ओबेरॉय, सुरेन्द्र, ललित बड़ाकोटी, जोत सिंह, सह विभाग प्रचारक सौरभ, विभाग कार्यवाह रविंद्र, अरुण, गजेन्द्र खंडूड़ी, महानगर प्रचारक भारत, उत्तर महानगर कार्यवाह भानु चमोली, गंभीर सिंह, प्रेम चमोला, डॉ. देवेंद्र भसीन, राजेश सेठी, विवेक शर्मा, अरुण, सुरेन्द्र चौहान मौजूद रहे।

# आयोग ने प्रशासन से मांगी जांच रिपोर्ट

संवाददाता, देहरादून



- नारी निकेतन में संवासिनी द्वारा आत्महत्या करने का मामला

**अमृत विचार:** उत्तराखंड महिला आयोग ने राजकीय नारी निकेतन में एक संवासिनी के कथित रूप से आत्महत्या करने के मामले का गंभीर संज्ञान लेते हुए देहरादून जिला प्रशासन से प्रकरण में गहन जांच कराने तथा उसकी रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने रविवार को बताया कि 35 वर्षीय महिला शनिवार तड़के सीढ़ियों की रेलिंग से फंदे पर लटकी हुई मिली थी। संवासिनी मानसिक रूप से परेशान थी और उसका इलाज भी चल रहा था। उन्होंने नारी निकेतन में रह रही संवासिनियों की सुरक्षा के लिए रात के समय निगरानी बढ़ाए जाने के निर्देश भी दिए हैं। नारी निकेतन प्रशासन ने बताया कि मूल रूप से हमीरपुर, उत्तर प्रदेश निवासी यह महिला करीब छह माह पूर्व हल्द्वानी में घूमती हुई मिली थी। महिला को तत्काल रेस्क्यू कर नारी निकेतन देहरादून भेजा गया था। नारी निकेतन की ओर से महिला के पति से संपर्क कर देहरादून बुलाया था लेकिन इससे पहले ही महिला ने आत्महत्या कर ली।

## दून एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं का विस्तार

**देहरादून:** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने रविवार को देहरादून (जौलीग्रांट) एयरपोर्ट पर डिजी-यात्रा, निःशुल्क वाई-फाई, किड्स ज़ोन और फ्लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। डिजी-यात्रा के माध्यम से यात्रियों को बायोमेट्रिक फेस रिकग्निशन तकनीक के जरिए कॉन्टैक्टलेस और तेज यात्रा का अनुभव मिलेगा, जिससे एयरपोर्ट पर लगने वाली कतारों में कमी आएगी।

निःशुल्क वाई-फाई सुविधा के तहत यात्रियों को 45 मिनट तक इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। बच्चों के लिए विशेष किड्स ज़ोन विकसित किया गया है, जिससे परिवारों को यात्रा के दौरान सुविधा मिलेगी। वहीं, स्पर्श हिमालय फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित फ्लाइब्रेरी यात्रियों में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देगी।

# सुनील ने हवालात में लगाया था फंदा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** रायपुर पुलिस थाने की हवालात में शनिवार को पीआरडी के जवान सुनील रतूड़ी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में रविवार को अहम तथ्य सामने आया है।

पुलिस के अनुसार, सुनील के शव का विशेषज्ञ डॉक्टरों के पैनल के माध्यम से पोस्टमार्टम कराया गया। रविवार को आयी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों द्वारा मृत्यु का कारण हैंगिंग (फांसी लगाना) बताया गया। एसएसपी का कहना है कि, फिर भी पुलिस द्वारा मृत्यु के कारणों की और अधिक स्पष्टता व परिजनों की आंशका के दृष्टिगत शव का बिसरा संरक्षित कराया गया है, जिसे अग्रिम जांच हेतु फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) भेजा जाएगा। वहीं, इस संपूर्ण प्रकरण की न्यायिक जांच मजिस्ट्रेट के द्वारा की जाएगी। उधर, इस मामले में थानाध्यक्ष रायपुर समेत तीन पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने के बाद रविवार को एक उप निरीक्षक (एसआई) को पद की गरिमा के अनुरूप व्यवहार न करने पर सस्पेंड कर दिया गया। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने बताया कि, घटना के बाद मृतक सुनील रतूड़ी के परिजनों के साथ पद की गरिमा के अनुरूप व्यवहार न करने के आरोप में उप निरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। एसएसपी ने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर है और इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। पूरे घटनाक्रम की न्यायिक मजिस्ट्रेट स्तर पर जांच सुनिश्चित की जाएगी। जांच को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए रायपुर थाना प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है और एसपी देहात की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



थाने की हवालात में मौत के मामले में हंगामा करते पीड़ित परिजन।

# अनुबंधित वाहनों से होगी सिलेंडरों की डिलीवरी

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** जिला प्रशासन ने रविवार को सभी गैस एजेंसियों को सिलेंडरों की डिलीवरी केवल अनुबंधित वाहनों से ही कराये जाने के निर्देश दिए हैं।

बिना अनुबंध के वाहनों से गैस डिलीवरी किए जाने पर संबंधित गैस एजेंसी पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा। गैस की कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण एवं जनमानस को सुगमता से गैस आपूर्ति के जाने तथा गैस एजेंसियों एवं गैस गोदाम का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम मे जिलाधिकारी सविन बंसल द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में रविवार को उप जिलाधिकारी सदर हरि गिरी के नेतृत्व में क्षेत्रीय खाद्य गैस अधिकारी अजय पाल सिंह एवं पूर्ति लिपिक होशियार सिंह की संयुक्त टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि देहरादून के रिंग रोड क्षेत्र में भारत गैस के कई डिलीवरी मैन मोटर साइकिल पर गैस सिलेंडरों की डिलीवरी कर रहे हैं और जिनका तेल कंपनी के साथ कोई अनुबंध नहीं है। जिस कारण उस संबंध में गैस की कालाबाजारी किए जाने की संभावना जताई गई। जिला प्रशासन की टीम ने भारत गैस के गोदाम, अरविंद गैस एजेंसी व आधुनिक गैस एजेंसी के गोदाम में जाकर इस संबंध में पूछताछ की तो पता चला कि मोटरसाइकिल व साइकिलों से गैस की आपूर्ति की जा रही थी, जिनका गैस एजेंसी के साथ कोई भी अनुबंध नहीं था। प्रशासन ने निर्देश दिए गए कि गैस की डिलीवरी लोडर के माध्यम से की जाए।

# सात पर पौने दो लाख का इनाम

वरिष्ठ संवाददाता, देहरादून

- देहरादून में इंजीनियरिंग के छात्र दिव्यांशु की हत्या में इनके खिलाफ एनडब्ल्यू जारी

**अमृत विचार:** प्रेमनगर क्षेत्र में पिछले सप्ताह झगड़े और मारपीट की घटना में इंजीनियरिंग के एक छात्र की मौत होने के मामले में फरार सात आरोपियों पर रविवार को 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र के केहरी गांव में बीती 23 मार्च की रात को हुई घटना से जुड़े सभी सात आरोपी बिहार के रहने वाले हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय से गैर-जमानती वारंट (एनबीडल्यू) हासिल कर लिए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने सभी वांछित आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया है।

आरोपियों की पहचान बिहार के पूर्वी चंपारण के रहने वाले ऋतिक राज, नवादा के प्रह्लाद राज, गोपालपुर के अंकुर तथा पटना निवासी शांतनु कुमार, उज्ज्वल सिंह, आदित्य राज एवं विनीत राज के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक, प्रेमनगर क्षेत्र के एक निजी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के दो गुटों के बीच वर्चस्व को लेकर हुए संघर्ष में बुरी तरह से घायल उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर निवासी 22 वर्षीय दिव्यांशु जाटराणा ने दून अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों की तहरीर पर हत्या सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए चार आरोपियों को पहले ही गिरफ़्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ तथा सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी के आधार पर सात अन्य आरोपियों के नाम सामने आए। पुलिस के मुताबिक, इन सभी आरोपियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

# अल्मोड़ा में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 2 युवकों की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** स्याल्दे ब्लॉक के चिंतोली में रविवार को पत्थरों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। पत्थरों के नीचे दबे चारों युवकों को किसी तरह निकालकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दो युवकों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार, चिंतोली जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली पर चालक समेत चार युवक सवार थे। इस दौरान ट्रैक्टर के अनियंत्रित होने पर ट्रॉली पलटने से चारों युवक पत्थरों में दब गए। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और पत्थरों के नीचे दबे युवकों को निकाल सीएचसी देघाट पहुंचाया गया। इसी दौरान दर्शन सिंह पुत्र छोदाण सिंह और चन्दन सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम चिन्तोली ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया जबकि गोपाल सिंह पुत्र गब्बर सिंह और नरेन्द्र सिंह पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम चिन्तोली को सीएचसी से रामनगर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष देघाट अजेंद्र प्रसाद ने बताया कि घायलों की स्थिति गंभीर बनी है। घटना की जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने दिया प्रशिक्षण का मंत्र

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत आयोजित कराए जा रहे प्रदेश के मंडलों में प्रशिक्षण वर्गों के क्रम में रविवार को राजधानी में आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संबोधित किया।

मुख्यमंत्री धामी ने प्रशिक्षण वर्ग में 'भाजपा सरकार की उपलब्धियां एवं गरीब कल्याण योजनाएं' विषय के सत्र को सम्बोधित करने के साथ ही प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण का मंत्र दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ सुशासन एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर देहरादून महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल, विधायक सविता कपूर, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।




प्रशिक्षण वर्ग में प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अच्छी खबर** — प्रदेश भर में सरकारी आवासों के पुनर्निर्माण और नए निर्माण की योजना हुई तेज

# सरकारी कर्मचारियों को मिलेंगे बेहतर आवास

मुख्य संवाददाता, देहरादून



> मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य आगामी समय में पूरे प्रदेश में सरकारी आवासीय ढांचे को मजबूत और आधुनिक बनाना है, जिससे कर्मचारियों को बेहतर कार्य परिवेश मिल सके। - डॉ. आर. राजेश कुमार, सचिव, राज्य संपत्ति विभाग



**अमृत विचार:** सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में उत्तराखंड सरकार ने बड़ा कदम उठाया है।

राज्य सरकार प्रदेश भर में सरकारी कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक आवास उपलब्ध कराने की व्यापक योजना पर काम कर रही है। सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौजूद जर्जर सरकारी आवासों का सर्वे शुरू करने का निर्णय लिया है। जिन भवनों की स्थिति बेहद खराब है, उन्हें या तो पुनर्निर्मित किया जाएगा या फिर उनकी जगह नए आधुनिक आवास बनाए जाएंगे। इसके साथ ही जहां भी विभागीय या सरकारी भूमि उपलब्ध है, वहां आवश्यकता के अनुसार नए आवासीय परिसरों के निर्माण की योजना बनाई जा रही है। इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करने के लिए राज्य संपत्ति विभाग के स्तर पर एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है।

समिति को निर्देश दिए गए हैं कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध भूमि, जर्जर भवनों और नए निर्माण की संभावनाओं का त्वरित सर्वेक्षण किया जाए। सर्वेक्षण के आधार पर विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर शासन को भेजा जाएगा, ताकि निर्माण और मरम्मत से जुड़ी परियोजनाओं को समय पर स्वीकृति मिल सके।

**रेसकोर्स में बनेंगे नए आवास**

देहरादून के ओल्ड ऑफिसर्स कॉलोनी, रेसकोर्स क्षेत्र में भी नए आवासों के निर्माण की योजना बनाई गई है। यहां जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण के बाद खाली हुई भूमि पर श्रेणी-2 के 31 नए आवास बनाने का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा गया। 6 मार्च 2026 को इसी कॉलोनी में उपलब्ध अन्य भूमि पर श्रेणी-4 के 10 आवासों के निर्माण की योजना भी प्रस्तुत की गई। दोनों परियोजनाओं के लिए सिंचाई विभाग के परियोजना खंड द्वारा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इन आवासों के निर्माण के लिए श्रेणी-2 के 31 आवासों पर लगभग 1458.56 लाख रुपये और श्रेणी-4 के 10 आवासों के लिए लगभग 743.95 लाख रुपये की लागत का अनुमान लगाया गया है।

# दून से तीन विदेशी महिलाएं गिरफ्तार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** थाना रायपुर पुलिस ने फर्जी भारतीय दस्तावेजों के आधार पर देहरादून में रह रहीं तीन विदेशी महिलाओं (1 किर्गिस्तान व 2 उज्बेकिस्तान) को रविवार को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि, सांई कॉम्पलैक्स के तृतीय फ्लोर स्थित एक फ्लैट में ये तीनों महिलाएं रह रही थीं। पूछताछ में इन्होंने अपने नाम इरिका (29) मूल निवासी किर्गिस्तान, करीना (30) व निगोरा नीम (32) मूल निवासी उज्बेकिस्तान बताया। इनके पास से पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एसबीआई पासबुक, 7 मोबाइल फोन और विदेशी मुद्रा बरामद की गई। तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कराया गया है।



थाना रायपुर पुलिस की गिरफ्त में तीनों विदेशी महिलाएं।

पूछताछ में इरिका ने बताया कि वह वर्ष 2023 में 1 साल के वीजा पर भारत आई थी लेकिन वीजा समाप्त होने के बावजूद अवैध रूप से यहां रह रही थी जबकि करीना तथा निगोरा वर्ष 2022 तथा 2023 में नेपाल बॉर्डर से अवैध रूप से भारत में आई थी, जो भारत में दिल्ली सहित अलग-अलग स्थानों पर रही थीं। इनमें निगोरा पहले भी बिहार में गिरफ्तार की जा चुकी है, जो जमानत पर छूटकर दिल्ली से देहरादून आ गई थी। पुलिस इनके राजधानी में रहने के प्रयोजन के बारे में गहनता से पूछताछ कर रही है जबकि इनके फर्जी भारतीय दस्तावेज बनाने वालों की भी तलाश में छापेमारी की जा रही है।

## फर्जी आधार कार्ड बनाने वाला गैंग धरा

**पिथौरागढ़:** पिथौरागढ़ पुलिस ने ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश कर दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से नकली आधार कार्ड और अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। पुलिस द्वारा पहचान एप के माध्यम से सत्यापन अभियान में एसआई कमलेश जोशी और उनकी टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति कमलेश कुमार निवासी नौसर गुमटियां, जिला बहराइच (उत्तर प्रदेश) की जांच की। जांच में उसके पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद हुआ। जांच में आये तथ्यों के आधार पर पुलिस टीम ने बहराइच जिले के थाना मोतीपुर क्षेत्र के दौलतपुर में एक दुकान पर छापामार कर मनीष गुप्ता और कमलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

## सिटी ब्रीफ

### राजपुरा में सट्टा लगाते युवक को दबोचा

**हल्द्वानी :** राजपुरा क्षेत्र में पुलिस ने अवैध सट्टा कारोबार का खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को लालच देकर सट्टा लगवा रहा था और मौके पर ही पर्चियां बांट रहा था। पुलिस के अनुसार, 28 मार्च 2026 को एसआई कृष्ण गिरी अपनी टीम के साथ राजपुरा लाइन नंबर-1 क्षेत्र में चेकिंग पर थे। गौला गेट के पास एक युवक सट्टा खिला रहा है और लोगों को "10 रुपये लगाओ, 100 रुपये पाओ" का लालच दे रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही लोग भाग खड़े हुए, लेकिन रवि (30 पुत्र) पुत्र पूरन सिंह निवासी वार्ड नंबर-13 राजपुरा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 10 सट्टा पर्चियों के साथ 1270 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह फरीदाबाद के ऑनलाइन सट्टे से जुड़ा है।

### ढाबे में परोसी शराब एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** काठगोदाम थाना क्षेत्र के दमुवाढूंगा में पुलिस ने एक ढाबे पर छापेमारी कर अवैध रूप से शराब पिलाने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम शनिवार रात चेकिंग के दौरान नारिमन तिराहा क्षेत्र में पहुंची, जहां एक ढाबे में संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर जांच की गई। पुलिस ने मौके से अपना नाम अनीश मोहम्मद (29 वर्ष) निवासी कालटैक्स लाइन पार बताया। उसने स्वीकार किया कि ढाबे में आने वाले ग्राहकों को पास की दुकान से शराब लाकर पिलाता था।

### गौजानी चौकी में प्रभाग दिवस का आयोजन

**रामनगर :** कार्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज द्वारा गौजानी चौकी वन परिसर में आयोजित प्रभाग दिवस में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं उठाईं। ग्राम चोरपानी, गौजानी और कानिया के ग्रामीणों ने जलौनी लकड़ी और चारे की समस्या प्रमुखता से रखी। रेंजर नवीन चन्द्र पाण्डे ने कहा कि प्रभाग दिवस का उद्देश्य विभाग और ग्रामीणों के बीच संवाद स्थापित करना है। ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी ने ग्रामीणों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। जनप्रतिनिधियों ने चेनलिंक फेंसिंग से वन्यजीव नुकसान में कमी आने की बात कही।

---

#### रामपुर रोड से फायर स्टेशन को जाने वाली सड़क पर क्रैश बैरियर होने लगा क्षतिग्रस्त, नहर किनारे कटाव व अंधेरे से बढ़ा खतरा

# पहले जहां हुई थी दर्दनाक दुर्घटना, वहीं फिर मंडरा रहा खतरा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** रामपुर रोड को अग्निशमन केंद्र के पास नहर किनारे से जोड़ने वाली सड़क एक बार फिर खतरनाक होती जा रही है। पिछले साल जुलाई में इसी स्थान पर हुए दर्दनाक हादसे की यादें अभी धुंधली भी नहीं हुई हैं कि अब यहां दोबारा दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। सुरक्षा के लिए लगाए गए क्रैश बैरियर अब खुद ही लापरवाही और अव्यवस्था की कहानी बयां कर रहे हैं।

बताते चलें कि बीते वर्ष यहां एक कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई थी। इस हादसे में एक नवजात बच्चे समेत परिवार के कई लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया था। उस समय सड़क और नहर के बीच कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी, जिस पर विभाग की जमकर आलोचना हुई थी। इसके बाद यहां क्रैश बैरियर लगाने का कार्य शुरू किया गया था।

लेकिन वर्तमान हालात बताते हैं कि स्थिति फिर पहले जैसी ही होती जा रही है। नहर किनारे दो स्थानों पर कटाव के कारण क्रैश बैरियर का प्रभाव लगभग समाप्त हो गया है। कई जगह बैरियर हवा में लटके हुए प्रतीत होते हैं, जिससे वाहन चालकों के लिए खतरा और बढ़ गया है। रात के समय यहां रोशनी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। खासकर रामपुर रोड से टीपीनगर की ओर जाने वाले मार्ग पर एक स्थान पर गहरा कटाव बना हुआ है, जहां अंधेरे में दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। इस पर शीघ्र कार्रवाई की जरूरत है।



एसटीएच के पास फायर स्टेशन को जाने वाली रोड पर टूटी क्रैश बैरियर की दीवार।



रामपुर रोड से फायर स्टेशन को जाने वाली सड़क में नहर से हुआ कटान।

### स्थायी समाधान की मांग

**हल्द्वानी :** स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल क्रैश बैरियर लगाना पर्याप्त नहीं है। सुरक्षा के लिहाज से नहर को अन्य स्थानों की तरह कवर किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके। साथ ही क्षतिग्रस्त बैरियर की मरम्मत और पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी जरूरी बताई जा रही है।

> सुरक्षा के लिए क्रैश बैरियर लगवाए गए थे अगर कहीं कोई दिक्कत आ रही है तो विभाग चेक करवाएगा और उन्हें तुरंत ही ठीक किया जाएगा।
> **-प्रत्यूष कुमार**, लोनिवि, ईई, हल्द्वानी

---

### होटलों में दिया आग से बचाव का प्रशिक्षण

**नैनीतालः** पर्यटन सीजन को देखते हुए अग्निशमन विभाग ने होटल, दुकानों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आग से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान तेज कर दिया है।

अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में भवाली और गेठिया क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। कर्मचारियों को फायर एक्सटिंग्यूशर के उपयोग और आग लगने की स्थिति में बचाव के तरीके भी सिखाए गए।

अग्निशमन अधिकारी नेगी ने कहा कि पर्यटन सीजन में यात्रियों की संख्या बढ़ने के चलते सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना जरूरी है।

---

# एसटीएच का 'माइग्रेन' बना न्यूरोसर्जरी विभाग

#### डॉक्टरों की लगातार कमी से सेवाएं लचर, ओपीडी से लेकर आपॅरेशन तक मरीजों की भीड़

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग में हालात सुधरते हैं तो उसके तुरंत बाद बिगड़ जाते हैं। विभाग में हाल ही पांच जेआर की नियुक्ति हुई जिससे राहत मिली तो अब में डॉ. अखिलेश जोशी के ज्वाइन करने के बाद डॉ. अभिषेक राज 10 अप्रैल को सेवा छोड़ देंगे। विभाग फिर से एक सीनियर न्यूरोसर्जन के भरोसे रह जाएगा।

अस्पताल में पहले जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की कमी थी, लेकिन अब यह स्थिति सुधर गई है और दो की जगह सात जेआर तैनात हो गए हैं। इसके चलते लंबे समय से रुके ऑपरेशन दोबारा शुरू हो गए हैं, जिससे मरीजों को कुछ राहत मिली है। हालांकि मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण अभी भी कई लोगों को ऑपरेशन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। स्थिति को और चुनौतीपूर्ण 10 अप्रैल से हो जाएगी जब डॉ. अभिषेक राज नौकरी छोड़ देंगे। उसके बाद न्यूरोसर्जरी विभाग की ओपीडी सप्ताह में केवल दो दिन ही संचालित होगी। जबकि एक दिन की ओपीडी में ही 150 से 200 मरीज पहुंच रहे हैं। ऐसे में ओपीडी के दिन कम होने से मरीजों की परेशानी बढ़ने की आशंका है। वहीं ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू की जिम्मेदारी भी एक ही न्यूरोसर्जन को दी गई है, जिससे कार्यभार अत्यधिक बढ़ गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतने महत्वपूर्ण विभाग के सुचारु संचालन के लिए कम से कम तीन सीनियर न्यूरोसर्जन की आवश्यकता है।





> न्यूरोसर्जरी विभाग में सीनीयर डॉक्टर की नियुक्ति के प्रयास किए जा रहे हैं। यह अस्पताल का महत्वपूर्ण विभाग है। इस विभाग में जो ऑपरेशन होते हैं वह निजी अस्पतालों में काफी महंगे होते हैं। इसलिए पूरी कोशिश है कि एक से दो और न्यूरोसर्जन यहां नियुक्ति किए जाएं। **-डॉ. अरुण जोशी,** एमएस, एसटीएच

### न्यूरोसर्जरी विभाग में आने वाले मुख्य मरीज

1-कैंसरग्रस्त या गैर-कैंसरग्रस्त ट्यूमर के मरीज।
2-हर्नियेटेड डिस्क, रीढ़ की हड्डी में चोट, या पुराना दर्द।
3-एक्सीडेंट के कारण सिर में गंभीर चोट या ब्रेन हेमरेज।
4-नसों में गंभीर संकुचन या नसों के दबने के मरीज।
5-मस्तिष्क की नसों में खून का बहाव रुकना या नसों का फटना।
6-बच्चों में हाइड्रोसेफालस (मस्तिष्क में पानी भरना) जैसी समस्याएं।
7-पार्किंसंस रोग या पुराने दर्द के मरीज।

### कार्डियोलिजस्ट को ज्वाइनिंग लेटर का इंतजार

**हल्द्वानी :** एसटीएच में कार्डियोलॉजिस्ट के बिना कैथलैब बंद पड़ी है। राहत की बात है कि कार्डियोलॉजिस्ट का सेलेक्शन हो गया है, फिलहाल वह ज्वाइनिंग लेटर के इंतजार में हैं। एसटीएच में पिछले 16 साल से कोई कार्डियोलॉजिस्ट नहीं हैं। इस वजह से यहां हृदय रोग से जुड़े मरीजों का उपचार नहीं हो पाता है। हृदय रोगियों के प्रारंभिक चरण के मरीजों को मेडिसन विभाग में ही देखा जाता है। मरीजों की सुविधा और हृदय से जुड़े ऑपरेशन के लिए कैथलैब को खोला गया है। अब डॉक्टर का इंतजार किया जा रहा है। बिना डॉक्टर के ही करोड़ों रुपये खर्च हो गए हैं। राहत की बात है कि पिछले दिनों मेडिकल कॉलेज में नियुक्ति के लिए एक कार्डियोलॉजिस्ट ने साक्षात्कार दिया था और उनका सेलेक्शन भी हो गया है। अब ज्वाइनिंग लेटर मिलने के बाद वह ज्वाइन करेंगे। जिसके बाद कैथलैब शुरू हो जाएगी। फिर मरीजों के ऑपरेशन भी हो सकेंगे। एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि उन्हें ज्वाइनिंग लेटर भेजा जा रहा है। कैथलैब बनकर तैयार हो गई है।

---

# युवती को बचाना पड़ा भारी युवक ने नर्स को किया घायल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- बीच बचाव करने पर गुस्साए युवक ने नर्स पर बरसाए मुक्के
- बेस अस्पताल में इलाज के बाद घर भेजा गया

**अमृत विचार :** काठगोदाम थानाक्षेत्र में इंसानियत दिखाना एक नर्स को भारी पड़ गया। पड़ोस में एक युवती को पीटते देख जब नर्स ने विरोध किया तो आरोपी युवक ने उस पर ही हमला बोल दिया और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

दमुवाढूंगा निवासी नर्स गीतांजली बोरा के अनुसार, पड़ोस में रहने वाला एक युवक अक्सर अपनी महिला मित्र के साथ आता-जाता था। रविवार सुबह दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया और युवक युवती को सड़क पर ही बेरहमी से पीटने लगा। यह दृश्य देख गीतांजली बोरा खुद को रोक नहीं सकीं और बीच-बचाव के लिए पहुंच गईं। उन्होंने युवक को रोकने की कोशिश की, लेकिन इससे वह भड़क उठा। आरोप है कि युवक ने पहले नर्स के साथ अभद्रता की और फिर गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। बताया गया कि आरोपी ने नर्स के सीने और चेहरे पर लगातार मुक्के मारे। करीब पांच मिनट तक चली इस पिटाई के बाद गीतांजली बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ीं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उठाकर बेस अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

पीड़िता का कहना है कि आरोपी पहले भी उसके घर में घुस चुका है, जिससे वह पहले से ही परेशान थी। फिलहाल वह पुलिस को तहरीर देने की तैयारी कर रही है। इस मामले में काठगोदाम थाना पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी मिल गई है और जांच की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

# पहाड़ों में तेज हवा के साथ होगी बारिश, बर्फबारी की संभावना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार उत्तराखंड में आने वाले दिन मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। राज्य के कई पर्वतीय जिलों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में भी कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं 3300 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है। इन जिलों में आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि और तेज झोंकेदार हवाएं चलने की आशंका है। हवाओं की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। अन्य पर्वतीय क्षेत्रों में भी इसी तरह की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। इसके अलावा अन्य पर्वतीय जिलों में भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई गई है। राज्य के मैदानी जनपदों में भी मौसम पूरी तरह साफ नहीं रहेगा। विभाग के अनुसार कुछ स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बन सकती है, जिससे तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना है। इधर हल्द्वानी में रविवार को बादल छाए रहे। अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री रहा।

### धूप-छांव के बीच सुहावना बना नैनीताल का मौसम

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में रविवार का मौसम बादलों के साथ धूप-छाँव वाला रहा। सुबह के समय धुंध भी छाई नजर आई। तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नगर में दिन के समय ठंड का एहसास नहीं हुआ, लेकिन सुबह और शाम की ठंड बनी रही। नगर में सुबह के समय धुंध छाई रही, जिससे मौसम अजीब नजर आया। आमतौर पर इस तरह की धुंध दोपहर में ही छाई रहती है। इस बीच बादलों का उमड़ना भी जारी रहा। शाम होते-होते बादल तो छंट गए, लेकिन धुंध बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर नगर में बादलों के रूप में नजर आया, लेकिन वर्षा नहीं हुई। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह के अनुसार तापमान में असमानता के कारण नमी के उठने से धुंध का वातावरण बना है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 25 और न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आद्रता अधिकतम 80 प्रतिशत और न्यूनतम 55 प्रतिशत रही।

---

# पति विदेश में करता है नौकरी पत्नी ने जहर पीकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- दमुवाढूंगा के किराये के घर में उठाया कदम
- दो बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल खुदकुशी का कारण पता नहीं

**अमृत विचार :** काठगोदाम थाना क्षेत्र में एक महिला ने कीटनाशक गटककर आत्महत्या कर ली। घटना के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पुलिस ने घटना के कारणों की जांच कर रही है।

मृतका की पहचान 27 वर्षीय उर्मिला देवी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग की रहने वाली थी और वर्तमान में दमुवाढूंगा के बैड़ीखत्ता क्षेत्र में किराये के मकान में अपने दो छोटे बच्चों के साथ रह रही थीं। बताया जा रहा है कि शनिवार दोपहर करीब तीन बजे उर्मिला ने अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों और आसपास के लोगों ने उन्हें तत्काल डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, मृतका का पति कृष्ण कुमार विदेश में नौकरी करता है और इस समय लंदन में तीन साल के वीजा पर रह रहा है। उर्मिला अपने आठ वर्षीय बेटी और पांच वर्षीय बेटे के साथ हल्द्वानी में रह रही थी। करीब तीन साल पहले ही परिवार यहां आकर बसा था। घटना के बाद दोनों मासूम बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा का कहना है कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

---

# बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत से आमजन परेशान हैं। घरेलू गैस की आपूर्ति व्यवस्था अभी भी पटरी पर नहीं लौट पाई है, जिससे बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को दिनभर भागदौड़ करनी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी भारत पेट्रोलियम के उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ रही है। केवाईसी न होने के कारण कई लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि कंपनी की ओर से इस संबंध में पर्याप्त जागरूकता भी नहीं दी जा रही है।

रविवार को गौलापार क्षेत्र में रामपुर रोड स्थित ज्वाला गैस एजेंसी की ओर से सिलेंडरों की आपूर्ति की गई, लेकिन वाहन के देर से पहुंचने पर लोगों में नाराजगी देखने को मिली। बागजाला और कुंवरपुर क्षेत्र में लोग सुबह से ही सिलेंडर लेकर काफी देर तक इंतजार करते रहे। दोपहर तक वाहन नहीं पहुंचने पर उपभोक्ताओं को खुद सिलेंडर लेकर इधर-उधर भटकना पड़ा। वाहन पहुंचते ही जगह-जगह लंबी लाइनें लग गईं, जबकि प्रशासन के घर-घर डिलीवरी के आदेशों की अनदेखी करते हुए लाइन लगाकर सिलेंडर वितरण किया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं और वाहन चालकों के बीच नोकझोंक भी हुई। इधर, गौलापार सहित कई क्षेत्रों में इंडेन गैस की आपूर्ति ठप रहने से लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज वर्मा ने बताया कि इंडेन गैस की सप्लाई तीन दिन तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि बुकिंग होने पर निर्धारित समय में सिलेंडर की डिलीवरी घर पर ही की जा रही है। प्रशासन ने सभी एजेंसियों को घर-घर डिलीवरी के निर्देश दिए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है।



गौलापार के बागजाला में गैस सिलेंडर के वाहन का इंतजार करते लोग।

- केवाईसी न होने व जागरुकता के अभाव में नहीं मिल रहा सिलेंडर
- डिलीवरी लेने के दौरान केवाईसी का हवाला देकर लौटा रहे कर्मचारी

---

#### नशे का जाल

#### 2025 के 12 महीनों से ज्यादा बरामदगी 2026 के महज 3 महीनों में हुई, नशा तस्करों ने मोहल्लों तक फैलाई पहुंच

# तस्करी : तीन माह में सालभर से ज्यादा स्मैक बरामद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी समेत पूरे नैनीताल जनपद में नशे का कारोबार तेजी से पैर पसार रहा है। वर्ष 2025 में जहां पूरे साल में 951 ग्राम स्मैक बरामद हुई थी, वहीं 2026 के महज तीन महीनों (जनवरी से 26 मार्च) में ही यह आंकड़ा 973 ग्राम के करीब पहुंच गया है। यह स्थिति कानून व्यवस्था और समाज दोनों के लिए गंभीर चेतावनी है।

आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में पुलिस ने स्मैक तस्करी के 71 मुकदमे दर्ज कर 88 तस्करों को गिरफ्तार किया था। इस दौरान कुल 951 ग्राम 582 मिलीग्राम स्मैक बरामद हुई। वहीं 2026 में अब तक 13 मुकदमे दर्ज कर 17 तस्करों को पकड़ा गया है, जिनके पास से 972 ग्राम 039 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई है।

शहर के कई इलाकों में तस्करों ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। दमुवाढूंगा क्षेत्र में हाल ही में एक घर में स्मैक बेचने की शिकायत खुद पार्षद ने की। एक तस्कर को पकड़ भी लिया गया, लेकिन पुलिस के समय पर न पहुंचने के कारण वह फरार हो गया। इसको लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।



### 15 माह में 36 किलो से ज्यादा चरस बरामद

**हल्द्वानी :** स्मैक के साथ-साथ चरस की तस्करी भी बड़े पैमाने पर हो रही है। पिछले 15 महीनों में पुलिस ने 50 मुकदमे दर्ज कर 69 तस्करों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 36 किलोग्राम 100 ग्राम चरस बरामद हुई। इनमें से 60 प्रतिशत से ज्यादा सप्लाई हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में खपाई जा रही थी।

### इंजेक्शन, कैप्सूल और गोलियों का भी बड़ा नेटवर्क

**हल्द्वानी :** नशे का कारोबार सिर्फ स्मैक और चरस तक सीमित नहीं है। नशीले इंजेक्शन, कैप्सूल और गोलियों की भी बड़ी खेप पकड़ी जा रही है।

- इंजेक्शन : 50 मुकदमे, 75 गिरफ्तारियां, 4774 बरामद
- कैप्सूल : 5 मुकदमे, 6 गिरफ्तारियां, 2619 बरामद
- नशे की गोलियां : 2 मुकदमे, 3 गिरफ्तारियां, 5330 बरामद

**नोट :** ये आंकड़े सिर्फ पकड़े गए मामलों के हैं, जबकि असल खपत इससे कहीं ज्यादा होने की आशंका है।

### अफीम और गांजा भी चिंता का कारण

**हल्द्वानी :** पिछले वर्ष अफीम तस्करी के दो मामलों में चार लोगों की गिरफ्तारी हुई और एक किलोग्राम अफीम बरामद हुई। वहीं 15 महीनों में गांजा के 18 मामलों में 24 तस्कर पकड़े गए, जिनके पास से 249 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। नशे का बढ़ता नेटवर्क यह संकेत दे रहा है कि जनपद में संगठित तरीके से युवाओं को इसकी गिरफ्त में लेने की कोशिश हो रही है। ऐसे में पुलिस, प्रशासन और समाज को मिलकर बड़े और ठोस अभियान की जरूरत है, ताकि इस खतरे को समय रहते रोका जा सके।

---

### 111 ओवरलोड वाहनों का चालान, 7 सीज

**हल्द्वानी :** डीएम ललित मोहन रयाल को मिल रही ओवरलोडिंग की लगातार शिकायतों के बाद गौला खनन क्षेत्र में परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान ओवरलोडिंग और बिना ढके खनिज पदार्थ ले जा रहे मालवाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

आरटीओ (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) अरविंद पांडे के निर्देश पर चलाए गए अभियान में 111 वाहनों के चालान किए गए, जबकि 7 ओवरलोडेड वाहनों को सीज किया गया। अभियान के तहत मालवाहनों के कागजात, फिटनेस और भार क्षमता की जांच की गई और निर्देश दिए गए कि निर्धारित क्षमता के अनुसार ही खनिज ढोया जाए। साथ ही सड़क किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटाया गया। इन वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से जाम लगता है।

---

# केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को सौंपा मांग पत्र

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** केन्द्रीय लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी कॉर्बेट पार्क के भ्रमण पर पहुंचे। उनके रामनगर प्रवास की जानकारी मिलने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने उनका स्वागत किया और मांगों से संबंधित मांग पत्र सौंपा। मंत्री ने सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने और कार्यवाही का आश्वासन दिया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने बताया कि मांग पत्र में उत्तराखंड प्रदेश में उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए केंद्रीय सरकार से एमएसएमई उद्योगों के विकास हेतु विशेष पैकेज, रामनगर में कलस्टर विकास योजना के तहत फल पट्टी क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर, तराई-भाबर में लकड़ी की उपलब्धता के कारण वुड प्रोसेसिंग क्लस्टर, पर्यटन आधारित क्लस्टर और हैंडीक्राफ्ट निर्माण, स्थानीय युवा बेरोजगारों के लिए जीजीटीएमएसई का विस्तार करते हुए कोलेटरल-फ्री लोन उपलब्ध कराने हेतु विशेष छूट आदि मांगें की गई हैं। साथ ही रामनगर में उपलब्ध औद्योगिक भूमि विकसित कर छोटे उद्योगों हेतु भूखंड, अवस्थापना सुविधा, स्टार्टअप यूनिट के लिए शेड आदि उपलब्ध कराने की मांग की गई। मंत्री मांझी ने सभी मांगों पर पहल करने का भरोसा दिलाया।



मंत्री मांझी को मांग पत्र देते गणेश रावत।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### कभी 500 परिवारों की मौजूदगी से गुलजार रहे गाडियूड़ा की आबादी अब घटकर 30-35 लोगों तक सिमटी, इनमें से भी ज्यादातर लोग बुजुर्ग

# पलायन की मारः गाडियूड़ा गांव भी 'घोस्ट विलेज' बनने की कगार पर

**गौरव जोशी, नैनीताल**

**अमृत विचारः** सरकारें भले ही रिवर्स पलायन और गांवों को पर्यटन से जोड़ने के दावे कर रही हों, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। नैनीताल जिले के धारी ब्लॉक का गाडियूड़ा गांव आज पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुका है। कभी 500 से अधिक परिवारों की चहल-पहल से गुलजार रहने वाला यह गांव अब सन्नाटे में डूबा हुआ है। टूटी छतें, जर्जर दीवारें और बंद दरवाजों पर लटकते ताले इस गांव के उजड़ने की कहानी खुद बयां करते हैं।

गांव की पगडंडियों से जो लोग रोजगार, शिक्षा और बेहतर जीवन की तलाश में शहरों की ओर गए, वे फिर कभी लौटकर नहीं आए। आज हालात यह हैं कि गांव की आबादी घटकर महज 30 से 35 लोगों तक सिमट गई है, जिनमें ज्यादातर बुजुर्ग हैं। सूने रास्तों पर बैठे ये बुजुर्ग आज भी अपनों के लौटने का इंतजार करते नजर आते हैं।


गाडियूड़ा में पलायन के बाद खाली पड़े घर और आसपास उगी झाड़ियां। ● अमृत विचार

**10 साल में उजड़ गया पूरा गांव**

पिछले एक दशक में गाडियूड़ा गांव से तेजी से पलायन हुआ है। रोजगार के सीमित साधन और शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी ने लोगों को गांव छोड़ने पर मजबूर कर दिया। गांव के मरीजों को इलाज के लिए 110 किलोमीटर दूर हल्द्वानी या 60 किलोमीटर दूर पहाड़पानी और पदमपुरी जाना पड़ता है। ऐसे में आपात स्थिति में कई बार जान पर बन आती है।


जंगली जानवरों और मौसम की मार के कारण खेती करना मुश्किल हो गया है, जिससे युवाओं को रोजगार के लिए शहरों की ओर जाना पड़ रहा है। **-प्रकाश जोशी**, ग्रामीण


शिक्षा और रोजगार की कमी ने गांव को खाली कर दिया है। सरकार को पलायन रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। **-त्रिलोचन जोशी**, ग्रामीण

### शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव बना मुख्य कारण

गांव में बेहतर स्कूल न होने के कारण परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए शहरों की ओर पलायन कर गए। कुछ बच्चे आज भी कई किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाते हैं, लेकिन अधिकांश परिवार स्थायी रूप से गांव छोड़ चुके हैं। रोजगार के अवसरों और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी ने भी पलायन को तेज कर दिया है।

### 5 किमी पैदल चलकर पहुंचते हैं सड़क तक

गांव तक आज भी सड़क नहीं पहुंची है। ग्रामीणों को करीब 5 किलोमीटर पैदल चलकर मुख्य सड़क तक पहुंचना पड़ता है। इससे मरीजों, बुजुर्गों और किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि अब सड़क निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन गांव के बुजुर्गों की पीड़ा सड़क पहले आएगी या सांस पहले छूट जाएगी, पता नहीं, इस एक वाक्य में साफ झलकती है।

### चौपट हुई खेती-किसानी

एक समय गाडियूड़ा गांव सब्जी और दुग्ध उत्पादन के लिए जाना जाता था। यहां के किसान आलू, मटर, टमाटर, शिमला मिर्च और गडेरी की खेती कर शेरों की बड़ी मंडी में भेजते थे, जिससे उन्हें अच्छी आय होती थी। लेकिन बीते कुछ वर्षों में जंगली सूअर और बंदरों के बढ़ते आतंक ने खेती को बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि फसलें लगातार नष्ट होने के कारण उन्होंने खेती और पशुपालन से दूरी बना ली है। मौसम की मार ने भी किसानों की कमर तोड़ दी है।

गांवों में सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। हालांकि पलायन रोकने के लिए फिलहाल कोई विशेष योजना नहीं है, लेकिन युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं। **- अंशुल भट्ट**, एसडीएम धारी

# खुर्पाताल क्षेत्र में शराब की दुकान के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन

### नलनी-घटगढ़ से चारखेत के बीच प्रस्तावित शराब की दुकान बंद करने की मांग

**संवाददाता, कालाढूंगी**

**अमृत विचारः** कालाढूंगी-नैनीताल मोटर मार्ग पर नलनी-घटगढ़ से चारखेत के बीच प्रस्तावित शराब की दुकान के खिलाफ न्याय पंचायत खुर्पाताल क्षेत्र में महिलाओं और जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा खोल दिया है। रविवार को मंगोली क्षेत्र में एकत्रित होकर महिलाओं और जनप्रतिनिधियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए दुकान खोलने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। महिलाओं का कहना है कि क्षेत्र में शराब की दुकान खुलने पर नौनिहालों पर भी बुरा असर पड़ेगा। जिससे उनका भविष्य खतरे में है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार शराब की दुकानों के खुलने की खबरों से लोगों में सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। मंगोली, बजून, अधौड़ा, नलनी, जलालगांव और खमारी सहित आसपास के गांवों से पहुंची महिलाओं ने एक स्वर में इस निर्णय का विरोध किया।


कालाढूंगी-नैनीताल मोटर मार्ग के मंगोली बाजार में शराब की दुकान के विरोध में प्रदर्शन करते जनप्रतिनिधि व महिलाएं। ● अमृत विचार

महिलाओं का कहना है कि इसी मार्ग से उनकी बेटियां, महिलाएं और बच्चे स्कूल व बाजार आते-जाते हैं। ऐसे में शराब की दुकान खुलने से उनकी सुरक्षा, सामाजिक वातावरण और बच्चों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने के बजाय प्रशिक्षण संस्थान, महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर, खेल अकादमी, स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति और अस्पतालों में डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 23 मार्च को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर इस प्रस्तावित दुकान का विरोध दर्ज कराया जा चुका है। इसके बावजूद यदि दुकान खोली गई तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट, ग्राम प्रधान प्रेमा मेहरा (अधौड़ा), खुशाल बिष्ट (जलालगांव), गोविंद सिंह (नलनी), क्षेत्र पंचायत सदस्य सूरज अधिकारी, ग्राम प्रधान हंसी नेगी (खुर्पाताल), हेम बहुखंडी (खमारी), सामाजिक कार्यकर्ता भास्कर बहुखंडी, चंदन सिंह कनवाल, जीवन सिंह नेगी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## स्कूल बसों का किराया बढ़ाने का किया विरोध आंदोलन की चेतावनी

**रामनगर :** नारी शक्ति एवं बाल विकास जन जागृति समिति की अध्यक्ष शबाना सैफी ने स्कूल बस किराए में हुई भारी वृद्धि को अलोकतांत्रिक और जनविरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि रामनगर से पीरूमदारा तक 9 किमी का सामान्य किराया जहां 20 रुपये है, वहीं स्कूल बसों का मासिक शुल्क 900 से 2200 रुपये तक वसूला जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है।


शबाना सैफी।

उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी से मध्यम और गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। पहले से ही शिक्षा, किताबों और यूनिफॉर्म का खर्च उठाने वाले अभिभावकों के लिए यह बड़ा संकट बन गया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। शबाना सैफी ने सरकार से बस किराया नियंत्रित करने और स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो समिति अभिभावकों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी।


रामनगर के कंचनपुर छोई में हाथी द्वारा तोड़ी गई घर की दीवार। ● अमृत विचार

# घर में घुसा हाथी, परिवार ने छत पर बचायी जान

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचारः** कंचनपुर छोई क्षेत्र में जंगली हाथी ने बॉक्सिंग के राष्ट्रीय कोच देवेंद्र भट्ट के घर की चारदीवारी तोड़ दी और आंगन में घुस आया। परिवार के लोगों ने छत पर चढ़कर जान बचायी।

घटना रात करीब दो बजे की है, जब परिवार के सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। अचानक दीवार गिरने की तेज आवाज से उनकी नींद खुली। परिवार ने हाथी को भगाने की कोशिश की, लेकिन गुस्साया हाथी सीधे आंगन में घुस आया। हालात बिगड़ते देख परिवार के लोग किसी तरह छत पर चढ़ गए और अपनी जान बचाई। करीब आधे घंटे तक हाथी घर के आंगन में घूमता रहा। बाद में पड़ोसियों के शोर मचाने पर वह मकान के सामने की दीवार तोड़कर हल्द्वानी-नैनीताल मार्ग की ओर चला गया। इसके बाद वह नवीन पांडे के खेत में पहुंचा और वहां गेहूं की फसल को भी रौंद डाला। रविवार को वन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त मकान और दीवार का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने वन विभाग से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग करते हुए बताया कि उन्हें रोज रात जागकर हाथियों से अपनी जान और फसलों की सुरक्षा करनी पड़ रही है। विभाग ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान हेम जोशी, धीरेंद्र नेगी, संजू रावत, हरिहर बिष्ट, उदय भट्ट और राजेंद्र भट्ट ग्रामीण मौजूद रहे।

# कैंप में 832 लोगों की हुई जांच

**संवाददाता, लालकुआं**

**अमृत विचारः** सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल द्वारा नगर के एक पब्लिक स्कूल में आयोजित मल्टी स्पेशलिस्ट निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न जांचों के साथ 832 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क दवाएं भी बांटी गईं।

शिविर का शुभारंभ मिल के सीईओ अजय कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि सेंचुरी प्रबंधन द्वारा आसपास के क्षेत्रों में कई जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी मिल प्रबंधन जनता के सुख-दुख में साथ खड़ा रहेगा। इस अवसर पर हल्द्वानी से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने शिविर में पहुंचे मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया और निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। शिविर में ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, खून की जांच, ईसीजी, नसों में सुन्नपन की जांच, फेफड़ों की जांच सहित कई प्रकार की जांचें निःशुल्क की गईं। शिविर में कुल 832 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। यहां सेंचुरी पेपर मिल के उपाध्यक्ष नरेश चंद्रा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. शिव शंकर पंत, डॉ. पवन दत्ता, डॉ. परवेज अहमद, तुषार पटेल, डॉ. भरत पांडे, पी.एस. धोनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत नरुला, नारायण सिंह बिष्ट, अवंतिका मंदिर समिति अध्यक्ष लक्ष्मण खाती, पूर्व चेयरमैन पवन चौहान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख संध्या डालाकोटी, रविशंकर तिवारी, चौधरी सर्वदमन सिंह, विनोद श्रीवास्तव रहे।


लालकुआं में स्वास्थ्य शिविर में जांच कराते सेंचुरी पेपर मिल के सीईओ अजय कुमार गुप्ता।

## किल्लत के बीच बांटे140 सिलेंडर


**नैनीतालः** शहर में रसोई गैस की किल्लत के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस वितरण के लिए लोगों ने सुबह आठ बजे से ही कतारें लगानी शुरू कर दीं। गैस एजेंसी द्वारा सीमित आपूर्ति के बीच कुल 140 सिलेंडरों का वितरण किया गया। रोटेशन व्यवस्था के तहत इस बार तल्लीताल बस स्टेशन और चार्टन लॉज में गैस बांटी गई। तल्लीताल स्थित रोडवेज केंद्र पर 80 सिलेंडर, जबकि चार्टन लॉज में 60 सिलेंडर वितरित किए गए। गैस एजेंसी की मैनेजर अंकिता पांडे ने बताया कि शनिवार को एजेंसी के पास केवल एक ही वाहन उपलब्ध था, जिसके कारण दो स्थानों पर ही गैस वितरण किया जा सका। आगे भी रोटेशन के आधार पर अन्य क्षेत्रों में गैस आपूर्ति की जाएगी।

# रामनगर में ड्रोन से मचा हड़कंप

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचारः** पिछले दो दिनों से रामनगर के आसमान में मंडराता एक रहस्यमयी ड्रोन आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। खास बात यह है कि यह ड्रोन लगातार रात करीब 10 बजे के आसपास दिखाई दे रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में कई तरह की आशंकाएं पैदा हो गई हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह ड्रोन सामान्य ड्रोन की तुलना में काफी बड़ा दिखाई देता है। इसकी उड़ान की दिशा और दूरी ने इसे और भी संदिग्ध बना दिया है। बताया जा रहा है कि यह ड्रोन काशीपुर की ओर से मैदानी क्षेत्र से उड़ान भरता हुआ रामनगर के लखनपुर क्षेत्र तक पहुंचता है और फिर वापस काशीपुर की ओर लौट जाता है। शुरुआत में लोगों ने इसे किसी शौकिया व्यक्ति या फोटोग्राफी के लिए उड़ाया गया सामान्य ड्रोन समझा, लेकिन जब यह लगातार दो रातों तक एक ही समय पर लंबी दूरी तय करते हुए दिखाई दिया, तो लोगों का संदेह बढ़ गया। इसकी ऊंचाई, गति और रेंज को देखते हुए स्थानीय लोग इसे सामान्य ड्रोन मानने से इनकार कर रहे हैं। कुछ लोगों ने इस ड्रोन की तस्वीरें और वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैद कर ली हैं, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और चर्चा का विषय बनी हुई हैं। एसडीएम रामनगर गोपाल सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि यह ड्रोन प्रशासन द्वारा संचालित नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है और जल्द ही इसकी सच्चाई सामने लाई जाएगी। वहीं, रामनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि फिलहाल इस ड्रोन के संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस रहस्यमयी ड्रोन के बारे में जल्द से जल्द सच्चाई सामने लाई जाए, ताकि आम जनमानस की शंकाएं दूर हो सकें।


रामनगर के आसमान में मंडराता रहस्यमयी ड्रोन। ● अमृत विचार

**वीकेंड** | नैनीताल में रविवार को उमड़ी पर्यटकों की भीड़ देख पर्यटन कारोबारी गदगद

# सैलानियों से बढ़ी रौनक, कैंची धाम में भक्तों का तांता

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** सरोवर नगरी नैनीताल एक बार फिर से पर्यटकों की आमद से गुलजार हो गई है। रविवार वीकेंड के चलते देशभर के कोने-कोने से पर्यटक घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे। जिसके चलते नैनीताल समेत आसपास के पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ देखी जा रही है।

वीकेंड पर नैनीताल पहुंचे सैलानियों से रौनक बनी रही। नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटकों ने शहर के स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, वाटर फॉल, हनुमानगढ़ी व सरिताताल का दीदार किया पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही इन पर्यटक स्थलों में बनी रही। मालरोड में भी चहल कदमी करने वाले सैलानियों की भीड़ रही। नौका विहार करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। शाम के समय सूर्यास्त का आनंद उठाने के लिए हनुमानगढ़ी क्षेत्र में काफी संख्या में सैलानी पहुंचे हुए थे। शहर के साथ साथ पंगोट, मुक्तेश्वर, रामगढ़, भीमताल, सातताल, कैंची धाम व भवाली में भी सैलानियों की भीड़ बढ़ गई है। पर्यटन से जुड़े कारोबारियों की आय में वृद्धि हो रही है। पर्यटकों ने चिड़िया घर, स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, केव गार्डन में जम कर मस्ती की साथ ही पर्यटकों ने नैनीताल के मौसम का भी लुत्फ उठाया वीकेंड होने के चलते पर्यटक अधिक संख्या में नैनीताल पहुंचे। वीकेंड के मौके पर नैनीताल में उमड़ी पर्यटकों की भीड़ के बाद होटल कारोबारी खुश नजर आ रहे हैं।


नैनीताल में वीकेंड के मौके पर पर्यटक स्थलों का दीदार करते पर्यटक। ● अमृत विचार

### कैंची धाम में लग रहा दिन भर भक्तों का ताता

**नैनीताल :** वीकेंड पर विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में रविवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नीब करौरी बाबा के दर्शन के लिए प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे। दिनभर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। मंदिर प्रशासन के अनुसार रविवार को करीब 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने कैंची धाम पहुंचकर बाबा के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। सुबह तड़के से ही भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं, जो दोपहर तक लगातार बनी रहीं। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि और देश की खुशहाली की कामना की। भीड़ अधिक होने के कारण भवाली-अल्मोड़ा नेशनल हाईवे पर कई स्थानों पर जाम की स्थिति भी देखने को मिली। खासकर कैंची धाम मंदिर के आसपास और गरमपानी क्षेत्र में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम के कारण यात्रियों और स्थानीय लोगों को कुछ समय तक परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही और यातायात को सुचारू कराने में जुटी रही। मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए थे। यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई थी।

# जंगलिया होगा प्लास्टिक मुक्त, अभियान हुआ तेज

**संवाददाता, भीमताल**

● **ग्रामीणों ने गांव में चलाया सफाई अभियान, प्लास्टिक किया जमा**

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्रामवासियों ने माल गांव से बूढ़ा धूरा के अंतिम छोर तक करीब दो किलोमीटर लंबे मार्ग के किनारे पड़ी प्लास्टिक को एकत्रित कर सफाई अभियान चलाया।

एकत्रित प्लास्टिक को बोरों में भरकर जिला पंचायत के स्वच्छता वाहन के माध्यम से गांव से बाहर भेजा जाएगा। इस अभियान में ग्रामीणों के साथ छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान राधा कुलियाल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अपील की कि आगामी शादी के सीजन में बारातों और आयोजनों में प्लास्टिक का उपयोग न करें। साथ ही दुकानदारों से भी प्लास्टिक थैलों का प्रयोग बंद करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लगातार प्रयासों से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ रही है और भविष्य में गांव को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त बनाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य डी.एन. त्रिपाठी, किशोरी दत्त शर्मा, मीना कुलियाल, सुरेश चंद्र सिंह, दिनेश भट्ट, सतीश चंद्र भट्ट, चंद्र बल्लभ पलड़िया, प्रेम सिंह कुलियाल सहित प्राथमिक विद्यालय और इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### साहित्यकार मीना अरोड़ा जयपुर में सम्मानित

**हल्द्वानी :** शहर की साहित्यकार मीना अरोड़ा को जयपुर में आयोजित माही संदेश नारी शक्ति सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और सामाजिक योगदान के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से चयनित प्रतिभावान महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें उत्तराखंड से मीना अरोड़ा भी शामिल रहीं। उन्हें साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। मीना अरोड़ा लंबे समय से साहित्य सेवा में सक्रिय हैं और काव्य संग्रह, व्यंग्य, उपन्यास व काव्य नाटक जैसी विधाओं में उनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

### डॉ. अनिल को चन्द्रकुंवर बर्त्वाल पुरस्कार मिलेगा

**हल्द्वानी :** डॉ. अनिल कार्की को उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित चन्द्रकुंवर बर्त्वाल पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है। यह सम्मान 'उत्तराखण्ड साहित्य गौरव सम्मान' के अंतर्गत साहित्य सृजन व योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार में 50 हजार रुपये, सम्मान-चिह्न, प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र शामिल हैं। संस्थान की निदेशक मायावती ढकरियाल ने पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी दी है। अलंकरण समारोह 30 मार्च 2026 को देहरादून स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित होगा। डॉ. कार्की वर्तमान में यूओयू में सहायक प्राध्यापक के रूप में तैनात हैं।

# हल्द्वानी बार चुनाव में गोविंद बिष्ट की हैट्रिक, मोहन बिष्ट बने सचिव

## कई पदों पर नए चेहरे, देर रात जीत के बाद अधिवक्ताओं ने निकाला विजय जुलूस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी बार एसोसिएशन चुनाव में इस बार भी गोविंद सिंह बिष्ट का दबदबा कायम रहा। उन्होंने लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज कर हैट्रिक पूरी की। निवर्तमान अध्यक्ष किशोर पंत को उन्होंने 315 मतों के बड़े अंतर से हराया।

शनिवार को सुबह आठ बजे शुरू हुआ मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें कुल 1324 में से 1082 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद शुरू हुई मतगणना देर रात करीब दो बजे जाकर पूरी हुई, जिसके बाद विजेताओं की घोषणा की गई। नतीजे आते ही जजी परिसर में समर्थकों ने जश्न मनाते हुए जुलूस निकाला।चुनाव परिणामों में उपाध्यक्ष पद पर ललित मेर ने जीत हासिल की, जबकि महिला उपाध्यक्ष पद पर बसंती बिष्ट विजयी रहीं। सचिव पद पर मोहन सिंह बिष्ट ने बाजी मारते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ा। अन्य पदों की बात करें तो संयुक्त सचिव पद पर सुधांशु तिवारी, संयुक्त सचिव (प्रेस) पर वानू कबडाल, कोषाध्यक्ष पद पर गौरव कपूर और लेखाधिकारी पद पर गौरव सिंह बिष्ट ने जीत दर्ज की। पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर लोकेश राज चौधरी निर्वाचित हुए। सामान्य सदस्य पद पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला। राहुल भट्ट, मयंक प्रकाश, राकेश कुकरेती और कैलाश भट्ट को विजयी घोषित किया गया। वहीं महिला सदस्य पद पर सुनीता भट्ट ने जीत हासिल की।



विजयी पदाधिकारियों का स्वागत करते साथी अधिवक्ता। ● अमृत विचार



अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट व समर्थक।

### प्रमुख पदों पर वोटों का आंकड़ा

- अध्यक्ष : गोविंद सिंह बिष्ट (686), किशोर पंत (371)
- उपाध्यक्ष : ललित मेर (570), जितेंद्र सिंह बिष्ट (437)
- महिला उपाध्यक्ष : बसंती बिष्ट (634), निशा आर्या (385)
- सचिव : मोहन सिंह बिष्ट (558), विनीत परिहार (344), सौरभ बिष्ट (48), कुंदन सिंह बिष्ट (108)
- कोषाध्यक्ष : गौरव कपूर (422), हरेंद्र पडियार (394), चंदन सिंह (227)

### री-काउंटिंग में भी नहीं बदला नतीजा

**हल्द्वानी :** सामान्य सदस्य पद पर दीपक और मयंक प्रकाश के बीच बेहद करीबी मुकाबला रहा। दोनों के बीच मात्र दो वोटों का अंतर था। इस पर दीपक ने पुनर्मतगणना की मांग की। रविवार को हुई री-काउंटिंग में भी परिणाम यथावत रहा और मयंक प्रकाश की जीत पर मुहर लग गई।

## डिप्लोमा इंजीनियरों की हड़ताल जारी

**नैनीताल:** उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल रविवार को भी जारी रही। प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर चल रही इस हड़ताल के चलते विभिन्न विभागों में इंजीनियरिंग से जुड़े सभी कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं, जिससे आम जनता को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

महासंघ के मंडल अध्यक्ष एस.एस. डंगवाल ने बताया कि लंबे समय से लंबित 27 सूत्रीय मांगों के समाधान न होने के कारण इंजीनियरों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि कनिष्ठ अभियंताओं की वेतन विसंगति दूर करने, पदोन्नति में ठहराव खत्म कर सेवाकाल में न्यूनतम तीन पदोन्नति सुनिश्चित करने, तथा ई-स्टिमेट और ई-फाइलिंग अनिवार्य किए जाने की स्थिति में सभी इंजीनियरों को लैपटॉप उपलब्ध कराने जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। डंगवाल ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में शासन स्तर पर कई बार वार्ता की गई, लेकिन कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। इसी के चलते प्रदेशभर में अभियंताओं ने अपने-अपने खंडों में धरना-प्रदर्शन और बैठकें शुरू कर दी हैं। दीप चंद्र चौधरी, मनमोहन बिष्ट, गोविंद सिंह जनौटी, तुला राम टम्टा, राजेंद्र गिरी, किशोर कुमार, जीसी जोशी, वंदना, वेद प्रकाश, शालू प्रजापति, मोहन सिंह, नीरज तिवारी, विवेक सिंह रहे।

# ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध



हल्द्वानी में मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन करते टीपी नगर के व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

- नगर निगम के टैक्स नोटिस की खिलाफत की
- मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

**अमृत विचारः** ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों ने नगर निगम की ओर से टैक्स के नोटिस जारी किए जाने के विरोध में रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन अध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल और महामंत्री खीमा नंद शर्मा के नेतृत्व में किया गया।

व्यापारियों का आरोप है कि पूर्ववर्ती सरकार की ओर से नए जुड़े वार्डों में 10 वर्षों तक किसी प्रकार का टैक्स न लेने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन मात्र 7 वर्ष में ही नगर निगम की ओर से टैक्स नोटिस जारी कर व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सरकार और नगर निगम अपने वादे पर अमल नहीं करते हैं और व्यापारियों को राहत नहीं दी जाती है, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान कश्मीरी लाल साहनी, इंद्र कुमार भूटियानी, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्ष पांडे, नगर महामंत्री मनोज जायसवाल, प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना व एनके पंत सहित अनेक व्यापारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।



भाजपा नेता महेश शर्मा के आवास पर मन की बात सुनते प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल व अन्य।

### हिम्मतपुर तल्ला में सुनी पीएम के 'मन की बात'

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का रविवार को हिम्मतपुर तल्ला स्थित भाजपा नेता महेश शर्मा के आवास पर लोगों ने सुना। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री व प्रदेश मन की बात कार्यक्रम के संयोजक तरुण बंसल मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर तरुण बंसल ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक कार्यों की जानकारी घर बैठे मिल जाती है, जिससे लोगों को प्रेरणा मिलती है। भाजपा नेता महेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कश्मीर के युवाओं की खेल उपलब्धियों, रणजी ट्रॉफी जीत और किसानों द्वारा जल संरक्षण व नई तकनीकों से कृषि करने जैसे विषयों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश शर्मा, पूरन सिंह खनी, आनंद दुर्गापाल, चंद्र प्रकाश (पार्षद), धीरज पांडे (पार्षद), सुनील भट्ट सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताते हुए प्रधानमंत्री के विचारों की सराहना की।

## धरने के बाद हरकत में आया जल संस्थान

**हल्द्वानीः** चौफुला और जवाहर ज्योति दमुवाढूंजा क्षेत्र में पानी की नियमित आपूर्ति न होने से नाराज लोगों ने शुक्रवार को जल संस्थान कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया। लोगों की समस्या को देखते हुए जल संस्थान ने अब पानी की लाइनों को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया है।

स्थानीय लोगों का कहना था कि लंबे समय से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित चल रही थी, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बार-बार शिकायत के बावजूद समाधान न होने पर लोगों को प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं जल संस्थान के एई रविन्द्र कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से पानी की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर समस्या सामने आ रही है, वहां टीम को लगाया गया है।

# चारधाम यात्रा की बकाया राशि के भुगतान की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** राजकीय फार्मेसी सेवा संघ (डीपीए) उत्तराखंड कुमाऊं मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने चारधाम यात्रा से जुड़े लंबित देयकों और व्यवस्थागत समस्याओं को लेकर कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत से भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल में मंडलीय टीम के साथ कार्यकारी अध्यक्ष पवन पांडे भी शामिल रहे। संघ की ओर से चारधाम यात्रा के दौरान फार्मेसी अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को आ रही समस्याओं का विस्तृत ब्यौरा कमिश्नर के समक्ष रखा गया। बैठक में मंडलायुक्त ने वर्ष 2024 और 2025 की चारधाम यात्रा ड्यूटी से संबंधित लगभग 20 लाख रुपये के लंबित बिलों का शीघ्र भुगतान कराने का आश्वासन दिया। इसके अलावा यात्रा मार्ग पर तैनात फार्मेसी अधिकारियों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए भोजन और आवास की व्यवस्था को और बेहतर, सुदृढ़ एवं मानकों के अनुरूप बनाने की बात भी कही। संघ ने यह भी मांग उठाई कि चारधाम यात्रा मार्ग पर फार्मेसी अधिकारियों के 63 पद, जो वर्तमान में पूल में रखे गए हैं, उन्हें सक्रिय किया जाए ताकि एक ही कर्मचारी को यात्रा सीजन में बार-बार ड्यूटी न करनी पड़े। इस मुद्दे को मंडलायुक्त ने गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया। मंडलीय सचिव प्रेम शंकर सिंह, दीपक शर्मा, दिगम्बर सिंह रावत, नैनीताल जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बिष्ट रहे।

# नए सत्र से लागू होगा ई-ऑफिस सिस्टम

संवाददाता, हल्द्वानी

- सभी कार्यालय डिजिटल माध्यम से करेंगे पत्राचार
- कार्यों में पारदर्शिता के लिए शिक्षा विभाग की पहल




**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग में कार्यों को पूरा करने में तेजी लाने और पारदर्शिता के लिए आगामी शिक्षण सत्र से जिलेभर में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जा रही है। 1 अप्रैल से सभी खंड शिक्षाधिकारी और उप शिक्षाधिकारी अपने पत्राचार केवल ई-ऑफिस के माध्यम से ही करेंगे। मुख्य शिक्षाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिसमें सभी राजकीय, अशासकीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों को भी अपने पत्र ई-ऑफिस या ई-मेल के जरिए भेजने होंगे।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बहुत आवश्यक स्थिति को छोड़कर हार्ड कॉपी में पत्र भेजने से बचा जाए। साथ ही सभी पत्रों का डिजिटल अभिलेखीकरण करने के लिए भी कहा गया है। उन्होंने कागज की बचत के लिए अनावश्यक प्रिंटिंग से परहेज करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्य शिक्षाधिकारी ने कहा कि डिजिटल इंडिया के तहत यह पहल कार्यों के त्वरित निस्तारण, पारदर्शिता और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होगी।

### क्लास में बेवजह मोबाइल नहीं चला सकेंगे शिक्षक

**हल्द्वानी :** स्कूलों में क्लासेज में पढ़ाने के दौरान शिक्षकों की ओर से अनावश्यक रूप से मोबाइल के इस्तेमाल किए जाने पर अब सख्त विभागीय कार्रवाई होगी। विभिन्न शिकायतों और निरीक्षणों में यह सामने आया है कि कुछ शिक्षक कक्षाओं में अनावश्यक रूप से मोबाइल का उपयोग कर रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। अब सीईओ ने इसे लेकर आदेश जारी किया है। जिसमें राजकीय स्कूलों के साथ ही सहायता प्राप्त अशासकीय और निजी स्कूलों के शिक्षक क्लास में पढ़ाने के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करेंगे। केवल बहुत जरूरी और शैक्षणिक कार्यों के लिए ही मोबाइल का इस्तेमाल कर सकेंगे। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और उप शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में इस आदेश का कड़ाई से पालन कराने के लिए कहा गया है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर मंगल-शनि का योग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** चैत्र मास की पूर्णिमा का पर्व इस वर्ष 1 अप्रैल को सुबह 7:06 बजे से शुरू होकर 2 अप्रैल को सुबह 7:42 बजे तक रहेगा। इस अवसर पर 1 अप्रैल को पूर्णिमा व्रत का पालन किया जाएगा, जबकि 2 अप्रैल को स्नान, दान और हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि इस बार हनुमान जन्मोत्सव पर मंगल ग्रह कुम्भ राशि से मीन राशि में गोचर करेंगे, जहां पहले से ही शनि विराजमान हैं।

मंगल और शनि की यह युति शुभ और दुर्लभ मानी जा रही है। इसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर भी देखा जा सकता है। विशेष रूप से वृष, मिथुन, सिंह और तुला राशि के जातकों के लिए यह समय लाभकारी रहेगा। हनुमान प्रसन्नता के लिए सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। मंदिर या घर के पूजा स्थल में लाल वस्त्र बिछाकर गंगाजल से भगवान हनुमान की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। धूप और घी का दीपक प्रज्वलित करें और नैवेद्य में लड्डू, चूरमा, मीठा पान, हरी इलायची व फल चढ़ाएं। भगवान राम का पूजन या जप करने के बाद कम से कम सात बार हनुमान चालीसा का पाठ करें। दान में लाल वस्त्र, चना, गुड़, चमेली का तेल देने से भगवान हनुमान प्रसन्न होते हैं। इसके अलावा राहगीरों को जल या मीठा शर्बत पिलाने से उत्तम फल की प्राप्ति होती है। पूर्णिमा के दिन चीनी, चावल और दूध का दान करने से चंद्र दोष का निवारण होता है और पीपल के नीचे दीपक जलाने से पितृ प्रसन्न होते हैं।

### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा शुरू

**हल्द्वानी :** भगवानपुर तल्ला स्थित आशुतोष महादेव मंदिर में श्रीराम सोसायटी के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात विधि-विधान के साथ गणेश पूजन एवं कलश स्थापना की गई। कथा के विधिवत प्रारंभ के साथ श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति एवं जीवन-मूल्यों का संदेश दिया गया। कथा श्रवण कर उपस्थित भक्तों ने आध्यात्मिक शांति एवं पुण्यलाभ का अनुभव किया। आयोजन में गोविंद बढ़ती, तेज सिंह रौतेला, नंदन सिंह अधिकारी, मनोज बिष्ट, राजेंद्र सिंह नगरकोटी, चारू पांडे, विजय राठौर, कृपाल सिंह, कैप्टन सोबन सिंह भड़ आदि का योगदान रहा।

## यूओयू में चल रही निशुल्क योग कक्षा

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के योग विभाग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क योग कक्षाएं चलाई जा रही हैं। विवि परिसर में रविवार सुबह 6 से 7 बजे तक आयोजित साप्ताहिक योग सत्र में शिक्षक, शोधार्थी और मानपुर पश्चिम के लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में दक्षिण कोरिया के प्रो. क्वांग सिक चुंग ने योग सत्र में भाग लिया। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने बताया कि इस पहल से आम जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और योग का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। योग कक्षाओं में विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया जा रहा है। निशुल्क योग शिविर 21 जून तक प्रत्येक रविवार आयोजित किया जाएगा। कुलपति ने अधिक से अधिक लोगों से इसमें भाग लेने की अपील की है।

# 'उमंग' वार्षिकोत्सव संपन्न, विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का जीता दिल

- प्रधानाध्यापक ने स्कूल की प्रगति रिपोर्ट की प्रस्तुत
- ग्राम प्रधान पूजा बिष्ट ने किया समारोह का शुभारंभ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र दीना का संयुक्त वार्षिकोत्सव 'उमंग-2026' संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी, प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

प्रधानाध्यापक भुवन गुणवंत ने स्कूल की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, वहीं प्रधानाध्यापिका भावना भंडारी ने नए सत्र में अधिक से अधिक नामांकन के लिए अभिभावकों से अपील की। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान पूजा बिष्ट ने किया।

इस दौरान अतिथियों ने स्कूल की प्रगति और शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक डिकर सिंह पडियार ने किया। इस मौके पर क्षेत्र के कई शिक्षक, अभिभावक और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे।



राप्राावि दीना में आयोजित वार्षिकोत्सव उमंग कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

## पैरा बॉल में पिथौरागढ़ के खिलाड़ियों का परचम

**हल्द्वानीः** गुवाहाटी (असम) में आयोजित द्वितीय पैरा बॉल चैंपियनशिप में उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जनपद के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस प्रतियोगिता में तारा रावत और राजेंद्र सिंह धामी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक हासिल किए। स्थानीय लोगों, खेल प्रेमियों और परिजनों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीणों का कहना है कि इन खिलाड़ियों की मेहनत और लगन से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित होंगे। खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, परिवार और क्षेत्रवासियों को दिया।




शिविर में मौजूद उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. खाली, संयुक्त निदेशक प्रो. उनियाल, प्राचार्य डॉ. बनकोटी।

### शिविर के समापन पर 70 यूनिट रक्तदान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज के एनएसएस विशेष शिविर का समापन प्राथमिक विद्यालय सुभाष नगर में रक्तदान शिविर के साथ हुआ, जिसमें कुल 70 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। कार्यक्रम में पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. बीसी मेलकानी, निदेशक प्रो. वीएन खाली, संयुक्त निदेशक प्रो. एएस उनियाल, एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी और जिला समन्वयक डॉ. जगमोहन सिंह नेगी उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. उनियाल ने रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में एनएसएस के उद्देश्य, स्वच्छता और अनुशासन पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंस, सौम्या, पायल और मणिशंकर ने किया।

हल्द्वानी की खबरें पेज 9 पर भी देखें

## खेल-खिलाड़ी

**इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, गौलापार में टूर्नामेंट आयोजित, 10 ओवर में 132 रन ही बना सकी केसीसी वॉरियर्स की टीम**

# क्रिकेट टूर्नामेंट में नैनीताल एडवोकेट एकादश की शानदार जीत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, गौलापार में आयोजित स्थानीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में नैनीताल एडवोकेट एकादश ने केसीसी वॉरियर्स को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच बेहद रोमांचक रहा और दर्शकों ने अंत तक खेल का आनंद लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नैनीताल एडवोकेट एकादश ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए। टीम की ओर से विनय भट्ट ने शानदार 69 और सचिन ने 54 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। केसीसी वॉरियर्स की ओर से नरेंद्र मंडल, जगदीश सिंह और हाशिम ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केसीसी वॉरियर्स टीम 10 ओवर में 132 रन ही बना सकी, जिससे नैनीताल एडवोकेट एकादश ने 67 रन से जीत दर्ज की। टीम के मनीष कुमार ने 33 और दीपक पांडे ने 21 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में नीरज ने 4 और प्रदीप ने 2 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस शानदार प्रदर्शन के लिए रियुष तिवारी को मैन ऑफ द मैच और ईशु शाह को मैन ऑफ द मैच (दूसरा पुरस्कार) से सम्मानित किया गया। मैच में कमेंट्री लकी चुफाल ने की, जबकि दीपक और भूपेश शाह अंपायर के रूप में मौजूद रहे। स्कोरिंग की जिम्मेदारी राहुल ने संभाली। मैच का शुभारंभ व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रशिका सिद्दीकी उपस्थित रहीं। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में समिति के सदस्य निशांत मेहता, मनोज बोरा और सैय्यद रियान का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में मैच का शुभारंभ करतीं खेल उपनिदेशक कुमाऊं रशिका सिद्दीकी। ● अमृत विचार

### पैरा खिलाड़ी भुवन गुणवंत ने राष्ट्रीय पैरा लॉन बॉल चैंपियनशिप में जीते पदक

**हल्द्वानी :** नैनीताल जनपद के हल्दुचौड़ निवासी दिव्यांग राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी भुवन चंद्र गुणवंत ने गुवाहाटी (असम) में आयोजित द्वितीय पैरा लॉन बॉल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है। भुवन गुणवंत ने ट्रिपल स्पर्धा में रजत पदक तथा डबल्स स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। वे इससे पूर्व भी कई राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर चुके हैं और अनेक पदक जीत चुके हैं। भुवन एक कुशल पैरा तैराक होने के साथ व्हीलचेयर बैडमिंटन व गोला फेंक के भी अच्छे खिलाड़ी हैं। उनकी सफलता पर परिजनों, क्षेत्रवासियों व खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी भुवन गुणवंत।

# शंकर सिंह पटवाल अध्यक्ष, पूनम सचिव निर्वाचित

## मेट्रोपोलिस रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के चुनाव में पटवाल गुट हावी, शाही गुट का सूपड़ा साफ, कोषाध्यक्ष सहित चार सदस्य पदों पर भी कब्जा

संवाददाता, रुद्रपुर


अध्यक्ष, शंकर सिंह पटवाल।


उपाध्यक्ष, पीयूष भाटिया।


सचिव, पूनम वर्मा।


कोषाध्यक्ष, जितेंद्र सिंह।

**अमृत विचार :** पिछले दस सालों से मेट्रोपोलिस रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी पर राज करने वाले अध्यक्ष देवेंद्र शाही गुट का सूपड़ा साफ करते हुए शंकर सिंह पटवाल की टीम ने ऐतिहासिक मतों से विजयी श्री प्राप्त की। जिसके बाद शंकर सिंह पटवाल अध्यक्ष बने, जबकि सचिव पूनम वर्मा और कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह उर्फ जीवन बने। यही नहीं चार मुख्य पदों के अलावा चार सदस्य भी पटवाल गुट के ही जीते। हैरान करने वाले परिणाम आने के बाद यह कहना गलत नहीं होगा कि मेट्रोपोलिस सोसाइटी के मतदाताओं ने परिवर्तन का मन बना लिया था।

रविवार की सुबह सात बजे से एसडीएम गदरपुर ऋचा सिंह, तहसीलदार दिनेश कुटोला ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी की भूमिका निभाते हुए मतदान प्रक्रिया प्रारंभ कराई। वहीं सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र बिष्ट भारी पुलिस फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालते हुए दिखाई दिए। सोसाइटी में 689 मतदाताओं की संख्या है। दोपहर तीन बजे तक 467 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और साढ़े तीन बजे वीडियोग्राफी के साथ मतगणना प्रारंभ हुई। शाम साढ़े पांच बजे हैरान करने वाले परिणाम सामने आया। परिणाम इस प्रकार थे कि अध्यक्ष पद के दावेदार शंकर सिंह पटवाल को 286 मत, देवेंद्र शाही को 179 मत मिले। अध्यक्ष पर पटवाल ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इसके अलावा उपाध्यक्ष पर पीयूष भाटिया को 301 मत, विक्रांत फुटेला को 162 मत, सचिव पर पूनम वर्मा को 294 मत, जब कि सीएम राजीव भटनागर को 171 मत ही प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पर जितेंद्र सिंह उर्फ जीवन को 301 मत, जबकि अधिवक्ता प्रवीण कोठारी को 165 मत ही मिले। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य पर भी पटवाल गुट के सज्जन सिंह, शशि श्रीवास्तव, पंकज तिवारी और नीशु ने विजयी श्री प्राप्त की। हैरानी वाली बात यह है कि मुख्य चार पद के अलावा चार कार्यकारिणी सदस्य में भी शंकर सिंह पटवाल की टीम ऐतिहासिक मतों से विजयी हुई, जबकि शाही गुट के दावेदारों को भारी मतों से पराजय का सामना करना पड़ा।


मतदान करने के लिए कतार में लगे सोसाइटी के लोग। ● अमृत विचार

### डेढ़ साल का बचा हुआ था कार्यकाल

**रुद्रपुर :** मेट्रोपोलिस रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी कार्यकारिणी का कार्यकाल पांच वर्ष का होता है। ऐसा सोसाइटी के नियम में निर्धारित है, लेकिन जैसे ही अध्यक्ष रहे देवेंद्र शाही का कार्यकाल साढ़े तीन साल का हुआ। वैसे ही दूसरे गुट शंकर सिंह पटवाल ने मोर्चा खोल दिया और न्यायालय की शरण ली। आरोप था कि सोसाइटी में भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और गुंडागर्दी का माहौल है। साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने प्रशासन की देखरेख में चुनाव कराने का आदेश दिया और चुनाव की तिथि घोषित की गई, जबकि देवेंद्र शाही का डेढ़ साल का कार्य अभी शेष था।

### गुटबाजी के बाद बनी संघर्ष समिति

**रुद्रपुर :** जिस प्रकार पिछले डेढ़ साल पहले ही शंकर सिंह पटवाल ने अपनी टीम के साथ मिलकर मेट्रोपोलिस संघर्ष समिति का गठन कर मोर्चा खोलने को बिगुल फूंका। वैसे ही सोसाइटी में गुटबाजी खुलकर सामने आने लगी। एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के तीर छोड़ने के बाद पटवाल गुट ने सोसाइटी के मतदाताओं को संगठित करना शुरू कर दिया, जबकि चर्चा यह भी है कि पिछले दो बार लगातार अध्यक्ष पद चुनाव लड़ने के बाद देवेंद्र शाही के गुट में एक दो सोसाइटी के नेता ऐसे जुड़ गए कि उनके व्यवहार व आचरण की वजह से शाही को पराजय का सामना करना पड़ा और परिणाम घोषित होते ही वाशिंदों में काफी उत्साह भी देखने को मिला। हार का मुख्य कारण नेताओं को दुर्व्यवहार माना जा रहा है।

### बोले शाही: मतदाता का निर्णय है सर्वोपरि

**रुद्रपुर :** सोसाइटी चुनाव में पराजित हुए अध्यक्ष पद के दावेदार देवेंद्र शाही का कहना था कि हर चुनाव में हार और जीत सिक्के के दो पहलू है। सोसाइटी के मतदाताओं ने दो बार मौका दिया और अब मतदाता का निर्णय ही सर्वोपरि है, जबकि उनकी टीम ने सोसाइटी के विकास के कई आयाम लिखे। बावजूद इसके सत्ता का साथ और भ्रामक प्रचार के कारण चुनाव में हार हुई। बावजूद इसके उनकी टीम एक बार फिर जनता के बीच जाकर विश्वास कायम किया जाएंगा।

**देवेंद्र शाही,** पराजित अध्यक्ष प्रत्याशी।

## सिटी ब्रीफ

### मामूली विवाद में युवक पर धारदार हथियार से हमला

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के जगतपुरा में मामूली विवाद के बाद एक युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जगतपुरा निवासी शिवम यादव ने बताया कि 26 मार्च की रात मंदिर प्रांगण में कीर्तन के दौरान डब्लू, शोभूज और जग्गी नामक युवकों ने उनके मौसेरे भाई सचिन यादव के साथ अभद्रता की। विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### कोर्ट के आदेश पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर :** रम्पुरा वार्ड-24 में युवक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित राहुल ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 17 सितंबर 2025 की रात विवाद शांत कराने के दौरान आरोपियों ने उस पर तलवार और तमंचे की बट से हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरोप है कि पुलिस और एसएसपी को शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि अब आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मेट्रोपोलिस कॉलोनी में चुनावी हंगामे के बीच पुलिस की दबिश

**रुद्रपुर:** मेट्रोपोलिस रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के चुनाव से ठीक एक रात पहले कॉलोनी में उस वक्त भारी हंगामा हो गया, जब वर्तमान पदाधिकारियों पर फर्जी तरीके से ''नो ड्यूज'' रसीदें कटवाकर मतदाता बनवाने का आरोप लगा। सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एक कंप्यूटर ऑपरेटर को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार, रविवार को तहसीलदार की मौजूदगी में सोसाइटी कार्यकारिणी का मतदान होना तय था। शनिवार रात करीब पौने दस बजे चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने हाउसिंग क्लब कार्यालय में लाइट जलती देखी। वहां एक ऑपरेटर उन मतदाताओं के बिजली बिल की ''नो ड्यूज'' रसीदें निकाल रहा था, जो बकाया होने के कारण वोट डालने के पात्र नहीं थे। देखते ही देखते स्थानीय निवासियों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों पर फर्जी मतदाता बनाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी सुरेंद्र बिष्ट ने आक्रोशित लोगों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन माहौल बिगड़ता देख पुलिस ने ऑपरेटर को हिरासत में ले लिया।

# 'अहिंसा परमो धर्म' इसी मार्ग पर चलें

संवाददाता, रुद्रपुर


भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर भव्य रथयात्रा में धार्मिक नृत्य करतीं समाज की महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री 1008 आदिश्वर दिगंबर जैन समिति द्वारा 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर भव्य रथयात्रा निकाली गई। रविवार को आदर्श कॉलोनी स्थित जैन मंदिर से शुरू हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में जैन समुदाय ने शिरकत की और भगवान महावीर के बताए ''अहिंसा परमो धर्म'' के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

रथयात्रा का शुभारंभ 31वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक देवेंद्र पींचा ने दीप प्रज्ज्वलित कर और हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने भगवान महावीर की पूजा-अर्चना कर समाज को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी जी ने हमेशा मानवता और अहिंसा का पाठ पढ़ाया है। उनके संदेश आज भी समाज को आत्मनिर्भर और करुणापूर्ण बनाने के लिए प्रासंगिक हैं।

यह यात्रा बालाजी मंदिर, अग्रसेन चौक, गांधी पार्क, मुख्य बाजार और भगत सिंह चौक से होते हुए वापस जैन मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इस मौके पर व्यवस्थापक पुष्कर राज जैन, श्याम सुंदर जैन, पीयूष जैन, संचय जैन, आलोक जैन, अमित जैन, संजीव जैन, अशोक जैन, ऊषा जैन, ज्योत्सना जैन, अनुराधा जैन, स्वाति जैन, रेनु जैन, ऋचा जैन आदि मौजूद रहे।

### हैरो की चपेट में आए घायल सात वर्षीय बच्चे ने दम तोड़ा

**खटीमा:** बीते दिवस हैरो की चपेट में आकर घायल सात वर्षीय बालक ने रात्रि में हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। शनिवार को खेत की जुताई करते समय ट्रैक्टर की हैरो की चपेट में आकर नई बस्ती कंजाबाग इस्लामनगर निवासी नरेंद्र सिंह का सात वर्षीय पुत्र विहान गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रिफर कर दिया था। जिसने रात्रि में हायर सेंटर जाते हुए रास्ते में दम तोड़ दिया। जिसे परिजन वापस ले आए। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक दो भाइयों में छोटा था।

# स्वयंसेवियों ने निकाली जागरूकता रैली

संवाददाता, किच्छा



किच्छा महाविद्यालय में शांभवी तिवारी को सम्मानित करते प्राचार्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवियों द्वारा उत्साह, अनुशासन एवं समर्पण के साथ विभिन्न बौद्धिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाई गई। शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों ने ग्राम खुरपिया एवं महाविद्यालय के निकटवर्ती क्षेत्रों में साक्षरता, स्वच्छता, लैंगिक जागरूकता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम के दौरान संघ लोक सेवा आयोग में 46वीं रैंक प्राप्त करने वाली मेधावी बेटी शांभवी तिवारी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्राचार्य डॉ राजीव रत्न ने शांभवी तिवारी को बुकें भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान एनएसएस से जुड़े बच्चों द्वारा विभिन्न बिंदुओं को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव रतन, प्रकाश भट्ट, नरेश कुमार, रोहित चौहान, शांभवी तिवारी, त्रिलोचन पाठक आदि ने विचार व्यक्त किए। शिविर के सफल संचालन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ विजय आनंद, मनीषा पांडे, उमराव सिंह, हर्षिता तिवारी, प्रकाश सिंह सहित महाविद्यालय कर्मी लवली पांडे, उपेंद्र कुमार सहित इमरान, अमन, तारिफ, शाहनूर, सबा, मुस्कान, बुशरा, रुचि, नेहा, पिंकी, प्रीति, शाहरुख आदि का विशेष योगदान रहा।


खटीमा में पूर्व सैनिक संगठन की बैठक में उपस्थित पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

### पूर्व सैनिक संगठन की बैठक में 9 अप्रैल के कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तय की

**खटीमा :** पूर्व सैनिक संगठन की त्रैमासिक बैठक/ सैनिक सम्मेलन का आयोजन संगठन अध्यक्ष कै. गंभीर सिंह धामी जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम विगत माह में उन पूर्व सैनिकों के लिए दो मिनट का मौन रखा गया जिनका निधन हुआ है। बैठक में नौ अप्रैल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पिता स्व सु. शेर सिंह धामी की छठवीं पुण्यतिथि पर खेतलसंडा खाम में नव निर्मित सीएसडी कैंटीन और सैनिक मिलन केंद्र का उद्घाटन होना होगा। जिसके भव्य रूप से आयोजित करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई और अतिथियों के आमंत्रण पर चढ़ा हुई। मंच का संचालन धन सिंह सामंत और राजेंद्र अधिकारी ने किया। इस अवसर पर दीवानी चंद, ठाकुर सिंह खाती, दान सिंह बोरा, नेत्र सिंह, धन सिंह बोरा, भूपेंद्र खोलिया, दान सिंह धामी, फकीर सिंह, रूप सिंह, मनोहर ज्याला, इंद्रजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड पी०एम०जी०एस०वाई०, चम्पावत**

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, IRRIGATION.DIVISION, PMGSY, CHAMPAWAT

Phone - fax 05965-230148 E-Mail; eepmgsychampawat@gmail.com

पत्रांक 361/10/पी०एम०जी०एस०वाई० दिनांक 24/03/2026

**अल्पकालीन कोटेशन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिं०ख०, पी० एम० जी० एस० वाई०, चम्पावत द्वारा विभागीय कार्यों एवं खण्ड के अन्तर्गत पड़ने वाले मार्गों पर निरीक्षण / भ्रमण हेतु टैक्सी वाहन किराये पर रखने हेतु निम्नलिखित विवरण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र०सं० | वाहन का प्रकार | मेक एवं मॉडल | ईंधन की खपत ईंधन की खपत (कि०मी० प्रति लीटर) | मासिक दर चालक रहित एवं पूर्ण रख-रखाव सहित |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बोलेरो | 2022 एवं उच्चतर | 10.00 कि०मी० प्रति लीटर | 21900.00 |

निविदा शीलबन्द लिफाफे में दिनांक 31.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा पेटी में डाले जाएंगे जो उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष खोले जाएंगे। कोटेशन के साथ रू0 5000.00 की धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर से एफ० डी० आर० /एन० एस० सी० के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता, सिं०ख०, पी० एम० जी०एस०वाई०, चम्पावत के नाम बन्धक हो, अनिवार्य रूप से जमा की जानी होगी। सशर्त कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

उक्त से सम्बन्धित शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, पी०एम०जी०एस०वाई०
चम्पावत


# राहुल और आंचल बने चैंपियन

● महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन

संवाददाता, खटीमा



वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता की चैंपियन को सम्मानित करते प्रबंधक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग में राहुल जोशी और आंचल ऑलओवर चैम्पियन बने।

कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार पांडे ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. सरिता कालाकोटी और क्रीड़ा समिति की देखरेख में वार्षिक प्रतियोगिता मशाल जलाकर शुरू की गई। सौ मीटर फर्राटा और 200 मीटर रेस अर्जुन सिंह और आंचल ने जीती। लम्बी कूद मनदीप सिंह और आंचल, ऊंची कूद राहुल जोशी और आंचल, त्रिकूद में गौरव सिंह और अंकिता ओली, चक्का फेंक में राहुल जोशी और ईशा दानू, गोला फेंक में राहुल जोशी और हेमर थ्रो में निखिल जोशी और ईशा दानू, भाला फेंक में सचिन जोशी और गंगा ने प्रथम स्थान आयोजित किया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य पांडे ने पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता में चैम्पियन बने राहुल और आंचल को प्राचार्य डॉ. पांडेय ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान आशुतोष कुमार, डॉ. सुरेंद्र विक्रम सिंह पडियार, डॉ. प्रवीण पांडेय, डॉ. पिंकी भट्ट आदि मौजूद रहे।


किच्छा तहसील में लोक अदालत के दौरान उपस्थित अधिकारी एवं अन्य।

### लोक अदालत में हुआ 152 लंबित वादों का निस्तारण

**किच्छा :** राजस्व परिषद उत्तराखंड एवं जिलाधिकारी उधम सिंह नगर के निर्देशों के क्रम में तहसील परिसर में राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर न्यायालय तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश भू राजस्व अधिनियम 1901 की धारा 34 के अंतर्गत लंबित 152 राजस्व वादों का प्रभावी रूप से निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी/ तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने इस दौरान मामलों का त्वरित पारदर्शी और न्याय संगत समाधान सुनिश्चित करते हुए संबंधित पक्षकारों को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराया। जिससे आमजन को लंबित राजस्व मामलों से राहत मिली। लोक अदालत के आयोजन से न केवल लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण संभव हो रहा है, बल्कि आमजन को न्याय प्रक्रिया में सरलता और पारदर्शिता का भी लाभ मिल रहा है। लोक अदालत में रजिस्टर कानूनगो मुकेश कुमार रावत सहित अधिवक्ता शामिल रहे।

खुशी | करीब 5 करोड़ की लागत से आधुनिक कम्युनिटी हॉल के निर्माण को मंजूरी मिली

# विकास योजनाओं की स्वीकृति पर बेहड़ का स्वागत

संवाददाता, किच्छा


किच्छा में विधायक तिलकराज बेहड़ को सम्मानित करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** किच्छा विधानसभा क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं को वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों ने विधायक तिलक राज बेहड़ का जोरदार स्वागत किया। आवास विकास स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों ग्रामीणों ने विधायक को फूल-मालाओं से लादकर उनका आभार जताया।

विधायक बेहड़ ने बताया कि करीब 5 करोड़ की लागत से आधुनिक कम्युनिटी हॉल के निर्माण को मंजूरी मिल गई है, जिससे सामाजिक कार्यक्रमों के लिए जनता को बड़ी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, 22.27 करोड़ की लागत से अटरिया सिडकुल-नगला मार्ग और 19.40 करोड़ से शिमला कुरैया मार्ग का निर्माण होगा। साथ ही गंगापुर, नजीबाबाद, आजाद नगर और सिरौली कला जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के डामरीकरण व पुनर्निर्माण कार्य जल्द शुरू होंगे।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हाजी सरवर यार खान, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, सुनीता कश्यप, दर्शन कोली, ओमप्रकाश दुआ, एनयू खान, मक्खन सिंह आदि मौजूद रहे।

### थारू समाज की एकता और अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**खटीमा :** राणा थारू समाज की एकता और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के तहत विराट राणा थारू एकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में थारू समाज के लोगों ने प्रतिभाग किया। थारू विकास भवन के सभागार में आयोजित सम्मेलन का शुभारंभ विधायक भुवन कापड़ी, गोपाल सिंह राणा, कार्यक्रम संरक्षक राम भरोसे सिंह राणा, अध्यक्ष दान सिंह राणा ने महाराणा प्रताप के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधायक गोपाल सिंह राणा ने कहा कि थारू समाज की आज आपसी एकता और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभी भी समाज के लोग पूरी तरह से जागरूक नहीं हुए हैं। उप नेता प्रतिपक्ष और विधायक कापड़ी ने महाराणा प्रताप के वंशज थारू समाज की एकता और जागरूकता को लेकर आयोजित इस सम्मेलन के आयोजकों की सराहना की।

ब्रीफ न्यूज

### पिता-पुत्र पर मारपीट और अभद्रता का आरोप

**बाजपुर :** ग्राम लखनपुर में पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच उपजा विवाद मारपीट और अभद्रता तक पहुंच गया। पीड़ित पक्ष ने गांव के ही एक पिता-पुत्र पर मारपीट, गाली-गलौज और घर में मौजूद महिला से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कोतवाली में नामजद तहरीर दी है। लखनपुर निवासी सूरज ने पुलिस को बताया कि उसने करीब 7-8 वर्ष पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति से पांच हजार रुपये उधार लिए थे, जिसे वह ब्याज सहित लौटा चुका है। आरोप है कि इसके बावजूद आरोपी पुरानी उधारी का हवाला देकर अक्सर विवाद करता रहता है। 28 मार्च की शाम करीब 6:30 बजे आरोपी और उसके पुत्र ने सूरज के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित का गंभीर आरोप है कि आरोपी के पुत्र ने उसकी पत्नी का हाथ पकड़कर उसे जबरन घर के भीतर खींचने का प्रयास किया। शोर मचने पर ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

## मार्केट इलेवन, सुरेंद्र नगर, टैगोरनगर जीते

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** हेमवती नंदन बहुगुणा क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत रविवार को तीन प्री लीग मुकाबले खेले गए। पहले मैच में सुरेंद्रनगर ने फेज टू क्रिकेट क्लब, दूसरे मैच में मार्केट इलेवन ने शक्तिफार्म लायंस और तीसरे मैच में टैगोरनगर बी ने टैगोरनगर ए को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर के मैदान में खेले गए पहले मैच में बल्लेबाजी करते हुए सुरेंद्रनगर ने निर्धारित दस ओवरों में सात विकेट खोकर 123 रन बनाए। अभिजीत मंडल ने 25 रनों का स्कोर किया। जबाब में फेज टू क्रिकेट क्लब 108 रन ही बना सकी। अभिजीत और उदय ने दो दो विकेट चटकाए। अभिजीत को प्लेयर आफ दी मैच चुना गया। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मार्केट इलेवन ने दीपांशु रावत के 26 रनों की मदद से 95 रन बनाए। जबाब में शक्तिफार्म लायंस 49 रन पर ढेर हो गई। प्लेयर आफ दी मैच धीरज राय ने तीन विकेट चटकाए। तीसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टैगोरनगर ए ने चार विकेट खोकर 100 रन बनाए। उज्जवल ने 56 रनों का योगदान किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए टैगोरनगर बी ने दो विकेट खोकर जीत हासिल की। नाबाद 51 रनों की पारी खेलने वाले मानव गाईन को प्लेयर आफ दी मैच की ट्रॉफी दी गई। मैच में राकेश बिष्ट, कविंदर दिगारी, मनोज सरकार और हरेंद्र मंडल अंपायर, विक्रम सिंह स्कोरर और प्रशांत मजूमदार कमेंट्रेटर रहे। इस मौके पर संजय बाछड़, सुकुमार बैद्य आदि मौजूद रहे।

### राम कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यमः कपिल देव महाराज

## शांतिपुरी में राम कथा से पहले कलश यात्रा निकाली

संवाददाता, शांतिपुरी



शांतिपुरी में राम कथा के आयोजन पर कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शांतिपुरी नंबर 4 श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में आयोजित 10 दिवसीय श्री राम कथा के शुभारंभ पर रविवार को निकली भव्य कलश यात्रा में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

कथावाचक बाल व्यास कपिल देव महाराज के सानिध्य में निकली इस यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ती रहीं। यात्रा विभिन्न मंदिरों और शांतिपुरी नंबर 4, जयग्राम, सत्यपुर, पोस्ट ऑफिस, शांतिपुरी नंबर 2, प्रेमनगर, भरतपुर, ढाकानी, शांतिपुरी नंबर 3 से गुजरते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा। कथा के प्रथम दिवस पर कपिल देव महाराज ने श्रीराम कथा का महत्व बताते हुए कहा कि राम कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बचुली देवी, भाष्कर कोरंगा, पुष्कर सिंह कोरंगा, हरीश पांडे, उमराव सिंह, ललित बिष्ट, हेमचंद्र सूंठा, विमला कोरंगा, सिमरन कोरंगा, नीरू कोरंगा, अंजू कोरंगा, किरन कोरंगा, तारा बिष्ट, विमला जोशी, गीता कोरंगा, विद्या नेगी, मीरा नेगी, हंसा दानू, निर्मला कोरंगा, पुष्पा नेगी, हरी प्रिया जोशी, भगवती जोशी, नीमा जोशी, रेखा कोरंगा, कमला नेगी, इंद्रा कोरंगा, पार्वती खोलिया, हेमा मेहरा, कमला बसेड़ा, शांति देवी, द्रौपदी देवी, दीपा देवी, हेमा उपाध्याय, देवकी गड़ियां, आनंदी देवी, मीना देवी, भावना कोरंगा, पुष्पा देवी, कुसुम बिष्ट, पार्वती कोरंगा, लक्ष्मी देवी, पुष्पा पांडे, माया जोशी, गीता रावत, उमा पांडे, प्रेमा दानू, भगवती देवी, रेखा देवी, रेखा चंदोला, संतोषी देवी, लीला कोरंगा, किरन जोशी दुर्गा सिंह कोरंगा, मोहन सिंह कोरंगा, मानसिंह कोरंगा, सचिन, पुष्कर कोरंगा, दीप सिंह कोरंगा आदि उपस्थित रहे।

# रुद्रपुर में ठुकराल ने किया शक्ति प्रदर्शन

### रामपुर बॉर्डर पर पहुंचते ही समर्थकों ने किया भव्य स्वागत, कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में भी दिखा उत्साह

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** साढ़े चार साल के लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस की ज्वाइनिंग करने के बाद जैसे ही ठुकराल धार्मिक स्थलों के दर्शन के बाद वापस रुद्रपुर बार्डर पर आए वैसे ही आतिशबाजी के साथ ही समर्थकों और कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं ने विधायक ठुकराल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। फिर शहर के मुख्य मार्गों से ठुकराल ने शक्ति प्रदर्शन करने के बाद रोड शो भी किया। ठुकराल का कहना था कि जिस भाजपा ने उन्हें धोखा देकर इस्तेमाल किया था। अब वह स्थानीय प्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार की पोल खोलेंगे और भ्रष्टाचार पर प्रहार करना ही उनका मकसद होगा। चाहे परिणाम अब कुछ और हो।



रुद्रपुर में रोड शो के दौरान राजकुमार ठुकराल का स्वागत करते कार्यकर्ता।

बताते चले कि भाजपा से दो बार के विधायक बनने के बाद वर्ष 2022 में भाजपा से टिकट कटा और राजकुमार ठुकराल ने स्वतंत्र होकर विधायक का चुनाव लड़ा, लेकिन 27 हजार बेहतर वोट पाने के बाद भी भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा ने ठुकराल को पराजित किया। पिछले साढ़े चार साल से लगातार ठुकराल राजनीतिक जमीन तलाशते रहे और आखिरकार दिल्ली अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जाकर कांग्रेस की सदस्यता ली। उसके बाद ठुकराल सीधे राजस्थान सालासर मंदिर, बालाजी मंदिर के साथ ही खाटू श्याम बाबा के दर्शन कर रविवार की शाम साढ़े पांच बजे रामपुर-रुद्रपुर बॉर्डर पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ता भी ठुकराल के स्वागत को उमड़ पड़े और आतिशबाजी कर फूल मालाओं से स्वागत किया। जिसके बाद ठुकराल ने गाड़ियों के काफिले के साथ रुद्रपुर के मुख्य मार्गों से रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन किया। ठुकराल के शक्ति प्रदर्शन के पीछे कई मायने सत्ताधारी नेता निकालने लगे और फिर सोशल मीडिया पर जुबानी जंग भी शुरू हुई। इस जंग में भी ठुकराल समर्थक भारी पड़ते हुए दिखाई दिए। राजकुमार ठुकराल ने इस दौरान भाजपा पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का परचम लहराएगा। भाजपा की कथनी व करनी में फर्क है। उन्होंने उन पर विश्वास जताने के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने उम्मीदों पर खरा उतरने का वादा किया।

### बोले ठुकराल: भाजपा ने मुझे दिया धोखा

**रुद्रपुर :** रोड शो के दौरान कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि दो बार विधायक रहते। उनके द्वारा रुद्रपुर में भाजपा को मजबूत किया, लेकिन 2022 में झूठे तथ्यों के आधार पर भाजपा ने टिकट दिया। निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री के कहने पर मेयर का पर्चा वापस लिया और हर मोर्चे पर भाजपा का साथ दिया, लेकिन साढ़े चार साल भाजपा नेताओं ने उन्हें नहीं पूछा। आखिर उनका क्या कसूर था कि भाजपा ने उन्हें धोखा दिया, लेकिन अब वह कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता है और पार्टी के एजेंडे पर ही काम करेंगे, लेकिन रुद्रपुर में सत्ताधारी नेताओं के भ्रष्टाचार को बेनकाब कर जनता के सामने रखा जाएगा। यही उनका मकसद होगा।

### भाजपा के झंडे के स्थान पर कांग्रेस का झंडा

**रुद्रपुर :** वर्ष 2011 में चुनाव लड़ने के बाद विधायक बने ठुकराल व उनके समर्थकों ने हमेशा भाजपा का झंडा पकड़कर रैलियां की, लेकिन कांग्रेस में शामिल होने के बाद बड़ी संख्या में समर्थकों ने कांग्रेस का झंडा पकड़कर पार्टी के उद्घोष लगाते हुए दिखाई दे रहे थे। जो कार्यकर्ता साढ़े चार ठुकराल के एकांत वास के दौरान कभी विधायक, तो कभी मेयर के साथ दिख रहे है। उसी ठुकराल रोड शो में वह कार्यकर्ता कांग्रेस का झंडा थामे नजर आ रहे है। राजनेता के अलावा कार्यकर्ताओं का यह किरदार चर्चा का विषय बनी हुई है।

## सिटी कॉन्वेंट में मेगा स्कॉलरशिप टेस्ट हुआ

**खटीमा:** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में रविवार को मेगा स्कॉलरशिप टेस्ट का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में विद्यालय का एक सराहनीय प्रयास रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्राचार्य शुभ्रा सक्सेना और एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। स्कॉलरशिप टेस्ट में खटीमा, टनकपुर, बनबसा, चकरपुर, नानकमत्ता सहित आसपास के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 475 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। पहली से 11वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दी। अभिभावकों के लिए समानांतर रूप से एक विशेष कार्यशाला भी आयोजित की गई जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। प्राचार्य सक्सेना ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों के मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

## गायन प्रतियोगिता में नायरा, सांची रहीं प्रथम



तारा बाल संस्था में आयोजित प्रतियोगिता की विजेता को पुरस्कृत करते आयोजक।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** हरिकृष्ण देवसरे बाल साहित्य पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार, बाल साहित्य की धरती के संपादक रावेंद्र कुमार रवि के संयोजन में संस्था में बच्चों के लिए ''मेरे मन का बालगीत'' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थाध्यक्ष विमलेश कुमार की माता तारा देवी द्वारा सरस्वती-पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों से दूर होती पढ़ने की ललक को वापस लाना और उनकी अभिव्यक्ति तथा कंठस्थ करने की क्षमता में वृद्धि करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र की जानी-मानी बाल साहित्यकार नूरे निशा द्वारा बालगीत गायन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें नोजगे पब्लिक स्कूल की नर्सरी की छात्रा नायरा और डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी की कक्षा 4 की छात्रा सांची सिंह ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खटीमा की पिंकी और राजकीय प्राथमिक विद्यालय, चारुबेटा की छात्रा सानिया ने तृतीय प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित इस पत्रिका के प्रकाशक संजय कुमार अग्रवाल ने भी अपना बालगीत सुनाकर वाहवाही लूटी। इनके अतिरिक्त क्षेत्र की मशहूर व्लॉगर शांति देवी और संस्था की शिक्षिका निकिता जोशी ने भी बाल गीत सुनाए। निर्णायक महेंद्र प्रताप पांडे, कैलाश चंद्र पांडे और कोलकाता से पधारे जितेंद्र सिंह रहे।



हिंद पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कृत करता प्रबंधन।

### हिंद स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया

**खटीमा :** हिंद पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण के लिए ''मेधावी छात्र सम्मान समारोह'' आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एमडी नीरज खन्ना और प्रशासिका मंजू खन्ना ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में नर्सरी से ग्यारहवीं तक के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी, प्रधानाचार्या पूजा जोशी, नीमा कन्याल, उपासना बिष्ट, रेनू सिंह, रोली सक्सेना, पूजा पांडे, मनीषा उपाध्याय, रंजीत मेहरा, पुष्पा धामी, रजत भटनागर, विष्णु भाष्कर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस का कुनबा बढ़ा, इंदर बने ब्लॉक अध्यक्ष

● अनुसूचित जाति मोर्चा का पुनर्गठन कर नई नियुक्तियां कीं

संवाददाता, शक्तिफार्म



कांग्रेस की सदस्यता लेने वालों का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शक्तिफार्म क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी ने संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान के जरिए अपनी स्थिति मजबूत की है। एक ओर क्षेत्र के आधा दर्जन ग्रामीणों ने कांग्रेस की नीतियों में आस्था जताते हुए पार्टी का दामन थामा, वहीं दूसरी ओर अनुसूचित जाति मोर्चा का पुनर्गठन कर नई नियुक्तियां की गईं।

पार्टी सदस्यता ग्रहण करने वालों में मनोज सुतार, माधुरी विश्वास, विशाखा शील, सावित्री हालदार और सुषमा हालदार शामिल हैं। ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने सभी का स्वागत किया। इसी कड़ी में, जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार की अगुवाई में इंदर कुमार को अनुसूचित जाति मोर्चा का शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष और विभूति प्रसाद को जिला महामंत्री मनोनीत किया गया।

इस दौरान सुमिंदर यादव, सरस्वती बाला, प्राण मंडल और अमित सरकार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को धरातल पर मजबूत करने का संकल्प लिया।

## 351.70 लाख से बनेंगी ग्रामीण सड़कें: बहुगुणा

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** सितारगंज विधानसभा क्षेत्र में पांच सड़कों के निर्माण के लिए प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति मिली है। शासन ने शनिवार को टोकन मनी के साथ जीओ जारी किया है। बरुआबाग, गडरियाबाग, शक्तिफार्म, निर्मलनगर और आनंदनगर की मुख्य और आंतरिक सड़कों के नवनिर्माण व सुदृढ़ीकरण के लिए 351.70 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति से आवागमन सुलभ होगा।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि राज्य योजना से बरुआबाग में प्राइमरी स्कूल होते हुए 3.350 किमी आंतरिक मार्ग के पुनर्निमाण के लिए 85.13 लाख रुपये की मंजूरी मिली है। ग्राम डहरियाबाग में रेलवे क्रासिंग के पास स्थित नई बस्ती के 0.550 किमी आंतरिक मार्ग के नवनिर्माण के लिए 75.91 लाख रुपये की मंजूरी मिली है। शक्तिफार्म तीन पानी में हनुमान मंदिर व शिव मंदिर तक 2.85 किमी सड़क निर्माण के लिए 72.67 लाख रुपये मंजूरी मिली है। शक्तिफार्म के ग्राम निर्मलनगर में मुख्य मार्ग से आंतरिक मार्ग में इंटरलॉकिंग टाइल से 0.550 किमी सड़क नवनिर्माण के लिए 60.14 लाख की मंजूरी मिली है। ग्राम अरविंद नगर में इंटरलॉकिंग टाइल से 0.550 किमी सड़क नवनिर्माण के लिए 57.85 लाख की मंजूरी मिली है।

पहल

### अमर ज्योति सेवा संस्था के अध्यक्ष श्रीकांत राठौर के नेतृत्व में आयोजित हुआ समारोह

# किच्छा में आयोजित हुआ 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** अमर ज्योति सेवा संस्था के तत्वावधान में 51 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान घोड़ा बग्गी पर सवार 51 दूल्हों की विशाल बारात मुख्य मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कार्यक्रम स्थल पर आर्य समाज के विद्वान पंडित पुरोहितों द्वारा हवन यज्ञ एवं पूजा अर्चना कर 51 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

अमर ज्योति सेवा संस्था के तत्वावधान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नगर के हल्द्वानी मार्ग स्थित रेलवे स्टेशन के निकट से करीब 1 किलोमीटर लंबी बारात



किच्छा में आयोजित विवाह कार्यक्रम में नव विवाहित जोड़े एवं परिवारजन।

बैंड बाजों के साथ प्रारंभ हुई। घोड़ा बग्गी पर सवार दूल्हे के साथ उनके परिवारजन नाचते झूमते हुए बारात लेकर किच्छा बाइपास स्थित नई अनाज मंडी पहुंचे। विशाल बारात एमपी चौक, मुख्य बाजार, महाराणा प्रताप चौक, बरेली रोड, दरऊ चौक होती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। नई अनाज मंडी में बारात के स्वागत के लिए विशाल पंडाल लगाया गया। बारातियों के पहुंचने पर कन्या पक्ष के लोगों ने बारातियों का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर वर - वधू पक्ष के लिए 51 अलग-अलग पंडाल लगाए गए थे तथा संस्था द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। शांतिकुंज हरिद्वार से आए पंडित पुरोहितों द्वारा विधि विधान से अग्नि को साक्षी मानकर वर वधू के सात फेरे कराए गए तथा पारंपरिक रीति रिवाज से वधू की मांग में सिंदूर लगाकर तथा गले में मंगलसूत्र पहना कर सात जन्मों तक एक दूसरे का साथ निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने 51 नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विवाह कार्यक्रम संपन्न होने के बाद संस्था के माध्यम से नव विवाहित जोड़ों को रोजमर्रा में उपयोग होने वाली तमाम वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट कर बारात को विदाई दी गई। कार्यक्रम संयोजक श्रीकांत राठौर ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता, इसलिए हम सभी को जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आकर अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस मौके पर कमलेंद्र सेमवाल, अजय पाल यादव, ममता जलहोत्रा, शैली फुटेला, प्रहलाद खुराना, किशन गोयल, राकेश गुप्ता, गुड्डू राठौर, संजीव खन्ना, विनोद फुटेला, गीता राठौर, प्रेमलता चौहान, दया डसीला, राजीव आहूजा, चंद्रसेन गंगवार, अजय राठौर आदि मौजूद रहे।

## शिविर में 114 लोगों ने कराई जांच

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी नंबर दो सैनिक भवन परिसर में पूर्व सैनिक संगठन शांतिपुरी द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में रविवार को क्षेत्रीय लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। शिविर में कुल 114 लोगों ने विभिन्न रोगों की जांच एवं उपचार कराकर स्वास्थ्य लाभ लिया।

गौतम हॉस्पिटल रुद्रपुर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच करते हुए उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। जांच के दौरान जनरल मेडिसिन के 29, नेत्र रोग के 31, आर्थो के 26 और 28 सर्जिकल मरीज सामने आए। संगठन अध्यक्ष लाल सिंह कोरंगा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर



स्वास्थ्य शिविर में जांच कराते ग्रामीण। ● अमृत विचार

स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जिन मरीजों को आगे उपचार की जरूरत है, उनका इलाज ईसीएचएस और आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क कराया जाएगा।

शिविर के दौरान डॉक्टरों व संगठन के सदस्यों ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर अस्पताल के मार्केटिंग हेड अश्वनी पांडे, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुभाष मोहन मिश्रा, जनरल सर्जन डॉ. फैजल मिराज, जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. परमजोत कौर, प्रधान कविता तिवारी, कैप्टन कल्याण सिंह रौतेला से.नि., जसवंत सिंह मेहता, कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा से.नि., त्रिलोक सिंह राणा, बंशीधर जोशी, चंपा कोरंगा आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### सीएम धामी आज महुआडाबरा आएंगे

**जसपुर** : सीएम पुष्कर सिंह धामी सोमवार को नगर पंचायत महुआडाबरा पहुंचेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएम सोमवार को शाम चार बजे नादेही चीनी मिल हेलीपैड पहुंचेंगे। वहां से वह नगर पंचायत महुआडाबरा स्थित उनके निवास पर आएंगे। सीएम वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा काशीपुर चैती मेला जायेंगे। सीएम के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। बता दें कि पिछले दिनों जिलाध्यक्ष मनोज पाल की मां लीलावती का निधन हो गया था। परिजनों को ढांढस बंधाने को सीएम महुआडाबरा आ रहे हैं।

### मोबाइल छीनने से नाराज किशोरी लापता

**काशीपुर** : भांजी को मोबाइल पर बात करते देख मामा ने मोबाइल छीना, तो किशोरी घर पर बिना बताए कहीं चली गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की है। ग्राम निझड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रामनगर निवासी उसकी नाबालिग भांजी बीते तीन माह से उसके घर पर रह रही है। कहा कि 28 मार्च की सुबह उसकी भांजी मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी, जबकि मोबाइल के बारे में उन्हें नहीं पता था। जिस पर उसने अपनी भांजी का मोबाइल छीन लिया। जिसके कुछ समय बाद उसकी भांजी घर से बिना किसी को कुछ बताए कहीं चली गयी, जिसे हर संभावित जगह तलाशा गया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### आंगन में खड़ी प्लेटिना बाइक चोरी, जांच शुरू

**बाजपुर** : ग्राम गजरौला में घर के भीतर से बाइक चोरी होने की घटना सामने आई है। पीड़ित सुरमुख सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 मार्च की रात उन्होंने अपनी प्लेटिना बाइक घर के आंगन में खड़ी की थी, जो संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। काफी तलाश के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है।

### तीन ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग मुखर

**काशीपुर** : चांदपुर गांव में तीन स्थानों पर 100-100 केवी के ट्रांसफार्मर लगाने की मांग ग्राम प्रधान की ओर से की गई। ऊर्जा निगम को ग्राम चांदपुर की प्रधान तारावती ने ज्ञापन दिया, जिसमें बताया कि ग्राम पंचायत चांदपुर, सैनिक कॉलोनी क्षेत्र में लगातार कॉलोनियां बन रही है। ऐसे में चांदपुर में बढ़ रहे विद्युत लोड को देखते हुए तीन स्थानों पर 100-100 केवी ट्रांसफार्मर लगाए जाए। ताकि लोड बढ़ने से फॉल्ट आदि की समस्या से निजात मिल सके।

### मानपुर क्षेत्र में लगातार दिखाई दे रहा तेंदुआ

**काशीपुर** : मानपुर क्षेत्र में तीन-चार दिनों से तेंदुआ दिखाई दे रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। सूचना पर वन कर्मियों की टीम गश्त कर रही है। काशीपुर रेंजर देवेंद्र रजवार ने बताया कि मानपुर क्षेत्र में तीन-चार दिनों से तेंदुआ दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर वन टीम गश्त कर रही है।

### विधायक ने पांच सड़कों का किया लोकार्पण

**जसपुर** : विधायक आदेश चौहान ने 25 लाख रुपये की विधायक निधि से पांच सीसी टाइल्स सड़कों का लोकार्पण कराया। विधायक ने ग्राम भोगपुर में दो, ग्राम बैंतवाला, मिस्सरवाला, कल्याणपुर में एक-एक सीसी टाइल्स सड़क का प्रतिनिधियों से लोर्कापण कराया। यहां नौबहार सिंह, हरदीप सिंह, जसवंत सिंह, गुरविंदर सिंह, अमृत सिंह, शेर अली, सुरेंद्र सिंह, अहसान मौजूद रहे।

# दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन

## 31 मार्च की देर रात वापस नगर मंदिर पहुंचेगा माता का डोला, श्रद्धालुओं में उत्साह

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** चार दिन में करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन कर लिये हैं। 30 और 31 मार्च को श्रद्धालुओं की संख्या तीन लाख से अधिक पहुंचने की उम्मीद है। 31 मार्च की मध्यरात्रि मां बाल सुंदरी देवी का डोला विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर पुनः नगर मंदिर के लिए प्रस्थान करेगा।

25 मार्च की मध्यरात्रि मां बाल सुंदरी देवी की डोला नगर मंदिर से गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में निकाल कर चैती मंदिर पहुंचा था। मुख्य पंडा विकास कुमार अग्निहोत्री के नेतृत्व में मां बाल सुंदरी की स्वर्ण प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर मोहल्ला पक्काकोट स्थित नगर मंदिर से यात्रा प्रारंभ की गई थी। मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि माता के चैती मंदिर आने के बाद चार दिन में करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां बाल सुंदरी के दर्शन कर लिये हैं। इधर बुक्सा समाज के लोग भी अपनी कुलदेवी के दर्शन के लिये पहुंच गये हैं। दिन रात मंदिर में मां के दर्शन के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग रही है। बताया कि मां बाल सुंदरी देवी पांच दिनों तक चैती मंदिर में विराजमान रहेंगी। इसके बाद 31 मार्च और 1 अप्रैल की मध्य रात्रि में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर मां का डोला पुनः नगर मंदिर के लिए प्रस्थान करेगा।



काशीपुर में मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### ट्रेनों में बढ़ी यात्रियों की संख्या, मुरादाबाद व लालकुआं से भी पहुंच रहे लोग

**काशीपुर** : चैती मेले के कारण ट्रेनों में यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। भीड़ अधिक होने पर आरपीएफ बोगियों में चढ़ाने के लिए यात्रियों की मदद कर रही है। बीती 26 मार्च की तड़के मां बाल सुंदरी देवी चैती का डोला चैती मंदिर पहुंच गया है। इसके बाद से मेले में भीड़ देखने को मिल रही है। माता के दर्शन के लिए जसपुर, बाजपुर, केलाखेड़ा, मुरादाबाद, बिजनौर, ठाकुरद्वारा आदि क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मुरादाबाद और लालकुआं क्षेत्रों से ट्रेन के माध्यम से श्रद्धालु आ रहे हैं। इससे ट्रेनों में यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। आरपीएफ निरीक्षक सुखवंत सिंह ने बताया कि ट्रेनें यात्रियों से भर कर चल रही हैं।

# बेमौसम बरसात ने छप्पर तोड़ दिये...

● साहित्य दर्पण संस्था की स्वर्ण जयंती पर स्मारिका विमोचन के साथ भव्य काव्य सम्मेलन संपन्न

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काव्य सम्मेलन में कवियों ने अपनी सुंदर रचनाओं को प्रस्तुत कर सभी श्रोताओं का मन मोह लिया।

अग्रवाल सभा में साहित्य दर्पण संस्था के तत्वावधान में संस्था की स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित भव्य स्मारिका विमोचन एवं कवि सम्मेलन का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. यशपाल सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। पिछले पांच दशक से मां शारदे के चरणों में समर्पित साहित्य दर्पण संस्था साहित्य, संस्कृति और संस्कारों को सहेजते हुए अपनी स्वर्ण जयंती पर भव्य स्मारिका विमोचन और काव्य सम्मेलन का आयोजन किया। काव्य सम्मेलन का शुभारंभ संस्था महामंत्री कवि सोमपाल प्रजापति ने मां शारदे की वंदना के साथ किया। इस अवसर पर मुरादाबाद से आए गीतकार कवि श्रीकृष्ण शुक्ल ने मिलना जुलना शादी उत्सव यारी रिश्तेदार, एक लिफाफे में सिमटी है सारी दुनियादारी, पंक्तियों से वाह वाह लूटी। बहजोई से आए कवि रुप किशोर गुप्ता ने यहां बिकता है पानी बोतलों में, लहू से रोज धरती भीगती है, लहू सस्ता है पानी कीमती है से श्रोताओं को ताली बजाने पर मजबूर किया। संभल से अतुल कुमार शर्मा ने सीखो जीना जिंदगी को, कुछ अच्छे जज्बातों में। पीलीभीत से आये गीतकार अविनाश चंद्र ने साफ पहले यहां आप मल कीजिए, बाद में गंगाजल आचमन कीजिए। फिरोजाबाद से हास्य व्यंग्य कवि डा. संजीव तपन ने तूफानों ने कुछ पेड़ों के पत्ते सभी झिंझोड़ दिए, वे मौसम बरसातों ने भी छप्पर सारे तोड़ दिये। मेरे गीत न कहे पाये जो मूक मोहब्बत शब्दों में, इसलिए तो प्रीति के सतिये दरवाजे पे छोड़ दिये से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी ने कविता कामिनी बनकर जब भावों में आती है, अहसासों के आंगन में संवेदना जगाती है। शेष कुमार सितारा ने सांस का हर सुमन है वतन के लिए। वरिष्ठ सर्जन एवं कवि डॉ. यशपाल सिंह रावत पथिक ने आशा हो अभिलाषा तुम हो, मेरे मन की भाषा तुम हो, विजय कुमार कुशवाह ने सुनो मुझे भी ये दुनिया वालों, मेरा तराना नया नया है। डा. सुरेन्द्र मधुर ने किस तरह दोहरा हुआ आचरण है, आदमी एक अनपढ़ा सा व्याकरण है। अंत में संस्था अध्यक्ष जितेंद्र कुमार कटियार ने संस्था के पचास वर्षों के स्वर्णिम पलों को रखते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. परितोष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान साहित्य दर्पण स्मारिका का विमोचन किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि अग्रवाल सभा अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल, खंड शिक्षाधिकारी डीके साहू, सावित्री देवी, जितेंद्र कुमार कटियार, सोमपाल प्रजापति, बृजेश कुमार गुप्ता, संजय शर्मा, अग्रपाल सिंह यादव, मुनेश कुमार शर्मा, ईश्वर चंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में सम्मेलन के दौरान कविताएं प्रस्तुत करते कवि। ● अमृत विचार

# राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुटा संघ

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नव संवत्सर पर शस्त्र पूजन व पथ संचलन कार्यक्रम आयोजन किया। दौरान संघ के 101 वर्ष पूर्ण होने पर खंड गदरपुर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष संघ का पंच परिवर्तन अभियान पूरे वर्ष भर चलेगा।

रविवार की सायं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में आयोजित कार्यक्रम के बाद चक्कीमोड़ में पथ संचलन निकाला गया। इस दौरान अपने बौद्धिक में मुख्य वक्ता जिला प्रचारक भारत ने कहा कि संघ राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुटा है। उन्होंने कहा की भारत की संस्कृति का गौरवमय इतिहास रहा है। खंड गदरपुर की ओर से रामलीला मैदान चक्कीमोड़ से पथ संचलन की शुरुआत हुई। जो मुख्य बाजार, मदपुरी, भजपुरी से विभिन्न मार्गो से होते हुए पथ संचलन वापस रामलीला मैदान चक्कीमोड़ पर आकर समाप्त हुआ। इससे पहले रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की ने अपने संबोधन में कहा कि संघ की स्थापना 1925 में देश को अंग्रेजों से मुक्त कर भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए हुई थी। संचालन खंड कार्यवाहक ऋषिकेश ने किया। इस मौके पर खंड गदरपुर संघ संचालक गोकुल खेड़ा, जिला मंत्री राजेंद्र सिंह मेहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह पानू, पूर्व सूबेदार दुर्गा सिंह राणा, कैलाश शर्मा, मान सिंह कोरंगा, पूर्व सैनिक भगत सिंह धर्मशक्तू व गोविंद सिंह चौहान, भाजपा जिला मंत्री कविता नेगी, मीडिया प्रभारी कैलाश पाठक आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में पथ संचलन करते स्वयंसेवक।

# ग्रामीण मंडलों में किया गया पथ संचलन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के तहत मोटेश्वर महादेव उपनगर, महर्षि वाल्मीकि उपनगर, गुरु गोविंद सिंह उपनगर समेत भरतपुर बांसखेड़ा और कुंडेश्वरी ग्रामीण मंडलों के राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने वर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष्य में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मार्गों पर पथ संचलन किया।

नगर के महर्षि वाल्मीकि और गुरु गोविंद सिंह उपनगर के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में रामलीला मैदान में एकत्रित हुए। जहां से बौद्धिक सत्र के बाद संघ की परम्परा के अनुसार पथ संचलन का कार्य शुभारंभ हुआ। पथ संचलन रामनगर रोड होते हुए, कटोराताल, माता मंदिर रोड, रतन सिनेमा रोड, डॉक्टर लाइन, मुख्य बाजार और महाराणा प्रताप चौराहे होते रामलीला मैदान में संपन्न हुआ। उधर मोटेश्वर महादेव उपनगर के स्वयं सेवकों ने रामपुरम कॉलोनी स्थित अटल पार्क में एकत्र होकर पथ संचलन में भाग लिया। साथ ही ग्रामीण मंडलों में भी जगह-जगह पथ संचलन के कार्य आयोजित किए गए। सभी जगह बौद्धिक सत्र के दौरान मुख्य वक्ताओं ने संघ के सौ वर्षों के इतिहास और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए समग्र हिंदू समाज को संगठित और एकजुट होने पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही वक्ताओं ने पंच परिवर्तन के तहत सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण समेत कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला। वहीं वक्ताओं ने नव संवत्सर पर बोलते हुए अपनी चिर पुरातन संस्कृति पर गौरवान्वित होने पर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य वक्ता अखिल भारतीय संयोजक मंच कला देवेन्द्र रावत, नैनीताल विभाग मार्ग प्रमुख खीम सिंह, शेम्फोर्ड पब्लिक स्कूल प्रतापपुर आशुतोष, संघ संचालक अमित मित्तल आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में पथ संचलन करते स्वयं सेवक। ● अमृत विचार

### स्वयंसेवकों का स्वागत

**खटीमा** : नगर की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इकाई द्वारा भव्य पद संचलन का आयोजन किया गया। नगर के मुख्य मार्गों पर निकलने वाले पथ संचालन के दौरान विभिन्न चौराहों पर नारी शक्ति द्वारा स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पथ संचलन के लिए निर्धारित समय से पूर्व ही भारी संख्या में स्वयं सेवक राणा प्रताप इंटर कालेज परिसर में एकत्र होने लगे थे। पथ संचलन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नैनीताल विभाग के विभागाध्यक्ष रमेश रहे। लोगों ने स्वयंसेवकों का जोरदार भव्य स्वागत किया और जगह जगह पुष्प वर्षा की गई। इस कार्यक्रम में दान सिंह रावत, रमेश जोशी, सतीश भट्ट, सतीश गोयल, महेश ओली, रमेश अग्रवाल, देव सिंह, अमर, गौतम, अजय, अभिषेक, हरि नारायण, भगत, दिग्विजय, बसंत, घनश्याम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी का आरोप

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक व्यक्ति ने करीब आधा दर्जन लोगों पर 10 लाख रुपये न देने पर उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम रामनगर निवासी विपुल कुमार पुत्र कतार सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपी। इसमें बताया कि 30 जुलाई 2025 की एक घटना दिखाते हुए जशनदीप सिंह ने थाना काशीपुर कोतवाली में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें जशनदीप सिंह व सुमित निवासीगण ग्राम रामनगर ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर संगठित अपराध करते हुए कुल 18 लोगों में उसको भी नामजद किया गया था। जांच के दौरान उसके विरुद्ध किसी प्रकार का कोई साक्ष्य न मिलने पर उसका नाम एफआईआर से पृथक कर दिया गया।

विपुल ने बताया कि उस रिपोर्ट में सुमित ने अपना अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जो कि यूपी में कूटरचित करके बनवाया गया था उसको यूपी के जिला रामपुर के जिलाधिकारी ने निरस्त कर दिया था। इस मामले में थाना टांडा जिला रामपुर में सुमित व अन्य के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज है, जिसमें सुमित जमानत पर है।

# राष्ट्र के लिए समर्पित संघ की कार्य पद्धति

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शताब्दी वर्ष हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर रविवार शाम नगर क्षेत्र में पथ संचलन किया। महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट में स्वयंसेवक उपस्थित हुए। जहां विभाग संचालक राम उजागर ने संघ के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि संघ की कार्य पद्धति राष्ट्र समर्पण की भावना से प्रेरित है। स्वयंसेवक भगवा ध्वज को अपना मार्गदर्शक मानकर सामाजिक जीवन में सक्रिय रहते हैं। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना के बाद अब पांचवीं छठी पीढ़ी इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी निभा रही है और राष्ट्र निर्माण में जुटी है।

पथ संचलन घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाते पूर्ण गणवेशधारी स्वयंसेवकों के अनुशासित मार्च को देखते हुए सड़कों के दोनों ओर खड़ी भीड़ पुष्पवर्षा कर रही थी। किच्छा रोड, मेन चौराहा, इंटर कॉलेज रोड, खटीमा रोड, मीना बाजार होते हुए महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट पर समापन हुआ। इस दौरान पुलिस के सुरक्षा के इंतजाम किये थे। पथ संचलन एक ओर चलने से दूसरी ओर यातायात सुचारू रहा। इस मौके पर अनिल गर्ग, सुरेश जोशी, मुकेश श्रीवास्तव, राकेश, संतोष मिश्रा, प्रिंस गुप्ता, विनय गुप्ता, राजेंद्र मित्तल, मयंक दयोलिया, आशीष पांडे, राजकुमार, कमल कुमार जिंदल, अनिरुद्ध राय, शंकर रावत वीरू भारती आदि मौजूद रहे।



सितारगंज में पथ संचलन करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर किसान की मौत

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बेरिया दौलत क्षेत्र में रविवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में एक बुजुर्ग किसान की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे ट्राली का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम चंदनपुरा निवासी 65 वर्षीय जगीर सिंह रविवार दोपहर करीब एक बजे पैदल कहीं जा रहे थे। बाजपुर-बेरिया दौलत मुख्यमार्ग पर ग्राम बेरिया दौलत स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के पास सस्ते गल्ले का राशन लेकर जा रही एक अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें कुचल दिया। जगीर सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पाकर बेरिया दौलत चौकी प्रभारी नरेश सिंह मेहरा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भाजपा नेता राजेश कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और पुलिस से फरार चालक की जल्द गिरफ्तारी व सड़क हादसों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# रामराज रोड पर अवैध रूप से लग रहे सोमवार बाजार पर प्रशासन सख्त

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ग्राम नंदपुर नरकाटोपा में रामराज रोड किनारे निजी भूमि पर संचालित हो रहे साप्ताहिक हाट बाजार पर अब प्रशासन ने रोक लगा दी है। स्थानीय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 30 मार्च को नियमों के विपरीत इस बाजार को किसी भी कीमत पर लगने नहीं दिया जाएगा।



डॉ.अमृता शर्मा।

एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा के अनुसार, इस बाजार के संचालन के लिए कोई वैध अनुमति या संबंधित अभिलेख प्रशासन को नहीं सौंपे गए हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पुलिस की जांच रिपोर्ट भी बाजार के विरुद्ध आई है। सोमवार को प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

उल्लेखनीय है कि बाजपुर नगर में दशकों से सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगता था, जिसे दो वर्ष पूर्व प्रशासन ने बदलकर रविवार कर दिया था। इसके विरोध स्वरूप ग्राम नंदपुर नरकाटोपा के एक व्यक्ति ने अपनी निजी भूमि पर सोमवार के दिन हाट बाजार लगवाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे यह बाजार बढ़ता गया और सीमित जगह के कारण दुकानदारों ने रामराज रोड तक अतिक्रमण कर लिया, जिससे क्षेत्र में आए दिन जाम की स्थिति पैदा हो रही थी। स्थानीय लोगों की शिकायतों और पुलिस जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने अब सख्ती दिखाई है। प्रशासन ने साफ कहा है कि आमजन की सुरक्षा और सुचारू यातायात व्यवस्था को देखते हुए अवैध रूप से लग रहे किसी भी बाजार को अनुमति नहीं दी जाएगी।

### ससुरालियों ने की विवाहिता से मारपीट

**काशीपुर:** चैती मेले में प्रसाद चढ़ाने अपने पति व सास-ससुर के साथ आई महिला के साथ पति ने मारपीट कर दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। जिला बिजनौर के थाना चांदपुर के ग्राम कीरतपुर निवासी जूही रानी ने चैती मेला पुलिस चौकी को तहरीर सौंपी। इसमें बताया कि 26-27 मार्च की रात लगभग तीन बजे वह अपने पति अंजिल राजपूत, ससुर मुकेश व सास बबीता के साथ चैती मेला में प्रसाद चढ़ाने आई थी। इसी दौरान उसके पति की किसी अनजान महिला से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। पीड़िता ने बताया कि उसने पति को शांत करने का प्रयास किया, तो सास-ससुर व पति ने अभद्रता करनी शुरू कर दी।

# महिला ने फांसी लगाकर जान दी

संवाददाता, बाजपुर

● चीनी मिल परिसर में रहती थी मानसिक रूप से थी परेशान

**अमृत विचार :** चीनी मिल परिसर स्थित सरकारी आवास में रविवार दोपहर एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 10, चीनी मिल कालोनी निवासी सुरेंद्र चौहान की 52 वर्षीय पत्नी इंद्रावती पिछले काफी समय से मानसिक अवसाद से जूझ रही थीं। रविवार दोपहर करीब दो बजे, जब वह घर में अकेली थीं, उन्होंने साड़ी का फंदा बनाकर छत के कुंडे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब चला जब दोपहर करीब तीन बजे उनके पति सुरेंद्र सिंह घर पहुंचे। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़ा गया। अंदर का दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। स्वजन ने भी बताया कि महिला कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मृतका के परिवार में एक बेटी है, जो लखनऊ में नौकरी करती है, जबकि बेटा दिल्ली में पढ़ाई कर रहा है। घटना के बाद स्वजन में चीख-पुकार मच गई और कालोनी के लोग भी इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिससे मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सके।

### छात्राओं को दिया करियर का परामर्श

**काशीपुर:** राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय दभौरा मुस्तकम में छात्राओं के भविष्य को नई दिशा देने के उद्देश्य से एक करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या आशा पुरोहित एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की नोडल प्रभारी अंजना राज ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। बाजपुर पॉलिटेक्निक से आईं विभागाध्यक्ष भावना भट्ट ने विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र के अवसरों पर चर्चा की। प्रवक्ता पंकज कुमार ने डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

## ब्रीफ न्यूज

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन घायल

**काशीपुर :** सड़क हादसे में एक परिवार के तीन लोग घायल हो गए। बादी गढ़ बिजनौर यूपी निवासी गजेंद्र और उनकी पत्नी कौशल और एक रिश्तेदार रीना पुत्री लाखन किसी वाहन से काशीपुर की ओर जा रहे थे। रास्ते में सड़क हादसे में तीनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने तीनों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल

**काशीपुर :** रविवार शाम बाइक सवार कचहरी की ओर जा रहा था। पुरानी अनाज मंडी चौराहे पर अचानक ई-रिक्शा चालक ने वाहन मोड़ दिया, जिससे बाइक सवार को टक्कर लग गई। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर गया और उसे मामूली चोट आई। बाइक सवार और ई-रिक्शा चालक में कहासुनी होने पर लोगों ने मामले को शांत किया।

### दो अप्रैल तक कार्यकारिणी विस्तार करने के निर्देश

**काशीपुर :** भीम आर्मी जिलाध्यक्ष एडवोकेट सौरभ कुमार ने बताया कि जिले के पदाधिकारी अपनी विधानसभाओं में संगठन की ब्लॉक एवं तहसील स्तर की कार्यकारिणी विस्तार 2 अप्रैल तक पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस की मौजूदगी में बांटे सिलेंडर

## शिखर तिराहे पर वरीयता के आधार पर 170 लोगों को बांटे गए रसोई गैस सिलेंडर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** नगर में लगातार गैस वितरण किए जाने का सिलसिला जारी है। गैस सर्विस की ओर से बनाए गए रोस्टर के अनुसार नगर के शिखर तिराहे में घरेलू गैस सिलेंडर बांटे गए। सुबह पांच बजे से उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने के लिए कतार में खड़े रहे। छह बजे गैस वाहन आने के बाद उपभोक्ताओं को पुलिस की मौजूदगी में गैस सिलिंडर बांटे गए।

गैस एंजेसी की ओर से रसोई सिलेंडर के लिए घंटों लाइन में लगकर लोगों को मायूस न लौटना पड़े इसके लिए प्रशासन ने वरीयता के आधार पर एक दिन पहले ही उपभोक्तओं की सूची चस्पा करने का नियम बनाया है। इसी के तहत रविवार को शिखर तिराहे के पास गैस बांटी गई। इस दौरान उमड़े लोगों के हुजूम को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कर्मी भी तैनात रहे। भीड़ नियंत्रित हुई तो एजेंसी कर्मियों ने तय सूची के मुताबिक 170 लोगों को ही सिलेंडर वितरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। रविवार को सिलेंडर बंटने के बाद भी कुछ लोगों को बिना गैस लिए वापस लौटना पड़ा। इधर, गैस एंजेसी की ओर से बताया कि गया कि वरीयता के आधार पर नियमित सिलेंडर बांटे जा रहे हैं।



अल्मोड़ा शिखर तिराहे के पास गैस सिलेंडर लेने के लिए लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

# सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** शहर में कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत ने व्यापारिक पहिये की रफ्तार रोक दी है। रविवार को इस संकट से तिलमिलाए टैंट कारोबारियों ने बैठक कर विरोध जताया। कैटरिंग व्यवसायों के लिए विशेष कोटा के आधार पर गैस उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

रविवार को टेट एंड केटरिंग एसोसिएशन ने रविवार को बैठक की। इस दौरान कारोबारियों ने कहा कि कर्मिशयल सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने से टेट कारोबारियों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कहा कि शादियों का सीजन शुरू हो गया है, जिसकी भारी बुकिंग्स पहले ही ली जा चुकी हैं। कैटरिंग और टेट व्यापारियों के अनुसार, तंदूर व चुल्हें पर केवल रोटियां बन सकती हैं, लेकिन छौंका लगाने और सूक्ष्म पकवानों के लिए गैस अनिवार्य है। उन्होंने शासन प्रशासन से टेट काराबोरियों की समस्या को देखते हुए कैटरिंग व्यवसायों के लिए विशेष कोटा या प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध करने की मांग उठाई। यहां बैठक में पूरन सिंह अधिकारी, दिनेश चंद्र जोशी, भारत, गोविंद सिंह बिष्ट, नंदन सिंह फर्त्याल, हर्षवर्धन जोशी, राजेंद्र पाल, सचिन पाल, मनोज सिंह भंडारी, मनोज बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा व सामाजिक उत्थान पर संवाद

**बाजपुर:** विधानसभा बाजपुर के ग्राम बेरिया दौलत स्थित बुक्सा परिषद भवन में रविवार को ''एकल अभियान'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, जनजाति समाज के लोगों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक शिरकत की।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा नेता राजेश कुमार ने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ शिक्षा, संस्कार और सामाजिक उत्थान के महत्व पर संवाद किया। उन्होंने कहा कि एकल अभियान आज ग्रामीण भारत में सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बन चुका है और यह समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा व संस्कार पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के समर्पण और सेवा भाव की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान जनजाति समाज के उत्थान, बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष यशपाल राजहंस, आंचल अभियान सचिव नरेश सिंह, संभाग प्राथमिक शिक्षा उपाध्यक्ष गुरेंद्र मधुकर चतुर्वेदी, आंचल अभियान प्रमुख दीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीडीएस परीक्षा के लिए जिले में बनाए 11 केन्द्र



अल्मोड़ा में सीडीएस परीक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीएम अंशुल सिंह।

संवाददाता, अल्मोड़ा

- डीएम ने सीडीएस परीक्षा के आयोजन को लेकर बैठक ली
- आगामी 12 अप्रैल को होगी परीक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** जिले में संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी परीक्षा को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। डीएम अंशुल सिंह ने परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधाओं और आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को जिलेभर में परीक्षा को लेकर कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। डीएम ने कहा कि परीक्षा बहुत महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करें। यदि किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आई तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में एडीएम युक्ता मिश्र, एसडीएम सदर संजय कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रीति गोस्वामी ने जीता गोल्ड मेडल

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** रानीखेत के ग्राम पाखुड़ा निवासी एडवोकेट प्रीति गोस्वामी ने गुवाहाटी (असम) में आयोजित द्वितीय पैरा लॉन बाउल्स नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगल्स श्रेणी में सिल्वर मेडल और ट्रिप्स श्रेणी में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। यह चैंपियनशिप 24 से 28 मार्च 2026 तक पैरा लॉन बाउल्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित की गई।

प्रीति गोस्वामी वर्तमान में नैनीताल हाईकोर्ट में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं। वे एक बहुमुखी दिव्यांग खेल प्रतिभा हैं, जिन्होंने पैरा लॉन बाउल्स के अलावा पैरा तैराकी, मास्टर्स एथलेटिक्स और मोटरस्पोर्ट्स में भी उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया है। इस उपलब्धि पर पैरा लॉन बाउल्स फेडरेशन के नेशनल प्रेसिडेंट मोहम्मद रजा तथा स्टेट सेक्रेटरी फिरोज खान ने कहा कि पैरा लॉन बाउल्स दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्ट खेल है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे खिलाड़ी भविष्य में एशियन और वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेकर देश का नाम रोशन करेंगे। प्रीति गोस्वामी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल जीजी गोस्वामी की पुत्री हैं। उन्होंने पैरा तैराकी में कई पदक जीते हैं, जबकि मोटरस्पोर्ट्स में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए चार राष्ट्रीय ट्रॉफियां अपने नाम की हैं।

उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें उत्तराखंड मुख्यमंत्री दक्ष दिव्यांग अवॉर्ड, तीलू रौतेली पुरस्कार 2024 तथा एफआईसीसीआई एफएलओ अवॉर्ड (सामाजिक कार्य) जैसे सम्मान भी मिल चुके हैं।



मेडल के साथ प्रीति गोस्वामी। ● अमृत विचार

## एक घंटे बंद रखीं गैर-जरूरी लाइटें

**चम्पावत:** वैश्विक पर्यावरणीय पहल अर्थ ऑवर के अवसर पर जनपद चम्पावत में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। जिलाधिकारी मनीष कुमार की अपील पर 28 मार्च की रात 8:30 बजे से 9:30 बजे तक जनपदभर में एक घंटे के लिए गैर-जरूरी लाइटें बंद रखी गईं।

शहरी क्षेत्रों से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक इस पहल को व्यापक समर्थन मिला। घरों, बाजारों, कार्यालयों और संस्थानों में लोगों ने स्वेच्छा से ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता दिखाई। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि अर्थ ऑवर केवल प्रतीकात्मक आयोजन नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश है। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और वृक्षारोपण की अपील की।

# रानीखेत में कई लोग कांग्रेस में हुए शामिल

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के मद्देनज़र रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के ताड़ीखेत विकासखंड एवं छावनी क्षेत्र में बूथ लेवल अभिकर्ताओं (बीएलए) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बीएलए-2 के 10 प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए अभिकर्ताओं को उनके दायित्वों और कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर पर सक्रियता बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य करन माहरा ने कार्यकर्ताओं में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर उत्साह भरते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। साथ ही निर्देश दिए गए कि अप्रैल 2026 में प्रस्तावित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता बीएलए और बीएलओ के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें, ताकि मतदाता सूची को सही एवं अद्यतन किया जा सके। बैठक के दौरान कांग्रेस कमेटी एवं करन माहरा की विकासपरक सोच से प्रेरित होकर कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इनमें जसवंत सिंह फर्त्याल (जैनोली), बालम सिंह मेहरा (जलिखान), अशोक पांडेय (रानीखेत), ललित कड़ाकोटी (भतरोजखान), दयालु राम (जैनोली) और दीपक काण्डपाल (खग्यार) शामिल रहे।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अरुण रावत, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह अधिकारी, पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, महिला जिलाध्यक्ष नेहा माहरा, साईं सावित्री, स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल की प्रबंधक रमा माहरा, अंबेडकर समिति अध्यक्ष गुसाईं राम, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज जोशी, चिलियानौला अध्यक्ष कमलेश बोरा, त्रिभुवन शर्मा, कोऑर्डिनेटर कुलदीप कुमार, यूथ विधानसभा अध्यक्ष अंकिता पंत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी, अगस्त लाल साह, जीतन जयाल, वसीम कुरैशी, विनीत चौरसिया, जयंत रौतेला, प्रदीप माहरा, पंकज थापा, अमन शेख सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा। ● अमृत विचार

# टीपीनगर में टैक्स प्रस्ताव पर व्यापारियों का विरोध

संवाददाता, हल्द्वानी

- व्यापारियों के साथ बैठक कर पुनर्विचार करने की मांग उठाई
- देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मेयर से की भेंट

**अमृत विचार :** ट्रांसपोर्ट नगर में प्रस्तावित टैक्स को लेकर व्यापारियों ने नगर निगम से पुनर्विचार की मांग उठाई है। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के ट्रांसपोर्ट नगर अध्यक्ष जसपाल सिंह कोहली और ट्रांसपोर्ट महासंघ अध्यक्ष राकेश जोशी ने मेयर गजराज सिंह बिष्ट से मुलाकात कर इस मुद्दे पर पहले व्यापारियों के साथ बैठक करने की मांग की।

महासंघ के प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा ने बताया कि लगभग 32 एकड़ में फैले टीपीनगर में करीब 875 दुकानें आवंटित हैं, जो फ्रीहोल्ड श्रेणी की भूमि पर स्थित हैं। उन्होंने कहा कि पहले ही सर्किल रेट के आधार पर भूमि का भुगतान किया जा चुका है और क्रय-विक्रय पर 15 प्रतिशत एनओसी शुल्क भी लिया जाता है, जिससे व्यापारी पहले से ही आर्थिक बोझ झेल रहे हैं।

व्यापारियों का कहना है कि इस व्यवस्था से प्राप्त राशि टीपी नगर अनुश्रवण समिति को जाती है, जो क्षेत्र के संचालन और रखरखाव का कार्य करती है। ऐसे में नए टैक्स लगाने से पहले सभी पक्षों के साथ विचार-विमर्श जरूरी है।



छमनियां स्पोर्ट्स स्टेडियम में साइकिल रैली में शामिल प्रतिभागी। ● अमृत विचार

# 'संडे ऑन साइकिल' रैली का आयोजन

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** खेल विभाग चम्पावत के सौजन्य से खेलो इंडिया साई सेंटर (एथलेटिक्स) स्पोर्ट्स स्टेडियम छमनियां, लोहाघाट में ''संडे ऑन साइकिल'' जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित इस जनअभियान में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सचिन जोशी ने किया। खेलो इंडिया साई सेंटर के कोच मोहन सिंह राणा ने बताया कि ''संडे ऑन साइकिल'' अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि "फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज" इस अभियान का मुख्य नारा है। इस दौरान लड़ीधुरा मंदिर समिति के अध्यक्ष नागेंद्र कुमार जोशी और सहायक अध्यापक रमेश चंद्र जोशी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## कालाढूंगी में आईपीएल सट्टा लगाते एक धरा

**कालाढूंगी:** नगर में आईपीएल मैच में खाई बाड़ी करते हुए एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि रविवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान में युवक के पास से एक सट्टा पर्चा, पैन, गत्ता व 5150 रुपये बरामद हुए हैं।

आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम अफाक अहमद पुत्र अनवार अहमद निवासी वार्ड-4 बताया है। कोतवाल सैनी ने बताया कि जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक लेखराज कम्बोज, कानि0 अमनदीप सिंह, कानि0 किशन नाथ व का. तेजपाल सिंह रहे।

# रामकथा के समापन पर यज्ञशाला में पहुंचा वानर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जगदंबा मंदिर में शनिवार को रामकथा के समापन पर भगवान हनुमान के रूप में एक वानर का प्रसाद ग्रहण करना श्रद्धालुओं के लिए चमत्कारिक अनुभव बन गया। ब्यास डॉ. मनोज पांडे द्वारा रामराज्य की महिमा और भगवान हनुमान की उपस्थित होने की बात कही जा रही थी, ठीक उसी समय मंदिर के ऊपर पीपल के पेड़ में एक वानर दिखाई दिया।

जगदंबा मंदिर समिति से जुड़े रमेश चंद्र पांडे ने बताया कि कथा समाप्त होने के बाद कन्यापूजन और भंडारे से पहले वह वानर पेड़ से यज्ञशाला में उतर आया। वहां उसने थाल में रखे फल व प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद खाने के बाद वानर वापस पेड़ पर चला गया। श्रद्धालु वानर को प्रसाद लेते देख भाव-विभोर हो उठे और इस अद्भुत दृश्य की फोटो और वीडियो बनाते नजर आए। रमेश पांडे ने कहा कि यह घटना रामकथा और हनुमान जी की उपस्थिति के प्रति श्रद्धालुओं के विश्वास को और मजबूत करती है। इस नजारे ने मंदिर में आए लोगों के बीच हर्ष और भक्ति की भावना को चरम पर पहुंचा दिया।



जगदंबा मंदिर में रामकथा के समापन पर पहुंचा वानर प्रसाद ग्रहण करता हुआ।

**आयोजन** पीएनजी महाविद्यालय के एनएसएस शिविर के समापन पर प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

# राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ एनएसएस शिविर का समापन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पीएनजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन राष्ट्र एवं जनसेवा की शपथ के साथ किया गया। समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम.सी. पांडे, विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट तथा सरस्वती विद्या मंदिर छोई के प्रधानाचार्य के.डी. जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। शिविरार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत एकल नृत्य, गायन तथा उत्तराखंड के पारंपरिक लोकनृत्य 'झोड़ा' की सामूहिक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

अतिथियों ने स्वयंसेवियों को एनएसएस गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इससे अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समायोजन की भावना विकसित होती है। प्राचार्य प्रो. पांडे ने कहा कि केवल शैक्षणिक योग्यता ही नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास ही सफलता की कुंजी है। शिविर की आख्या कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता भदोला जोशी ने प्रस्तुत की।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवियों को पुरस्कृत किया गया। कु. ज्योति सनवाल और उज्ज्वल कुमार को सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वैशाली ने किया। अंत में लक्ष्य गीत और राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।



समापन के दौरान एनएसएस के शिविरार्थी एवं अध्यापक। ● अमृत विचार

# धामी सरकार के चार साल की उपलब्धियों पर चर्चा की

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** भाजपा सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम के तहत एक निजी होटल में पार्टी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी ने शिरकत की और सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में नामधारी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल को अब तक का सबसे जनहितकारी समय बताया। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू कर उत्तराखंड ने देश में मिसाल कायम की है।



सुखदेव सिंह नामधारी।

भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई और रिश्वतखोरी पर लगाम कसने से शासन में पारदर्शिता आई है। उन्होंने क्षेत्रीय विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि बाजपुर चीनी मिल में नई टरबाइन की स्थापना, लेवड़ा नदी पर दो पुलों का निर्माण और स्थानीय महाविद्यालय में करोड़ों के विकास कार्य धामी सरकार की विकासपरक सोच का परिणाम हैं।

## सर्जन डॉ. हरिओम पांडे की पत्नी के निधन पर शोक

**बाजपुर:** सर्जन डॉ. हरिओम पांडे की धर्मपत्नी किरण पांडे के निधन पर रॉयल गार्डन में भव्य श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे, पूर्व सांसद बलराज पासी और किसान नेता जगतार सिंह बाजवा सहित उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

वक्ताओं ने किरण पांडे को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनके सेवाभावी विचारों से हजारों गरीबों को स्वास्थ्य लाभ मिला। सभा में आईएमए, व्यापार मंडल और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की।

# उपलब्धि की उड़ान

उत्तर प्रदेश के जेवर में निर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ केवल एक अवसंरचनात्मक उपलब्धि के साथ ही 'विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना का सशक्त उद्घोष है। लगभग 11,200 करोड़ रुपये की लागत से बना यह हवाई अड्डा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के दबाव को कम करते हुए उत्तर भारत के एक नए एविएशन हब के रूप में उभरने की क्षमता रखता है। यह परियोजना 'विकसित भारत–2047' के लक्ष्य के अनुरूप है, जहां क्षेत्रीय संतुलित विकास, लॉजिस्टिक्स दक्षता और वैश्विक कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी जा रही है।

उत्तर प्रदेश में पहले से लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या, कुशीनगर, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, आगरा, बरेली, हिंडन जैसे सक्रिय हवाई अड्डे हैं। छोटे-बड़े मिलाकर प्रदेश में एक दर्जन से अधिक सक्रिय एयरपोर्ट हो चुके हैं, जबकि कुछ हवाई पट्टियों से उड़ानें सीमित या अस्थायी रूप से बंद भी रही हैं, जिनका पुनरुद्धार 'उड़ान योजना' के तहत किया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट का कार्गो टर्मिनल विशेष महत्व रखता है। इसके संचालन से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, विशेषकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, आगरा, अलीगढ़, मेरठ के उद्योगों, कृषि-उत्पादों और ई-कॉमर्स को वैश्विक बाजार तक तेज पहुंच मिलेगी। यदि उद्घाटन के पहले आवश्यक सुरक्षा और परिचालन मंजूरियां पूरी हो जातीं हैं, तो कार्गो ढुलाई शीघ्र शुरू हो सकती थी, अब इसमें कुछ समय लगेगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की मंजूरी अनिवार्य है। इसके बिना न तो नियमित टिकट बुकिंग शुरू हो सकती है और न ही पूर्ण पैमाने पर कार्गो संचालन। इन प्रक्रियाओं से पहले हुए उद्घाटन को पूर्ण संचालन की शुरुआत अथवा लोकार्पण के बजाए 'राजनीतिक-संकेतात्मक' उद्घाटन कहना बहुत अनुचित नहीं। 40 एकड़ में प्रस्तावित मेंटीनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल सुविधा इस परियोजना की सबसे दूरगामी उपलब्धियों में से एक है। भारत अब तक विमान रखरखाव के लिए विदेशों पर निर्भर रहा है। यह केंद्र उत्तर प्रदेश को एविएशन सेवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा, रोजगार सृजित करेगा और विदेशी मुद्रा की बचत भी करेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की सबसे बड़ी चुनौती कनेक्टिविटी है। दिल्ली से मात्र 70 किमी दूरी के बावजूद यदि यात्री को महंगे टैक्सी किराए पर निर्भर रहना पड़े, तो 'हवाई चप्पल वाले' आम नागरिक के लिए हवाई यात्रा महंगी हो जाएगी। फिलहाल मेट्रो विस्तार, रैपिड रेल, एक्सप्रेसवे बस सेवाएं और रेलवे लिंक प्रस्तावित हैं, लेकिन ये कब पूरी होंगी, अनुमान लगाना मुश्किल है। फिर भी, इस उपलब्धि को कम करके नहीं आंका जा सकता।

यह एयरपोर्ट न केवल निवेश आकर्षित करेगा, बल्कि पर्यटन, उद्योग, लॉजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्र में व्यापक आर्थिक गतिविधियों को गति देगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जो पहले दिल्ली पर निर्भर था, अब स्वयं एक आर्थिक केंद्र के रूप में उभर सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'उत्तम प्रदेश' की परिकल्पना में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, परंतु असली परीक्षा अब शुरू होती है, कनेक्टिविटी को किफायती बनाना, मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट को जोड़ना और संचालन को पारदर्शी व कुशल बनाना।

## प्रसंगवश

# बातें बची हैं, पर बातचीत क्यों खत्म हो रही है!

आज हमारे पास शब्दों की कोई कमी नहीं है, कमी है उस सच्चाई, उस गहराई और उस आत्मीय स्पर्श की, जो शब्दों को साधारण 'बात' से उठाकर सच्ची बातचीत में बदल देता है। हम दिन भर अनगिनत लोगों से बात करते हैं, संदेशों का आदान-प्रदान करते हैं, प्रतिक्रियाएं देते हैं, फिर भी जब रात की खामोशी उतरती है, तो भीतर एक अजीब-सा खालीपन रह जाता है। यह खालीपन यूं ही नहीं जन्म लेता, यह इस बात का साक्षी है कि 'बातें' तो बहुत हुईं, पर 'बातचीत' कहीं खो गई, क्योंकि बातचीत केवल शब्दों का मेल नहीं, बल्कि दो मनों, दो भावनाओं और दो आत्माओं का सच्चा जुड़ाव है और जब यह जुड़ाव नहीं बनता, तो शब्द केवल शोर बनकर रह जाते हैं। आज बातचीत के खत्म होने की सबसे बड़ी वजह यह है कि हमने उसे एक औपचारिकता, एक आदत और एक रूटीन बना दिया है। 'क्या हाल है?', 'सब ठीक?', 'खाना खाया?'— ये सवाल जरूरी जरूर हैं, लेकिन ये रिश्तों में जीवन नहीं भरते, ये सिर्फ उनकी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। असली बातचीत तब जन्म लेती है, जब हम सतह से नीचे उतरते हैं, जब हम सच में जानना चाहते हैं कि सामने वाला कैसा है, उसके भीतर क्या चल रहा है, कौन-सी बातें उसे चुप कर रही हैं और सबसे जरूरी, जब हम इन सवालों के जवाब सुनने के लिए ठहरते हैं, बिना जल्दबाजी, बिना औपचारिकता, पूरी संवेदनशीलता के साथ।


कृति जैन
लेखिका

हमारी सबसे बड़ी कमी यही है कि हम सुनना भूल गए हैं। हम सिर्फ जवाब देने के लिए इंतज़ार करते हैं। जब कोई अपनी बात कह रहा होता है, तब हमारा ध्यान उसकी भावनाओं पर नहीं, बल्कि अपने अगले शब्दों पर होता है। यही कारण है कि सामने वाला सुना हुआ नहीं, बल्कि अनदेखा और अनसुना महसूस करता है। यही अनदेखापन धीरे-धीरे एक गहरी दूरी में बदल जाता है, जो बिना शोर किए रिश्तों को कमजोर कर देता है और अंततः बातचीत को खत्म कर देता है। शायद अब समय आ गया है कि हम फिर से सीखें, कम बोलना नहीं, बल्कि सच में सुनना और दिल से जुड़ना।

डर और असुरक्षा भी बातचीत को गहराई तक पहुंचने से रोक देते हैं। हम अपनी सच्ची भावनाओं, अपने भीतर छिपे सच और अपनी नाजुक संवेदनाओं को व्यक्त करने से कतराते हैं। कहीं हमें गलत न समझ लिया जाए, कहीं हमारी कमजोरी उजागर न हो जाए, कहीं हमारी छवि टूट न जाए, इसलिए हम सुरक्षित शब्दों का सहारा लेते हैं, सतही बातें करते हैं और अपने असली भावों को भीतर ही दबाए रखते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि जहां जोखिम नहीं होता, वहां सच्ची गहराई भी नहीं होती। बातचीत तब जीवंत और अर्थपूर्ण बनती है, जब हम अपने भीतर की सच्चाई को, अपनी अपूर्णताओं और असहजताओं के साथ, साहसपूर्वक सामने रखने का हौसला करते हैं।

तकनीक ने बातचीत को तेज़, सुविधाजनक और हर पल उपलब्ध जरूर बना दिया है, लेकिन उसे गहराई और संवेदनशीलता नहीं दे पाई। टेक्स्ट, इमोजी और छोटे-छोटे संदेशों ने भावनाओं को सीमित और संक्षिप्त कर दिया है। हम तुरंत जवाब तो दे देते हैं, लेकिन उन शब्दों को महसूस करने, उन्हें समझने और उनके पीछे छिपे भावों को पकड़ने का समय नहीं लेते, जबकि सच्ची बातचीत को समय चाहिए, ठहराव चाहिए, और एक ऐसा धैर्य चाहिए जिसमें शब्दों के बीच की खामोशी भी सुनी जा सके। जब हर चीज़ जल्दबाज़ी में हो, तो बातचीत भी उसी जल्दबाज़ी की शिकार हो जाती है और यही कारण है कि आज हम एक-दूसरे से जुड़े तो हैं, लेकिन वास्तव में समझे नहीं जाते। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)



हमेशा सही काम करो, इससे कुछ लोग प्रसन्न होंगे और बाकी लोग आश्चर्यचकित रह जाएंगे।
–मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक

# ओली की गिरफ्तारी से सवालों के घेरे में बालेन सरकार




यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में सत्ता परिवर्तन की अनुभूति का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, नेपाल की जनता ने ऐसा नहीं सोचा था। ठीक है राजनीति में 'बदले की भावना' भी एक अध्याय है, लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार ठीक था। माना कि पूर्व पीएम और कम्युनिस्ट विचारधारा के वरिष्ठ नेता केपी शर्मा ओली के खिलाफ की गई कार्रवाई कानून का हिस्सा है, लेकिन इसकी जो टाइमिंग है, वह बालेन सरकार पर सवाल खड़े करती है। अब इसे कोई नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा पर प्रहार मान रहा है, तो कोई हिंदू राष्ट्र का आगाज। सच क्या है, यह जानने के लिए कयासबाजी और शंका-आशंका से बचना होगा।

बालेन शाह को जनता ने अटूट विश्वास के साथ सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाया है। उन्हें जनता के हित को वरीयता देनी चाहिए थी। कानून तो अपना काम देर सबेर करता ही। पूर्व सांसद महेश बस्नेत और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक खड़का को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस तरह गिरफ्तारी अभियान चल रहा है, उससे ऐसा लगता है, अभी और बड़े नेताओं की गिरफ्तारी मुमकिन है।

शपथ ग्रहण के बाद जनता के हित के लिए कुछ निर्णय लिया गया होता, तो परिवर्तन की अनुभूति का यह अच्छा संकेत होता। ओली अथवा उनकी सरकार में गृह मंत्री रहे, रमेश लेखक तथा पूर्व आईजी चंद्र कुबेर खापुंग के खिलाफ कार्रवाई तय थी, क्योंकि जेन जी आंदोलन के समय हुई जनहानि और सरकारी संपत्तियों के नुकसान के कारणों की जांच के लिए गठित आयोग ने इन तीनों को जिम्मेदार ठहराया है।

सवाल केवल आंदोलन के समय नुकसान और जनहानि का ही नहीं है, ओली और उनके तत्कालीन सरकार के तमाम मंत्री और बड़े अफसरों के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। बड़े-बड़े धन्ना सेठों के करोड़ों-करोड़ बिजली बिल को भारी धनराशि वसूल कर रफा-दफा किया गया है। एक तरह से यह सरकारी खजाने की लूट है, जिसमें सत्ता दल के नेता और अफसरों ने जमकर लूट की। नकली भूटानी नागरिकता मामले में विभिन्न दलों के तमाम बड़े नेता और मंत्रियों पर आरोप लगे हैं। इनमें कई तो अभी भी जेल में हैं, जबकि कुछ जमानत पर बाहर आ गए।

नेपाल में सत्ता परिवर्तन का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, जनता ने ऐसा तो बिल्कुल भी नहीं सोचा था। राजनीति में 'बदले की भावना' भी एक अध्याय है, लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार करना ठीक था।

नेपाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरज़ू राणा के भी इस लूट में शामिल होने की चर्चा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने ने ऐसे तमाम भ्रष्टाचार की जांच की पहल की थी, लेकिन ओली सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया। नतीजा रवि लामी छाने को गृह मंत्री पद छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। इस तरह देखें तो नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद, जिसके भी नेतृत्व में सरकारों का गठन हुआ, सब के सब सिर्फ अपनी जेबें भरते रहे, अपने बेटी-बेटों और रिश्तेदारों का ख्याल करते रहे। कहना न होगा कि पूर्व की लोकतांत्रिक सरकारें जनता की सरकार न रहकर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम कर रहीं थीं, बेशर्मी की हद पार करते हुए।

जिन आरोपों में ओली और उनके गृह मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हुई है, देखें तो उसकी जद में पूर्व पीएम और माओवादी केंद्र के अध्यक्ष प्रचंड भी आ सकते हैं। राजशाही के खिलाफ चले जनयुद्ध में हजारों लोग मारे गए थे। प्रचंड ने कुछेक मौकों पर इस नरसंहार की जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ली थी। सार्वजनिक मंच से प्रचंड के इस कबूलनामे को अपराध स्वीकार करना मानते हुए ओली ने ही जांच आयोग गठित करने की बात कही थी। यदि बालेन सरकार ने ऐसा कर दिया, तो प्रचंड की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गए बालेन सरकार के इस जंग में अच्छे-अच्छों की मुसीबतें बढ़नी तय है और तब ऐसा हो सकता है कि अभी जो सारे दल अलग-अलग हैं, वे एक साथ मिलकर बालेन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने को एक जुट हो जाएं। बालेन सरकार की कार्रवाई यदि ओली, रमेश लेखक की गिरफ्तारी तक ही रही, तो उन पर दुर्भावना का आरोप लग सकता है। इस तोहमत से बचने के लिए एक-एक करके सभी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई मुमकिन है। इस बीच ओली की गिरफ्तारी के बाद उपजे आंदोलन और प्रदर्शन को लेकर नेपाली कांग्रेस में अलग-अलग मत उभर कर सामने आए हैं।

बालेन सरकार को सोचना होगा कि आंदोलन और प्रदर्शनों की दशा में उनके समक्ष जनता से किए गए वादों को पूरा कर पाना मुश्किल होगा, क्योंकि फिर उन्हें कानून-व्यवस्था से निपटने में ही वक्त जाया करना पड़ेगा। ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ काठमांडू में जिस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई, जाहिर है नवनियुक्त सरकार उससे असहज हुई है। हजारों की संख्या में एमाले कार्यकर्ता राजधानी की सड़कों पर उतर कर कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए। काठमांडू की मुख्य सड़कों पर मशाल जुलूस निकाल कर बालेन और गृह मंत्री सुडान गुरूंग के स्तीफे की मांग करते रहे। यह आंदोलन कुछ दिन और चल सकता है।

एमाले के पूर्व सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता कहते हैं कि जेन जी आंदोलन के उग्र होते ही ओली और गृह मंत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में सरकारी संपत्तियों के नुकसान और जनहानि की जिम्मेदारी इन पर कैसे हो सकती है। वहीं इस घटना की जांच के लिए गठित आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हामी नेपाल के संचालक सुडान गुरूंग (जो अब गृह मंत्री हैं) ने काठमांडू जिला प्रशासन से शांतिपूर्वक आंदोलन की अनुमति ली थी, फिर भी ओली सरकार उग्र और हिंसक प्रदर्शन को काबू करने में नाकामयाब रही।

आयोग ने रिपोर्ट में जिन्हें आरोपित किया है। उनके खिलाफ और गहनता से जांच की आवश्यकता बताई है, हालांकि जांच आयोग ने ओली के खिलाफ तीन साल से दस साल तक कारावास के सजा की संस्तुति की है। यह जानते हुए भी कि ओली किडनी रोग के गंभीर मरीज हैं और उनका जीवन डायलिसिस पर निर्भर है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



हमारे प्रदेश में (पीएम) मेहमान बनकर आए हैं, हम उनको मेहमान मानकर ही सम्मान सहित विदा करेंगे। जाने वालों की बात का बुरा नहीं माना जाता है। उम्र और पद का मान करना हमारे संस्कार में है और हमेशा रहेगा। सादर विदाई!
–अखिलेश यादव
सपा प्रमुख

प्रधानमंत्री को 'मेहमान' बताने वालों, कान खोलकर सुन लो, उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता का हर घर उनका अपना घर है। मेहमान तो वो हैं, जो पांच साल में एक बार चुनाव देखकर एसी कमरों से बाहर निकलते हैं और हार दिखने पर संस्कारों का रोना रोते हैं।
–पंकज चौधरी
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा



# महिला आरक्षण विधेयक में बदलाव की तैयारी


प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार बड़े संवैधानिक बदलाव की तैयारी में जुट गई है। संसद के दोनों सदनों से पारित इस विधेयक के प्रारूप में परिसीमन की शर्त को विलोपित कर सरकार की इच्छा लोकसभा और विधानसभाओं में 2027 से ही महिलाओं को आरक्षण देने की है। परिसीमन की शर्त के साथ इस प्रावधान को लागू करना 2029 से पहले संभव नहीं है। इस विधेयक में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए संसद और विधानसभा की सीटें आरक्षित करना जरूरी है। सरकार चालू सत्र में संविधान संशोधन विधेयक कैबिनेट से पास कराकर संसद में पेश कर सकती है। यह सत्र दो अप्रैल तक ही है, इसलिए गृह मंत्री जरूरी बहुमत के लिए विपक्षी दलों से सहमति बनाने में जुट गए हैं।

केंद्र सरकार ने देश की आधी आबादी का अभिनंदन करते हुए सितंबर 2023 में 128वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित किया था। लोकसभा में 27 साल से यह विधेयक लंबित था। इस विधेयक के पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत तय कर दी गई है। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें आरक्षित हो गई हैं। इन सीटों पर महिला प्रत्याशी ही चुनाव लड़ सकेंगी। यह आरक्षण की सुविधा 15 वर्ष के लिए तय की गई है, लेकिन मांग के अनुसार इसे बढ़ाया भी जा सकता है। देश में इस समय करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं।

महिला आरक्षण अधिनियम में केंद्र बड़े संवैधानिक बदलाव की तैयारी में है। सरकार की इच्छा लोकसभा और विधानसभाओं में 2027 से ही आरक्षण देने की है।

तकरीबन 27 साल पहले महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रारूप संयुक्त मोर्चा सरकार के कार्यकाल के दौरान गीता मुखर्जी ने तैयार किया था, लेकिन अक्सर इस विधेयक को लोकसभा सत्र के दौरान अंतिम दिनों में पटल पर रखा गया। इससे यह संदेह हमेशा बना रहा कि एचडी देवगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारें गठबंधन के दबाव और राजनीतिक असहमतियों के चलते ठोस इच्छा शक्ति नहीं जता पाईं थीं।

नौ मार्च 2010 में कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने जरूर इस विधेयक को राज्यसभा में पेश कर पास करा लिया था, लेकिन मनमोहन सिंह इसे लोकसभा से पारित नहीं करा पाए थे, जबकि उनके पास लोकसभा में स्पष्ट बहुमत था। इस सरकार को अपने ही सहयोगी दलों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। सहयोगी गठबंधन के सांसदों ने पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, इस विधेयक को अटका दिया था। यहां तक कि समर्थक दलों ने कांग्रेस को समर्थन वापसी की धमकी भी दे दी थी, हालांकि प्रजातंत्र में तार्किक असहमतियां, संवैधानिक अधिकारों व मूल्यों को मजबूत करने का काम करती हैं, लेकिन असहमतियां जब मुट्ठीभर सांसदों की अतार्किक हठधर्मिता का पर्याय बन जाएं, तो ये संसद की गरिमा और सदन की शक्ति को ठेंगा दिखाने वाली साबित होती हैं।

उस समय विधेयक से असहमत दलों की प्रमुख मांग थी, '33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को विधानमंडलों में आरक्षण का प्रावधान रखा जाए,' जबकि संविधान के वर्तमान स्वरूप में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के समुदायों को आरक्षण की सुविधा हासिल है। ऐसे में पिछड़े वर्ग की महिलाओं को लाभ कैसे संभव है? हमारे लोकतांत्रिक संविधान में धार्मिक आधार पर किसी भी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा इस बिना पर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की सुविधा कैसे हासिल हो सकती है? अब ऐसी जानकारी मिल रही है कि 33 प्रतिशत आरक्षित सीटों के अलावा अनारक्षित सीटों पर भी महिलाओं की उम्मीदवारी को प्राथमिकता देने का प्रावधान जोड़ दिया जाएगा। इससे एक तो संसद में महिलाओं की कुल हिस्सेदारी 38 प्रतिशत से बढ़कर करीब 40 फीसदी हो जाएगी।

हमारे देश में विकास को आंकड़ों और व्यक्तिगत उपलब्धि को संख्या बल की दृष्टि से देखने-परखने की आदत बन गई है। इस नाते हम मानकर चल रहे हैं कि 543 सदस्यीय लोकसभा में 181 महिलाओं की आमद दर्ज होने और 28 राज्यों की कुल 4123 विधानसभा सीटों में से महिलाओं के खाते में 1374 सीटें चली जाने से देश की समूची आधी आबादी की शक्ल बदल जाएगी। स्त्रीजन्य विषमताएं और भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। फिलहाल लोकसभा में 74 महिलाएं सांसद हैं। यह भागीदारी लगभग 14 प्रतिशत बैठती है। वहीं राज्यसभा में 42 महिला सांसद हैं, जो मात्र 17 प्रतिशत है। एक तिहाई आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर 181 और राज्यसभा में 73 हो जाएगी। 1952 में गठित पहली लोकसभा में सिर्फ 4.4 प्रतिशत यानी 489 में से महज 22 महिलाएं सांसद थीं। विधानसभाओं में महिला विधायकों की उपस्थिति केवल 9 फीसदी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# इलाहाबाद की स्मृतियां

इलाहाबाद लंबे समय तक साहित्य के केंद्र में था। छायावाद के तीन प्रमुख स्तंभ पंत, महादेवी और निराला की कर्मभूमि यदि इलाहाबाद था तो फ़िराक़, बच्चन, धर्मवीर भारती, कमलेश्वर, भैरव प्रसाद गुप्त, मार्कंडेय, अमरकांत, शेखर जोशी, दूधनाथ सिंह, ज्ञान रंजन, नरेश मेहता, सतीश जमाली, रविंद्र कालिया... यह फेहरिस्त बहुत लंबी है। खुशी और उत्साह के इस माहौल में पिछले दिनों अचानक मुझे इलाहाबाद से संबंधित एक किताब 'इलाहाबाद पैसेंजर' (उपन्यास) पढ़ने का अवसर मिला।


प्रतुल जोशी
स्वतंत्र लेखन

युवा लेखक संजीव राय ने अपने इस पहले उपन्यास के माध्यम से पिछली सदी के 8वें दशक के इलाहाबाद को बेहद कलात्मकता, मांसलता और सजीवता के साथ चित्रित किया है। उपन्यास की भावभूमि इलाहाबाद विश्वविद्यालय है। 'पूरब का ऑक्सफोर्ड' कहे जाने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय की विशेषता रही है कि यहां इलाहाबाद के आस-पास के ज़िलों से बड़ी संख्या में छात्र विद्याध्ययन के लिए आते रहे हैं। साथ ही अखिल भारतीय सेवाओं से लेकर प्रांतीय सेवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इलाहाबाद के वातावरण को बेहद अनुकूल माना जाता रहा था।

'इलाहाबाद पैसेंजर' का मुख्य किरदार हरिप्रताप (एचपी) है, जो उत्तर प्रदेश के बलिया ज़िले से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ने आया है। 1988 में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित हरिप्रसाद 18-19 साल का नवयुवक है। उपन्यास की भूमिका में संजीव राय लिखते हैं (यात्रा की पृष्ठभूमि) 'एचपी की अपनी जीवन यात्रा में एक से एक बकलोल, बड़े बड़े बकैत और भौकाली लोग आते हैं, जिनमें से कुछ अपने सपनों को साकार करते हैं, तो कुछ टूटे सपनों के साथ कई साल इलाहाबाद में रहने के बाद घर वापस चले जाते हैं, इस सबके बीच जिन कुछ दोस्तों को प्यार हुआ, जिन कुछ का दिल टूटा, उनको भी इन कहानियों में सहज रूप से जगह मिली है।

हॉस्टल और लल्ला चुंगी के अलावा एचपी का संसार यूनिवर्सिटी रोड की पान- चाय की टपरी, ममफोर्डगंज, कटरा में किसी दोस्त के कमरे पर अंडा करी-चावल का निमंत्रण, लक्ष्मी टॉकीज में रात के शो में फ़्री की फ़िल्म और कभी कभार सिविल लाइंस घूमने तक सीमित है। एचपी के साथ वाले कुछ आईएएस और पीसीएस में सेलेक्ट हो गए, कुछ के घर से जब पैसे आने बंद हो गए तो वे छात्र राजनीति में उतर आए और कुछ हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने लगे।

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# गैस संकट से निपटने को ठोस उपायों की जरूरत

खाड़ी देशों में चल रहे तनाव की वजह से उपजे गैस संकट ने रसोई के बजट और ऊर्जा सुरक्षा के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। सबसे बड़ी चुनौती स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 फीसदी हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50 फीसदी कच्चा तेल और 54 फीसदी एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। भारत दुनिया में एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है, जिसका उपयोग खाना पकाने के लिए किया जाता है।

गैस-तेल संकट पर पीएम मोदी ने संसद में कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशील भी है, सतर्क भी है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सिलेंडर की डिलीवरी में देरी हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। देशभर में सिलेंडर की कमी दिख रही है। खान-पान का कारोबार सीधे तौर पर प्रभावित हुआ है। इन सबके बीच एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग को लेकर एक बार फिर बड़ा बदलाव किया गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के अनुसार, अब जिनके यहां दो एलपीजी सिलेंडर हैं, उन्हें 35 दिन बाद गैस सिलेंडर की बुकिंग दी जाएगी, हालांकि सिंगल सिलेंडर वालों के लिए बुकिंग की अवधि फिलहाल 25 दिन ही रहेगी। इसके अलावा, उज्जवला योजना वाले उपभोक्ताओं की 45 दिन बाद बुकिंग स्वीकार की जाएगी। कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति शासन के आदेशानुसार सिर्फ आपात सेवाओं और शिक्षण संस्थानों के लिए की जा रही है।


रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो 2014 तक देश में केवल 14 करोड़ एलपीजी कनेक्शन थे, जो अब दोगुने से भी अधिक बढ़कर 33 करोड़ हो गए हैं। भारत सरकार ने 'उज्ज्वला' या 'प्रकाश' स्वच्छ ऊर्जा योजना को बढ़ावा दिया है, जिसके तहत गरीब परिवारों को 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। बढ़ती जरूरतों के लिहाज से पिछले एक दशक में सरकार ने एलपीजी बॉटलिंग क्षमता को दोगुना कर दिया है, जबकि वितरण केंद्रों की संख्या 13,000 से बढ़कर 25,000 हो गई है।

भारत ने पिछले 11 साल में अपनी क्रूड ऑयल इंपोर्ट का डाइवर्सिफिकेशन किया है। पहले 27 देशों से एनर्जी इम्पोर्ट होता था, आज 41 देशों से इम्पोर्ट हो रहा है। वैश्विक संकट के आर्थिक असर को देखते हुए पीएम मोदी ने राज्यसभा में बताया कि भारत सरकार ने सात नए एंपावर्ड ग्रुप्स का गठन किया है। ये ग्रुप पेट्रोल, डीजल, गैस और सप्लाई चेन जैसी चुनौतियों पर 24 घंटे नजर रखेंगे। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देश भर में लगातार छापेमारी की जा रही है। भारत में रसोई गैस सिलेंडर की समस्या आज की नहीं है। पहले की सरकारों के समय भी यह समस्या रही है। इस समस्या की मूल वजह है, सरकार के पास गैस भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था न होना। चूंकि गैस का भंडारण महंगा पड़ता है, इसलिए भारत ने खुद को लगातार आपूर्ति पर ही निर्भर बनाए रखा। मौजूदा सरकार ने भी गैस के भंडारण की समुचित व्यवस्था करने की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किए। भारत में हर दिन 80 हजार टन एलजीपी की आवश्यकता है परन्तु भारत की भंडारण क्षमता सिर्फ डेढ़ लाख टन है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच इलेक्ट्रिक वाहन अब विकल्प से आगे बढ़कर बन रहे भविष्य की जरूरत बन रहे हैं। ईरान युद्ध के कारण मार्च माह में अब तक इलेक्ट्रिक कारों और दोपहिया वाहनों की बिक्री में दर्ज किया गया है बड़ा उछाल

# ईंधन की महंगाई के डर ने ईवी की मांग बढ़ाई

पश्चिम एशिया में एक माह से ज्यादा समय से जारी अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष ने वैश्विक तेल बाजार और ऑटोमोबाइल उद्योग को बुरी तरह प्रभावित किया है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और हॉर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से दुनिया भर में गहराते पेट्रोल-डीजल तथा गैस के संकट को देखते हुए लोगों की मांग इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की तरफ मुड़ती नजर आ रही है। भविष्य में ईंधन की कीमतें तेजी से बढ़ने की आशंका के कारण उपभोक्ता पेट्रोल-डीजल या सीएनजी कारों का मोह छोड़कर इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि देश में पेट्रोल-डीजल या सीएनजी की खुदरा कीमतें नहीं बढ़ी हैं, लेकिन लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में दाम बढ़ाए जा सकते हैं। उनकी इस आशंका की झलक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और कार डीलरों से मिल रही है। बीते 15 दिनों में नई ईवी के लिए पूछताछ में 30 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई है। आटो सेक्टर विशेषज्ञ भी मौजूदा हालात में ईवी और प्लग-इन हाइब्रिड-इलेक्ट्रिक वाहनों (पीएचईवी) के साथ इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहनों की मांग बढ़ने से इंकार नहीं कर रहे हैं।



**30%**
नई ईवी की मांग में और पुरानी ईवी की मांग में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है।

**20%**
की वृद्धि हुई है इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए होम चार्जर की मांग में

**1.38**
लाख यूनिट्स हो चुकी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री मार्च माह में

**2025**
में लगभग 13 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बिके थे देश में

**80%**

## बैटरी चार्ज करें, फास्ट चार्जिंग जरूरत पर ही अपनाएं

- इलेक्ट्रिक वाहन में सबसे जरूरी पार्ट उसकी बैटरी होती है। कई कार कंपनियां ईवी की बैटरी पर लाइफटाइम वारंटी देती हैं। इससे बड़ी खराबी आने पर परेशान होने की जरूरत नहीं होती है। लेकिन, फिर भी कुछ छोटी-मोटी बातों का ध्यान रखकर ग्राहक बैटरी की क्षमता और कार्यकुशलता बढ़ा सकते हैं। जैसे कार की बैटरी को हर समय 100 फीसदी चार्ज रखना जरूरी नहीं है। स्मार्ट फोन की तरह ही इसे आप 80 फीसदी तक चार्ज रख सकते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि बैटरी पूरी तरह डिस्चार्ज न होने पाए। 20 फीसदी से कम चार्जिंग होते ही बैटरी को चार्जर से कनेक्ट कर दें।
- कई इलेक्ट्रिक कारों में फास्ट चार्जिंग की सुविधा होती है, जिससे उन्हें आधा या पौन घंटे में ही चार्ज किया जा सकता है, जबकि साधारण चार्जर से कार को फुल चार्ज करने में सात घंटे का समय लगता है। फास्ट चार्जिंग की सुविधा अच्छी है लेकिन, इसका इस्तेमाल हमेशा नहीं करना चाहिए। फास्ट चार्जिंग में बैटरी को कम समय में बहुत ज्यादा पावर दी जाती है, जिससे हीट जेनरेट होती है और यह हीट समय के साथ बैटरी की क्षमता को प्रभावित करती है। ऐसे में समय नहीं हो और लंबी यात्रा पर जाना हो, तभी फास्ट चार्जर का इस्तेमाल करना चाहिए।

## ईवी कंपनियां जल्द ला सकती बैटरी-एज-ए-सर्विस मॉडल

- ईवी निर्माता कंपनियों ने भी लोगों का रुझान देखते हुए नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। इसमें बैटरी-एज-ए-सर्विस मॉडल को अपनाने की बात कही जा रही है, जिसमें ग्राहक को बैटरी की पूरी कीमत एक साथ नहीं देनी होगी। इस कदम से ईवी खरीदना पेट्रोल कार जितना सस्ता हो जाएगा। सरकार भी युद्ध की स्थिति को देखते हुए देश में ही बैटरी सेल बनाने पर अधिक जोर दे रही है ताकि बाहरी देशों पर निर्भरता कम की जा सके। वैसे भी भारत सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक सभी नए वाहनों की बिक्री का कम से कम 30 फीसदी हिस्सा ईवी हो, ऐसे में वर्तमान संकट इस बदलाव को और गति देगा, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## 23 दिन में 11 हजार इलेक्ट्रिक कारों की ब्रिकी

- कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता के कारण मार्च माह के 23 दिनों में ही इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण पिछले साल के मार्च माह के कुल आंकड़ों का 90 फीसदी से अधिक हो चुका है। आंकड़ों के अनुसार 11 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक कारों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, साल 2025 के मार्च माह में कुल 12,356 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री हुई थी। इसी अवधि में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री करीब 1.38 लाख यूनिट्स हो चुकी है, जो पिछले साल इसी महीने में कुल बिक्री 1.31 लाख से काफी अधिक है।

## पिछले साल से 20% उछाल का अनुमान

- पुरानी कारों का कारोबार करने वालों की मानें तो युद्ध के कारण कार खरीदने का ट्रेंड भी बदलता नजर आ रहा है। बाजार में यूज्ड ईवी के लिए पूछताछ और मांग बढ़ गई है। युद्ध और लंबा खिंचता है, तो यह बदलाव आने वाले समय में और रफ्तार पकड़ सकता है। ऑटो बाजार के आंकड़ों के मुताबिक देश में साल 2025 में लगभग 13 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बिके थे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसदी से अधिक की वृद्धि थी। यदि खुदरा ईंधन की कीमतें बढ़ती हैं, तो इस वर्ष यह वृद्धि दर 20 फीसदी से अधिक रहने की उम्मीद लगाई जा रही है।

मनोज त्रिपाठी, कानपुर


## काम की बात

### ड्राइविंग टिप्स



- यू-टर्न लेते समय हमेशा पहले गियर का इस्तेमाल करें। मुड़ने से पहले गाड़ी को थोड़ा बाईं ओर (सफेद पट्टी के पास) ले जाएं ताकि मुड़ने के लिए पर्याप्त जगह मिल सके। इसी तरह टर्न सिग्नल्स पर मुड़ने से पहले हमेशा इंडिकेटर का प्रयोग करें और शीशों में पीछे से आने वाले वाहनों को देखें। हाईवे पर अपनी लेन में रहें और ओवरटेक करते समय सावधानी बरतें। लंबी यात्रा के दौरान हर तीन घंटे में ब्रेक जरूर लें।

### क्लच पैडल की सेटिंग



- अगर क्लच पैडल की हाइट और फ्री प्ले सही नहीं है तो कई तरह की समस्याएं हो सकती है, जैसे क्लच स्लिप होना, गियर बदलने में दिक्कत आना, इंजन पर एक्स्ट्रा दबाव और क्लच प्लेट और अन्य पाट्र्स जल्दी खराब होना। इन समस्याओं को नजरअंदाज करने पर क्लच पूरी तरह खराब हो सकता है। क्लच की लाइफ बढ़ाने के लिए बेवजह क्लच पर पैर रखकर न चलाएं, ब्रेक लगाते समय हर बार क्लच न दबाएं, सिग्नल पर गाड़ी न्यूट्रल में रखें। चढ़ाई पर क्लच की बजाय हैंड ब्रेक का इस्तेमाल करें।

### इस तरह रखें ख्याल



- गर्मियों में कार को कोशिश करें कि कवर्ड पार्किंग, पेड़ या बिल्डिंग की छाया में खड़ी करें। इससे कार का केबिन ज्यादा गर्म नहीं होगा। इसी तरह धूप में तपती कार में बैठते ही तुरंत एसी न चलाएं। पहले विंडो नीचे करें या डोर खोलकर एक मिनट रुकें, ताकि अंदर की गर्मी बाहर निकल जाए, इसके बाद एसी चालू करके उसे धीरे-धीरे बढ़ाएं। इसी तरह कार की विंडो पर सनशेड भी लगाकर बाहर की गर्मी रोक सकते हैं।

### गर्मियों में कार मेंटेनेंस



- कूलेंट स्तर, बैटरी, टायर प्रेशर और एसी की जांच नियमित रूप से करें। डैशबोर्ड को ढकें, और इंजन को ठंडा रखने के लिए सही कूलेंट का इस्तेमाल करें। इंजन को ओवरहीटिंग और पेंट को खराब होने से बचाएं। कूलेंट स्तर, बैटरी, टायर प्रेशर और एसी की जांच नियमित रूप से करें।

## रॉयल एनफील्ड की नई गुरिल्ला-450 स्मार्ट और स्पोर्टी

मिडसाइज मोटरसाइकल सेगमेंट में दुनिया की नंबर एक कंपनी रॉयल एनफील्ड ने देश में अपनी नई गुरिल्ला-450 लॉन्च कर दी है। यह अपडेटेड मॉडल बाइक हिमालयन 450 वाले दमदार प्लेटफॉर्म पर आधारित है, लेकिन इसे सड़क पर तेज और आरामदायक राइडिंग के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने ग्राहकों के फीडबैक को ध्यान में रखते हुए इसमें कई सुधार करके इस बाइक को पहले से ज्यादा आधुनिक बना दिया है। नया मॉडल ज्यादा अग्रेसिव लुक और बेहतर टायरों के साथ नई खूबियों से लैस है। इसमें पीछे की सीट पर एक सीट काउल दिया गया है, जिसे हटाकर आप पीछे सवारी बैठा सकते हैं। इस बार कंपनी ने लाइनअप में एक नया एपेक्स वेरिएंट भी जोड़ा है। यह उन लोगों के लिए है जिन्हें स्पोर्टी लुक और आक्रामक राइडिंग पोजीशन पसंद है। यह खासतौर पर उन युवाओं को आकर्षित करेगा जो शहर के भीतर एक पावरफुल और स्टाइलिश बाइक चलाना चाहते हैं। गुरिल्ला 450 की एक्स-शोरूम कीमत 2.49 लाख रुपये से 2.72 लाख रुपये के बीच रखी गई है। इसे चार मुख्य वेरिएंट्स एनालॉग, डैश, फ्लैश और एपेक्स में पेश किया गया है। बाइक की बुकिंग शुरू हो चुकी है और बिक्री 31 मार्च से शुरू करने के लिए कहा जा रहा है।



## फरारी की सुपर लग्जरी कार ‘849 टेस्टारोसा’

भारत में लग्जरी और सुपरकारों की तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए फरारी ने अपनी नई फ्लैगशिप सुपर कार ‘849 टेस्टारोसा’ को देश में लॉन्च कर दिया है। यह कार कंपनी की पॉपुलर सुपरकार एसएफ 90 स्ट्राडेल की जगह लेगी। फरारी 849 टेस्टारोसा परफॉर्मेंस और लग्जरी दोनों मामलों में काफी खास रहने वाली है। इस नई सुपरकार को मॉडर्न टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ शानदार डिजाइन और पावरफुल इंजन के साथ पेश किया गया है। इस कार में 16 इंच का बड़ा डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जिससे ड्राइवर को सारी जरूरी जानकारी आसानी से मिल जाती है। इसके अलावा इसमें 9 इंच का टचस्क्रीन डिस्प्ले भी है। यह सिस्टम वायरलेस एन्ड्रायड ऑटो और एपल कारप्ले को सपोर्ट करता है, जिससे स्मार्टफोन आसानी से कनेक्ट किया जा सकता है। कार में 7 स्पीकर वाला ऑडियो सिस्टम भी दिया गया है, जो बेहतरीन साउंड क्वालिटी का अनुभव कराता है। प्रीमियम इंटीरियर, मॉडर्न डिजाइन और एलईडी हेडलाइट्स जैसे शानदार फीचर्स इस सुपरकार को लग्जरी और टेक्नोलॉजी का बेहतरीन कॉम्बिनेशन बनाते हैं। रफ्तार के मामले यह कार यह सिर्फ 2.3 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड पकड़ लेती है। इसकी टॉप स्पीड 330 किलोमीटर प्रति घंटा है। माना जा रहा है कि फरारी 849 टेस्टारोसा का भारत में मुकाबला लैंबॉर्गिनी रेव्यूल्टो से होगा। फिलहाल फरारी ने अपनी इस कार की एक्स-शोरूम कीमत 10.38 करोड़ रुपये के आसपास रखी है। कार की डिलीवरी अगले दो माह के भीतर शुरू कर दी जाएगी।



## मारुति लाएगी नई मॉडर्न व स्टाइलिश 7-सीटर ई-कार



मारुति सुजुकी अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा के बाद अब एक नई 7-सीटर इलेक्ट्रिक कार उतारने की तैयारी में जुट गई है। यह नई मॉडर्न और स्टाइलिश कार MPV सेगमेंट में उतारी जाएगी। कंपनी की योजना साल 2030 तक देश के बाजार में अपने मॉडल्स की संख्या बढ़ाकर बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने की है, जिसमें इलेक्ट्रिक कारों का बड़ा हिस्सा होगा। अपनी नई 7-सीटर ईवी को कंपनी YMC कोडनेम दिया गया है और यह 27पीएल प्लेटफॉर्म पर तैयार की जा रही है। माना जा रहा है कि इस कार में जापान में बिकने वाली सुजुकी स्पेसिया की झलक देखने को मिलेगी। इस नई इलेक्ट्रिक MPV का डिजाइन थोड़ा बॉक्सी हो सकता है, ताकि लोगों को अंदर थोड़ी ज्यादा जगह मिल सके। इसके लिए तीन पंक्तियों में इस तरह सीटिंग दी जाएगी, जिससे 7 लोग आराम से बैठ सकें। इस कार के बारे में जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक चौकोर हेडलाइट्स, बड़ी ब्लैक ग्रिल पर क्रोम फिनिश और बड़ा मजबूत बंपर दिया जाएगा। भले ही इस कार में स्लाइडिंग डोर न दिए जाएं, लेकिन डिजाइन में बलेनो और फ्रांक्स के कुछ फीचर्स देखने को मिल सकते हैं। इस कार में 49kWh और 61kWh बैटरी पैक के विकल्प मिल सकते हैं। छोटी बैटरी के साथ 440 किमी और बड़ी बैटरी के साथ 543 किमी की रेंज मिलने की उम्मीद है। इसमें वही पावरट्रेन इस्तेमाल किया जाएगा जो ई-विटारा में दिया गया है। मारुति की यह कार अगले साल लॉन्च होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## केटीएम 350 ड्यूक और एडवेंचर अगले माह होंगी लॉन्च

आस्ट्रियाई मोटरसाइकिल ब्रांड केटीएम एक बार फिर बाइक बाजार में हलचल मचाने को तैयार है। नई केटीएम 350 ड्यूक और 350 एडवेंचर अगले माह लॉन्च होने वाली है। देश में 350 सीसी इंजन वाली मोटरसाइकिलों की मांग पिछले साल लागू किए गए संशोधित जीएसटी ढांचे के कारण अचानक बढ़ी है। नए कर कानूनों में 350 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों को विलासिता की वस्तु माना जाता है, और उन पर 40 फीसदी कर लगता है, जबकि 350 सीसी या उससे कम इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर 18 फीसदी कर देय है। केटीएम 390 ड्यूक में 399 सीसी का इंजन लगा होने से यह 40 फीसदी कर के दायरे में आती है। ऐसे में इंजन का डिस्प्लेसमेंट घटाकर 350 सीसी से थोड़ा नीचे लाकर केटीएम ने कर में 22 फीसदी की बचत की है। इससे कंपनी को कीमतों के मामले प्रतिस्पर्धी रुख अपनाने का मौका मिला है। कंपनी का कहना है कि दमदार परफॉर्मेंस बनाए रखकर, लागत कम की है। फिलहाल एक्स शो रूम कीमत 2.60 लाख से 2.80 लाख कर होना संभावित है। कंपनी का दावा है कि पॉवर क्षमता कम होने के बावजूद ये बाइक्स दिखने और चलाने में मौजूदा 390सीसी बाइक्स से काफी मिलती-जुलती होंगी। कंपनी स्टाइल, आक्रामक लुक और दमदार इंजन की खूबियां बरकरार रहने का भरोसा दिला रही है। बस इंजन का आकार थोड़ा छोटा (शॉर्ट स्ट्रोक) होगा, लेकिन केटीएम का मूल अनुभव बरकरार रहेगा। माना जा रहा है कि केटीएम ड्यूक 350 एडवेंचर बाइक प्रेमियों के लिए वह बेहतरीन विकल्प साबित हो सकती है, जिसकी उन्हें जरूरत थी।



## 36 हजार करोड़ से ज्यादा का ऑटो रिक्शा बाजार

कॉम्पैक्ट डिजाइन, संकरी गलियों में सुगमता और कम दूरी की यात्रा में उपयोगिता के कारण ऑटो रिक्शा (थ्री व्हीलर) अब देश के छोटे-छोटे शहरों में परिवहन का महत्वपूर्ण सर्व सुलभ साधन बन चुके हैं। बड़े शहरों में भी यातायात जाम वाले तथा बड़े वाहनों के लिए प्रतिबंध वाले इलाकों में आवाजाही और माल ढुलाई में ऑटो रिक्शा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों के चलते देश में ऑटो रिक्शा का बाजार जो कि साल 2025 में लगभग 36,000 करोड़ रुपये था, इसके 2031 तक 70,000 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। इस बढ़ती मांग में मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा की हिस्सेदारी 2030 तक 65-75% तक होने का अनुमान है। बजाज ऑटो इस बाजार का अग्रणी ब्रांड है, जो 60% से अधिक हिस्सेदारी रखता है। इसके बाद महिंद्रा और पियाजियो का स्थान है। पिछले वित्त वर्ष में ऑटो रिक्शा की बिक्री ने करीब 8 लाख यूनिट्स के साथ एक नया रिकॉर्ड बनाया था। इस आंकड़े के साथ भारत दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बाजार बन गया है। 2025 में वैश्विक इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बिक्री में भारत की हिस्सेदारी करीब 60% रही है।



### दुनिया को ‘ऑटो रिक्शा’ शब्द भारत ने दिया

- ऑटो रिक्शा से हर किसी की यादें जुड़ी हैं। दुनिया को ‘ऑटो रिक्शा’ शब्द भारत की ही देन है। वर्ष 1947 में भारत को अंग्रेजों से आजादी मिली और कई उद्योगपतियों ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम शुरू किया। वर्ष 1948 में फिरोडिया ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को अपना ऑटो-रिक्शा दिखाया। फिरोडिया ने इसके लिए उस समय बछराज ट्रेडिंग कारपोरेशन के के साथ जॉइंट वेंचर बनाया था, बाद में यही कंपनी बजाज ऑटो के नाम से जानी गई। उस समय देश में उत्पादन के लिए लाइसेंस लेना होता था।

### बीएसपीटीसीएल को सूचीबद्ध कराने की योजना

**नयी दिल्ली।** बिहार सरकार अपनी बिजली पारेषण कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की तैयारी कर रही है। बिहार के बिजली सचिव मनोज कुमार सिंह ने साक्षात्कार में कहा कि हम अपनी पारेषण कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की योजना बना रहे हैं और मर्चेंट बैंकर की नियुक्ति के लिए रुचि पत्र (ईओआई) जारी किया है।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**– तुलसी 2625, राज श्री 1990, फ़ॉर्चून कि. 2645, रविन्द्रा 2515, फॉर्चुन 13kg 2320, जय जवान 2170, सचिन 2290, सूरज 2170, अवसर 2100, उजाला 2170, गृहणी 13 kg 2145, क्लासिक (kg) 2485, मोर 2375, चक्र टिन 2580, ब्लू 2395, आशीर्वाद मस्टर्ड 2485, स्वास्तिक 2565

**किराना**– निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल**– (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन**– मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**– पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, धामपुर 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 149000, सोना गिन्नी 145000, चांदी पक्की 2300 (अनुमानित)

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में**–

**चावल:** शरबती– 3800 मसूरी– 1200 बासमती– 7000–7900 परमल– 1200–3600

**दाल दलहन**– काला चना– 2200–3000 साबुत चना दाल– 1000 मूंग साबुत– 5200 राजमा– 7700–12400 दाल उड़द– 5200 साबुत मसूर दाल– 2200 मसूर दाल– 1400 उड़द साबुत– 10400 काबुली चना– 5400–10200 अरहर दाल– 10000 –12200 लोबिया/करमानी– 1600–3100

# संकट प्रभावित क्षेत्रों के लिए और राहत पैकेज पर विचार कर रही सरकार

## मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा - मौजूदा हालात में प्रभावित व्यवसायों को तुरंत राहत देने की जरूरत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की स्थिति में सरकार अर्थव्यवस्था के कमजोर वर्गों, खासकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए और राहत पैकेज ला सकती है।

सूत्रों के अनुसार, सरकार पहले ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती जैसे कई कदम उठा चुकी है और जरूरत पड़ने पर आगे भी राहत उपाय करने से पीछे नहीं हटेगी। सरकार ने पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल को इस कर से मुक्त कर दिया है, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर आम लोगों पर कम पड़े।

साथ ही, देश में उपलब्धता बढ़ाने के लिए डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर फिर से शुल्क लगाया गया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इस महीने की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमत 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। इससे पहले सरकार ने निर्यातकों को उनकी निर्यात प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए कुछ रियायतें दी थीं।

पश्चिम एशिया संकट के बाद से कारोबारी समुदाय की दिक्कतें बढ़ी हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि मौजूदा हालात में सरकार को सबसे अधिक प्रभावित व्यवसायों और परिवारों को तुरंत राहत देने की जरूरत है।

### एटीएफ पर टैक्स कम कराने के प्रयास में मंत्रालय

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** नागर विमानन मंत्रालय एयरलाइन कंपनियों पर पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए कई विकल्प तलाश रहा है। इसमें एक विकल्प राज्य सरकारों के साथ मिलकर विमान ईंधन (एटीएफ) पर कर को कम करना है। पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। उसके बाद हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधों के चलते एयरलाइन कंपनियों की परिचालन लागत बढ़ रही है। एक उच्चस्तरीय सूत्र ने कहा कि मंत्रालय बड़े प्रयासों के हिस्से के रूप में एयरलाइंस पर पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रहा है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और मंत्रालय ने जेट ईंधन पर कर कम करने की संभावना को लेकर मुख्यमंत्रियों और राज्य सरकारों के साथ चर्चाएं शुरू की हैं। एयरलाइन की कुल परिचालन लागत में एटीएफ का हिस्सा करीब 40% होता है। विभिन्न राज्यों में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर टैक्स अलग-अलग होता है।

# पश्चिम एशिया संघर्ष और कच्चे तेल के दाम तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा




**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- **विदेशी निवेशकों का प्रवाह, रुपये का उतार-चढ़ाव और वृहद वैश्विक बाजार रुख तय करेंगे धारणा : विश्लेषक**

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर और वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा रुपये-डॉलर का रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में धारणा को प्रभावित करेंगी।

शेयर बाजार मंगलवार को महावीर जयंती और शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कह कि इस सप्ताह वैश्विक वृहद घटनाक्रम खासकर कच्चे तेल की कीमतें और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्षविराम को लेकर बातचीत की प्रगति से बाजार की दिशा प्रभावित होगी। विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह बढ़ाने के लिए रुपये की स्थिरता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर, फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और मार्च का एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई महत्वपूर्ण रहेगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कमजोर होते रुपये के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने घरेलू शेयर बाजार से 1.14 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.3 अरब डॉलर) निकाले हैं।

पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया। वहीं ईरान ने इसके जवाब में अमेरिका के सहयोगी देशों और तेल अवीव पर हमले किए। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि आगे देखें तो, बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है और भूराजनीतिक घटनाक्रम इसकी प्रमुख वजह हैं। निवेशकों की निगाह पश्चिम एशिया की स्थिति पर रहेगी। संघर्ष बढ़ने या घटने का धारणा पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

विदेशी निवेशकों का प्रवाह, रुपये का उतार-चढ़ाव और वृहद वैश्विक बाजार रुख निकट भविष्य में धारणा तय करेंगे। बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 949.74 अंक या 1.27 प्रतिशत नीचे आया। वहीं एनएसई निफ्टी 294.9 अंक या 1.27 प्रतिशत के नुकसान में रहा।लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा-आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक वैश्विक रुख से तय होने की उम्मीद है।

# ईंधन, एलपीजी आपूर्ति के लिए सरकार ने तेज किए प्रयास

## पश्चिम एशिया संकट के चलते घबराहट में खरीदारी से बचने की लोगों से की अपील

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बीच सरकार ने देश में ईंधन और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम तेज कर दिए हैं। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर ज्यादा खरीदारी से बचने की अपील की है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने बयान में कहा कि देश में रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता भी पूरे देश में पर्याप्त है और पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

मंत्रालय ने बताया कि कुछ राज्यों में अफवाहों के कारण लोगों ने घबराकर ज्यादा खरीदारी की, जिससे कुछ पेट्रोल पंप पर भीड़ और बिक्री में अचानक बढ़ोतरी देखी गई। हालांकि, देश के सभी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। साथ ही डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क भी लगाया गया है।

गैस क्षेत्र में घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। पाइप से मिलने वाली गैस (पीएनजी) और सीएनजी के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जबकि उद्योगों को उनकी सामान्य जरूरत का करीब 80 प्रतिशत गैस मिल रही है। उर्वरक कारखानों को 70-75 प्रतिशत गैस दी जा रही है और अतिरिक्त एलएनजी की व्यवस्था भी की जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि शहरों में गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार तेज किया जा रहा है और एलपीजी की जगह पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मार्च में 2.9 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन जोड़े गए हैं।

बयान में कहा गया कि एलपीजी की आपूर्ति पर अंतरराष्ट्रीय हालात का असर पड़ा है, लेकिन फिलहाल किसी तरह की कमी की सूचना नहीं है। रोजाना 55 लाख से अधिक सिलेंडर की डिलिवरी हो रही है और दुरुपयोग रोकने के लिए सख्ती बढ़ाई गई है।

मंत्रालय ने बताया कि व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और इसमें होटल, खानपान सेवाओं और जरूरी उद्योगों को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार ने मिट्टी के तेल (केरोसिन) की आपूर्ति भी बढ़ाई है और जमाखोरी व कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई तेज की है। हाल ही में करीब 2,900 छापे मारे गए और लगभग 1,000 सिलेंडर जब्त किए गए।

बयान में कहा गया कि राज्यों को निगरानी बढ़ाने, रोजाना जानकारी देने, अफवाहों पर रोक लगाने और गैस से जुड़े ढांचे के काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की अनावश्यक खरीदारी से बचें।

### प. एशिया संकट पर सरकार की प्रतिक्रिया भरोसेमंद : सीआईआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट से पैदा हुई समस्याओं पर सरकार की तेज, समन्वित और संतुलित प्रतिक्रिया की सराहना की। साथ ही, उद्योग मंडल ने भारत के उद्योग जगत के लिए 12-सूत्रीय योजना भी पेश की, ताकि सरकार के प्रयासों को और मजबूत किया जा सके।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि हालांकि नीतिगत प्रतिक्रिया ने तात्कालिक जोखिमों को कम कर दिया है, लेकिन बदलती स्थिति के लिए सरकार और उद्योग के बीच निरंतर समन्वय की आवश्यकता है।

बनर्जी ने कहा कि नीतिगत दृष्टिकोण ने उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने और व्यवहार्य उद्यमों का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया है। बनर्जी ने कहा कि सरकार की प्रतिक्रिया समय पर, संतुलित और भरोसेमंद रही है। यह सरकार के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुचारू रखना, निर्यातकों का समर्थन करना, परिवारों की सुरक्षा करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखना है।

# दिल्ली-एनसीआर में आवास बिक्री में 17 फीसदी की गिरावट: एनारॉक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण नकारात्मक धारणा के चलते जनवरी-मार्च की अवधि में दिल्ली-एनसीआर में घरों की बिक्री तिमाही आधार पर 17 प्रतिशत घटकर लगभग 16,000 इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र की परामर्श कंपनी एनारॉक ने यह जानकारी दी।

हालांकि, सालाना आधार पर मांग में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसका कारण पिछले साल का निचला आधार प्रभाव है। एनारॉक के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में जनवरी-मार्च की मौजूदा अवधि के दौरान घरों की बिक्री 15,985 इकाई रही, जो इससे पिछली तिमाही के 19,250 इकाई की तुलना में 17 प्रतिशत कम है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री पिछले वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 11,120 इकाई की तुलना में 44 प्रतिशत बढ़ी है। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि भारत के आवास क्षेत्र के दीर्घकालिक बुनियादी सिद्धांत मजबूत बने हुए हैं, लेकिन ईरान युद्ध के अल्पकालिक प्रभाव पहली तिमाही में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए।

### ओला इलेक्ट्रिक को ग्राहक का स्कूटर बदलने या पैसा लौटाने का निर्देश

**मुंबई, एजेंसी।** ठाणे के एक उपभोक्ता आयोग ने ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज को खराब इलेक्ट्रिक स्कूटर बदलने या पूरा पैसा ग्राहक को लौटाने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि यह कंपनी की ओर से 'गंभीर खामी' का मामला है।जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (अतिरिक्त ठाणे) ने हाल ही के एक आदेश में कहा कि बेंगलुरु की यह विनिर्माता कंपनी अनुचित व्यापार व्यवहार में शामिल है। आयोग ने कहा कि मामले को देखने पर पता चलता है कि उपयुक्त वाहन सही स्थिति में नहीं था और इसमें कई तरह की खामियां थीं।

# एआई से नहीं जाएंगी नौकरियां, काम होगा आसान

## भारत में 50,000 लोगों की भर्ती की योजना पर काम कर रही है डेलॉयट

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- **सीओओ ने बताया-जल्द ही शुरू करेंगे क्वांटम उत्कृष्टता केंद्र**

कृत्रिम मेधा (एआई) से बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए डेलॉयट के दक्षिण एशिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नितिन केनी ने कहा है कि कंपनी भारत में 50,000 लोगों की भर्ती की योजना पर काम कर रही है और इसमें कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकी के अनुरूप कौशल बढ़ाने पर खास जोर दिया जा रहा है। एक साक्षात्कार में केनी ने बताया कि डेलॉयट देश में तेजी से विस्तार और निवेश की योजना पर काम कर रही है और जल्द ही 'क्वांटम उत्कृष्टता केंद्र' शुरू करने की तैयारी है।

उन्होंने कहा कि एआई के कारण नियुक्तियों पर असर पड़ने की चिंता सही नहीं है। डेलॉयट एआई को नौकरियां कम करने वाला साधन नहीं मानती, बल्कि काम को ज्यादा आसान और प्रभावी बनाने का जरिया मानती है। केनी ने कहा कि नौकरियों में कटौती करना कोई समाधान नहीं है। जरूरी है कि लोगों के कौशल को बढ़ाया जाए, ताकि वे नई प्रौद्योगिकी के साथ मिलकर अधिक मूल्य वाले और जटिल काम कर सकें। उन्होंने बताया कि कंपनी अब तक करीब 30,000 कर्मचारियों को एआई का प्रशिक्षण दे चुकी है, जबकि लगभग 20,000 कर्मचारी कंपनी के अपने मंच पर काम करने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि डेलॉयट के कुल वैश्विक कर्मचारियों में से लगभग एक-तिहाई भारत में काम करते हैं, जिससे भारत कंपनी के लिए एक अहम बाजार है। केनी ने कहा कि कंपनी अपनी आय का करीब नै प्रतिशत हिस्सा कौशल विकास, क्षमता बढ़ाने और नए प्रयोगों पर खर्च करती है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# केरल: पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो कहा-अगली सरकार हमारी

## एलडीएफ और यूडीएफ ने केरल को लूटा है, इनसे सावधान रहें

**त्रिशूर (केरल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रचार अभियान के तहत रविवार को यहां एक रोड शो किया। वहीं पलक्कड़ में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि केरल में अगली सरकार राजग ही बनाएगा।

रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में लोग उनकी एक झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। रोड शो की शुरुआत जिला अस्पताल के निकट हुई। भीषण गर्मी की परवाह किये बिना, लोग कई घंटे पहले सड़क के किनारे एकत्र हो गए थे और नारे लगा रहे थे और अपने मोबाइल फोन से उन पलों की फोटो खींच रहे थे जब प्रधानमंत्री ने एक खुले वाहन से उनका अभिवादन स्वीकार किया। त्रिशूर जिले में राजग के प्रमुख उम्मीदवारों पद्मजा वेणुगोपाल और लोकसभा में त्रिशूर का प्रतिनिधित्व करने वाले केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने रोड शो में हिस्सा लिया। पलक्कड़ में चुनाव रैली को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूडीएफ और एलडीएफ दोनों पर निशाना साधते हुए उन पर दशकों तक भ्रष्टाचार करने और राजनीतिक अवसरवादिता में लिप्त होने का रविवार को आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि दशकों से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने मिलकर केरल को लूटा है... इस व्यवस्था में हमारा केरल फंसा रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी... आपको दोनों से सावधान रहना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और आपके सहयोग से हम यहां सरकार बनाएंगे और केरल की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।



केरल के त्रिशूर में रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। साथ में प्रत्याशी पद्मजा वेणुगोपाल।

### रैली में धुआं से दहशत

**पलक्कड़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली में उस समय तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई जब एक एम्पलीफायर से धुआं निकलता देखा गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह घटना प्रधानमंत्री के रैली स्थल कोट्टामैदानम पहुंचने से कुछ ही समय पहले घटी। ध्वनि प्रसारक का प्रबंधन करने वालों और पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और एम्पलीफायर को हटा दिया।

# पुराने कृत्यों के लिए शाह पर चार्जशीट होनी चाहिए: ममता

**पुरुलिया (पश्चिम बंगाल),एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ राजनीतिक चार्जशीट (आरोपत्र) जारी किए जाने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि खुद शाह के खिलाफ उनके पुराने कृत्यों के लिए चार्जशीट दाखिल होनी चाहिए। बनर्जी ने पुरुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि यदि भाजपा सत्ता में आती है तो वह महिलाओं के लिए शुरू की गई लक्ष्मीर भंडार योजना बंद कर देगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि यदि भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो लोगों की खानपान संबंधी पसंद पर पाबंदियां लगा दी जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर के जरिये 1.2 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

### आयोग ने किया 83 अफसरों का तबादला

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले एक नए फेरबदल में चुनाव आयोग ने रविवार को राज्य भर में प्रखंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) सहित 83 अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश दिया। आयोग जारी आदेश के अनुसार, सबसे अधिक स्थानांतरण पूर्वी मिदनापुर जिले से हुए हैं, जहाँ 14 बीडीओ और एआरओ का तबादला किया गया है।

### हटाए गए मतदाताओं के लिए ट्रिब्यूनल पोर्टल शुरू

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की शिकायतों के समाधान के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद एक विशेष ट्रिब्यूनल प्रणाली और ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है, जिसके तहत प्रभावित मतदाता रविवार से अपील दर्ज कर सकेंगे। ट्रिब्यूनल जल्द ही काम करना शुरू करेंगे, जिससे जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उन्हें औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज कराने और निवारण का अवसर मिलेगा। इससे पहले आयोग ने राज्य के 23 जिलों में ट्रिब्यूनल गठित किए थे, जिनकी देखरेख के लिए 19 पूर्व न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है।

# असम: भाजपा लगाएगी हैट्रिक, लगातार तीसरी बार सत्ता में आएगी : नितिन नबीन

**तिनसुकिया (असम), एजेंसी**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को दावा किया कि पार्टी असम में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगाएगी। मार्गेरिटा से उम्मीदवार एवं मौजूदा विधायक भास्कर शर्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नबीन ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर राज्य के विकास के बजाय वोट बैंक की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस काले अध्याय को याद रखना जरूरी है।

कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा हैट्रिक लगाने वाली है। हमने पहली बार सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सरकार बनाई थी, इसके बाद हिमंत विश्व शर्मा का कार्यकाल रहा। इस बार हम मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में अपनी तीसरी सरकार बनाएंगे। नवीन ने कहा कि वह 2009-10 से विभिन्न पार्टी कार्यों के सिलसिले में असम आते रहे हैं और राज्य भर में व्यापक दौरे कर चुके हैं। उस समय विकास की कोई चर्चा ही नहीं होती थी। जब मैं एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना चाहता था तो तनाव बना रहता था। जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने के बाद पूरी स्थिति बदल गई और पूरा देश असम के विकास की बात करने लगा।

### हर अवैध प्रवासी को वापस भेजना होगा : शाह



**ढेकियाजुली (असम), एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में असम में घुसपैठ को रोका है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है, क्योंकि प्रत्येक अवैध प्रवासी को उनके देशों में वापस भेजा जाना चाहिए। सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध किया है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई घुसपैठियों को संरक्षण देना चाहते हैं। शाह ने गोगोई से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

### भाजपा ने असम को धोखा दिया: सैकिया

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम विधानसभा में निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष देवव्रत सैकिया ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग को न्याय दिलाने में नाकाम रही है और इसने कई मोर्चों पर जनता के साथ विश्वासघात किया है। सैकिया ने भरोसा जताया कि नौ अप्रैल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दल बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि भाजपा के विश्वासघातों की सूची लंबी है, लेकिन अंतिम और सबसे गंभीर विश्वासघात जुबिन गर्ग के मामले में न्याय सुनिश्चित न कर पाना है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार मांग करता रहा कि इस मामले की कार्यवाही की सार्वजनिक निगरानी हो, लेकिन सरकार ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सैकिया ने कहा–असम की जनता शुरू से ही नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ थी, लेकिन भाजपा ने उनकी भावनाओं की अनदेखी करते हुए इसे लागू किया।



> विराट कोहली का अभी और भी बहुत कुछ आना बाकी है। पूरी पारी के दौरान कोहली अभी भी थोड़े रस्टी लग रहे थे। जैसे-जैसे वह और सेट होंगे, उनसे बहुत कुछ और देखने को मिलेगा।
> –अंबाती रायुडू


# स्टेडियम

हल्द्वानी, सोमवार, 30 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# रहाणे और अंगकृष की अर्धशतकीय पारियों से केकेआर ने बनाए 220 रन


## आईपीएल-2026 : मुंबई इंडियंस के लिए शार्दुल ठाकुर ने हासिल किए तीन विकेट

**मुंबई, एजेंसी**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कप्तान अजिंक्य रहाणे (67) और अंगकृष रघुवंशी (51) के अर्धशतकों की बदौलत रविवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चार विकेट पर 220 रन बनाए।

सपाट पिच पर मुंबई इंडियंस के गेंदबाज अपने पहले ही मैच में दबदबा नहीं बना पाए, लेकिन शार्दुल ठाकुर (39 रन देकर तीन विकेट) ने टीम को अहम सफलता दिलाई। टीम के दोनों सीनियर तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह को कोई विकेट नहीं मिला। हालांकि भारत के मुख्य तेज गेंदबाज के 18वें और 20वें ओवर की किफायती गेंदबाजी ने केकेआर को 250 रन के करीब पहुंचने से रोक दिया। रहाणे ने पहले ओवर में बोल्ट की गेंद पर लांग ऑन के ऊपर से छक्का लगाकर पारी की शुरुआत की।

कप्तान हार्दिक पंड्या (39 रन देकर एक विकेट) की चौथे ओवर में लाइन और लेंथ की लगातार गलतियों का फायदा उठाकर केकेआर ने 26 रन बना लिए। रहाणे ने लेग साइड में दो 'पिक-अप' शॉट खेलकर लगातार दो छक्के जड़े, जबकि फिन एलेन (17 गेंद में 37 रन) ने पंड्या की गेंद पर चौका जड़ा और फिर विकेटकीपर व शॉर्ट फाइन लेग के ऊपर से स्कूप शॉट खेलकर तीसरा चौका लगाया। इससे पहले एलेन ने पदार्पण कर रहे अल्लाह गजनफर (51 रन देकर कोई विकेट नहीं) के तीसरे ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाकर कुल 17 रन बटोरे थे। हालांकि ठाकुर ने अपनी दूसरी ही गेंद पर फिन को आउट करके मुंबई को सफलता दिलाई, जिनका कैच तिलक वर्मा ने लपका। इसके बावजूद पावरप्ले खत्म होने के बाद केकेआर का स्कोर एक विकेट पर 78 रन था। केकेआर ने आठवें ओवर में ही 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया था और एक समय ऐसा लग रहा था कि रहाणे तिहरे अंकों (शतक) तक पहुंच जाएंगे। वह 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे थे। लेकिन ठाकुर ने अपने दो अलग-अलग स्पैल में दो विकेट लेकर मेहमान टीम की लय तोड़ दी। नौवें ओवर में ठाकुर ने कैमरन ग्रीन को आउट किया। फिर अपने तीसरे और पारी के 14वें ओवर में ठाकुर ने धीमी क्रॉस-सीम गेंद डालकर रहाणे को चकमा दे दिया, और वह कवर पर खड़े रोहित शर्मा को कैच देकर पवेलियन लौट गए। रहाणे ने 40 गेंद की पारी में तीन चौके और पांच छक्के जमाए। उनका मयंक मारकंडे के सिर के ऊपर से लगाया गया शॉट बेहद शानदार था, जो छक्के के लिए गया। गजनफर की गेंद पर रहाणे ने घुटनों के बल बैठकर मिड-विकेट के ऊपर से एक और जोरदार छक्का लगाया।




अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे। एजेंसी

**केकेआर**

**220/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का हार्दिक बो शार्दुल | 67 |
| फिन एलेन का तिलक बो शार्दुल | 37 |
| कैमरन ग्रीन का रदरफोर्ड बो शार्दुल | 18 |
| रघुवंशी का तिलक बो हार्दिक | 51 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 33 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 04 |

**गेंदबाजी** : ट्रेंट बोल्ट 4-0-38-0, हार्दिक पंड्या 3-0-39-1, एएम गजनफर 4-0-51-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-35-0, शार्दुल ठाकुर 4-0-39-3, मयंक मार्कंडेय 1-0-16-0

### डीआरएस रेफरल के लिए ऑटोमैटिक डबल चेक नहीं होगा

**मुंबई।** बीसीसीआई ने आईपीएल की टीमों से कहा कि कि डीआरएस रेफरल के दौरान कोई भी ऑटोमैटिक डबल चेक नहीं होगा। खास तौर पर, रिव्यू केवल अपील के मूल बिंदु तक ही सीमित रहेगा, और कोई भी अतिरिक्त चेक तभी किया जाएगा जब दूसरी टीम ने तय समय के अंदर रिव्यू किया हो। अगर गेंदबाजी करने वाली टीम कैच-बिहाइंड के लिए रिव्यू करती है, तो अंपायर उसके बाद वाइड के लिए चेक नहीं करेंगे। यह तभी चेक किया जाएगा जब बल्लेबाजी करने वाली टीम रिव्यू का विकल्प चुने। बीसीसीआई के विशेषज्ञ कहते हैं कि हाइट वाइड के लिए कोई ऑटोमैटिक चेक नहीं होगा। अब से, इसका रिव्यू तभी किया जाएगा जब बल्लेबाज़ी करने वाली टीम तय 15 सेकंड के अंदर रिव्यू का विकल्प चुने।



गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले मैच से एक दिन पहले बारिश के कारण मैदान को कवर कर दिया गया। एजेंसी

# अपनी ही पुरानी टीम के खिलाफ नजर आएंगे संजू

- राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सीएसके का मुकाबला आज

**गुवाहाटी, एजेंसी**

पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिए खेलने जा रहे हैं।

पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे, लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिए खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे।

सैमसन ने टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी तीन मैचों में 50 से अधिक रन बनाकर भारत की खिताबी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। वह चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरुआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पायेंगे। चोट के कारण एमएस धोनी टीम के साथ गुवाहाटी नहीं आये हैं। उनकी गैर मौजूदगी में सैमसन व गायकवाड़ पर नजरें रहेंगी।

**टीम**

**चेन्नई सुपर किंग्स** : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे , आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी।

**राजस्थान रॉयल्स** : रियान पराग (कप्तान ), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**हाइलाइट**

### कोको गाफ को हराकर एरिना सबालेंका ने जीती मियामी ओपन



**मियामी गार्डन्स।** एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन महिला एकल फाइनल में कोको गाफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराकर खिताब जीता। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका चौथी रैंकिंग वाली गाफ को हराकर 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाली पिछले चार साल में पहली खिलाड़ी बनी। उन्होंने इंडियल वेल्स खिताब भी जीता था। मियामी ओपन में यह उनकी लगातार दूसरी जीत है।

### विश्व वुशू चैंपियनशिप में भारतीय चमके

**तियानजिन (चीन)।** भारतीय खिलाड़ियों ने रविवार को यहां 10वीं विश्व वुशू चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीते जबकि चार अन्य भी अलग-अलग वर्ग में फाइनल में पहुंच गए। भारत की अनु लड़कियों के वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की झांग लिनिंग के सामने थीं लेकिन वह कड़े मुकाबले में हार गईं जिससे उन्हें कांस्य पदक मिला। वहीं लड़कों के सेमीफाइनल में गौतम मनकास अपने प्रतिद्वंद्वी से हार गए, जिससे उन्हें भी कांस्य पदक मिला। इसके अलावा चार भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। उपेंद्रो थौगम ने मिस्र के अहमद मोहम्मद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पामा हेइबा सिंह ने सेनेगल के अलीमौसी को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की।

### दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को हराया

**क्राइस्टचर्च।** अयाबोंगा खाका (छह विकेट) के बाद एनरी डर्कसन (72), सुने लूस (53) और कायला रेनेके (नाबाद 42) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने पहले दिनरात्रि एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को दो विकेट से शिकस्त दी। कायला रेनेके को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 269 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 30 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। तेजमिन ब्रिट्स (शून्य) और लॉरा वुलफॉर्ट (10) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद एनरी डर्कसन और सुने लूस की जोड़ी ने पारी को संभाला। मैच की आखिरी गेंद पर कायला रेनेके ने छक्का लगाकर टीम को दो विकेट से जीत दिलाई।

# ब्रेक से तरोताजा होकर वापसी में मदद मिली : विराट कोहली

**बेंगलुरु, एजेंसी**

आईपीएल के 2026 सत्र की शुरुआत नाबाद अर्धशतक से करने वाले महान बल्लेबाज विराट कोहली का मानना है कि नियमित अंतराल पर खेल से ब्रेक लेने से उन्हें थकान से बचने और मानसिक रूप से तरोताजा होकर वापसी करने में मदद मिली।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल के इस सत्र के पहले मैच में गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से मिली जीत में कोहली ने 38 गेंद में पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए। कोहली ने मैच के बाद कहा वापिस यहां आकर अच्छा लग रहा है। आखिरी मैच मैने पिछले साल आईपीएल फाइनल खेला था लेकिन हाल ही में वनडे शृंखलाओं में जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे मुझे लय हासिल करने में मदद मिली।

अंतरराष्ट्रीय टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके कोहली ने कहा मैं वह शॉट्स नहीं खेल रहा था जो आम तौर पर नहीं खेलता। मुझे पता है कि मैं लय में हूं और मैने फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है तो प्रदर्शन अच्छा ही रहेगा। हमारे पास अच्छी शुरूआत का मौका था और हमने वही किया। सिर्फ एक ही प्रारूप खेलने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा पिछले 15 साल से जिस तरह का कार्यक्रम रहा है और हमने जितनी क्रिकेट खेली है, मेरे लिये तैयारी की कमी की बजाय जरूरत से ज्यादा खेलने की थकान का जोखिम अधिक रहा है।



### हमने देवदत्त, कोहली को रन बनाने के मौके दिए : कोच विटोरी

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अपनी टीम की गेंदबाजी को खराब बातते हुए कहा कि गेंदबाजों ने आईपीएल के पहले मैच में विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिए। सनराइजर्स ने सत्र के पहले मैच में नौ विकेट पर 201 रन बनाये लेकिन आरसीबी ने लक्ष्य 15 .4 ओवर में ही हासिल कर लिया। विटोरी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा आपको गेंदबाजी से अच्छी शुरूआत की जरूरत थी जो फिल साल्ट का विकेट लेकर की भी, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके।

### इस उम्र में कोहली की ऊर्जा और जोश बेजोड़ : अश्विन

**बेंगलुरु।** विराट कोहली की जमकर तारीफ करते हुए भारत के पूर्व आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि टेस्ट और वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद अपनी बेजोड़ ऊर्जा और जोश के दम पर जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं।

पिछले साल तीन जून को आईपीएल फाइनल जीतने के बाद पहली बार टी20 प्रारूप खेलते हुए कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 38 गेंद में नाबाद 69 रन बनाये जिसकी मदद से गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने आईपीएल 2026 के पहले मैच में छह विकेट से जीत दर्ज की। अश्विन ने एक शो पर कहा वह जो कहते हैं, करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा ऐसा लगता है कि वह लोगों को दिखा रहे हैं कि कैसे खेला जाता है। इसे जोरदार ढंग से खेलो और वैसे ही खेलो, जैसे खेला जाना चाहिए। विराट ने जो कुछ भी किया, उस लिहाज से यह बात मेरे लिए सबसे खास रही। कोहली ने आईपीएल से पहले जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे शृंखला में 93, 23 और 124 रन बनाए थे।

# खिताबी जीत को हम पीछे छोड़ चुके : पाटीदार


- आरसीबी के कप्तान बोले-हम कुछ बचाने के लिए नहीं खेल रहे

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पिछले साल आईपीएल में मिली जीत को पीछे छोड़ चुकी है और अब फोकस इस साल फिर खिताब जीतने के लिये बेहतरीन प्रदर्शन पर है। आरसीबी ने इस सत्र के पहले मैच में शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर शानदार शुरूआत की । पाटीदार ने हालांकि कहा कि वह टीम के अभियान को खिताब बचाने की मुहिम नहीं मानते।

उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम इस मानसिकता के साथ नहीं खेल रहे हैं कि कुछ बचाना है। हमने 2025 में जो किया, वह बीती बात है। हम इस बार फिर खिताब जीतने के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से खेल रहे हैं।

आरसीबी की जीत में विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल और जैकब डफी का अहम योगदान रहा। पाटीदार ने कहा लक्ष्य का पीछा करने में कोहली नंबर एक हैं। मुझे हमेशा से उनकी बल्लेबाजी पसंद है और डगआउट से उन्हें खेलते देखना बहुत शानदार रहता है। उन्होंने कहा कोच एंडी फ्लावर की तरह मुझे भी लगता है कि वह अपने खेल के शिखर पर है। उसकी पारी को बयान करने के लिये मेरे पास समय नहीं है। वह मेरे आदर्श है और मैने उन्हें नेट्स पर उसी ऊर्जा और तत्परता के साथ खेलते देखा है। मैं उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखकर बहुत कुछ सीख रहा हूं। सनराइजर्स के शीर्ष तीन विकेट लेने वाले डफी के बारे में उन्होंने कहा वह टी20 का विशेषज्ञ गेंदबाज है और हमें उस पर काफी भरोसा है । जिस तरह से वह खेल रहा है, जबर्दस्त है ।



### मर्सिडीज के एंटोनेली ने लगातार दूसरी एफवन रेस जीती

**सुजुका।** मर्सिडीज के 19 वर्षीय ड्राइवर किमी एंटोनेली ने रविवार को जापानी ग्रांप्री में मैकलारेन के ऑस्कर पियास्त्री को पछाड़ते हुए लगातार दूसरी फॉर्मूला वन (एफ1) रेस जीत ली।

इटली के एंटोनेली ने ऑस्ट्रेलिया के ड्राइवर को 13.7 सेकंड के अच्छे अंतर से पछाड़ा। फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर्क तीसरे और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल चौथे स्थान पर रहे। मैकलारेन के लैंडो नॉरिस पांचवें और फेरारी के लुईस हैमिल्टन छठे स्थान पर रहे। एंटोनेली ने अपने करियर की पहली एफवन रेस दो सप्ताह पहले चीन में जीती थी और वह इतिहास के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता हैं। सबसे कम उम्र के विजेता का रिकॉर्ड मैक्स वेरस्टैपेन के नाम है। उन्होंने 2016 में 18 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

एंटोनेली ने चीन में भी पोल पोजीशन से जीत दर्ज की थी। तीन रेस में एंटोनेली के 72 अंक हैं। वह अब सत्र की ड्राइवर की तालिका में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।

**मिले मौका**

पूर्व महिला मुक्केबाज मैरी कॉम ने बढ़ावा देने की मांग की

# आदिवासी खिलाड़ियों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने की क्षमता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व महिला मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने रविवार को भारत के आदिवासी समुदायों के बीच खेलों को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि इन समुदायों के लोगों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने के लिए जरूरी शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता मौजूद है।

एआईबीए महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छह बार स्वर्ण पदक जीतने वाली कॉम ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग कॉम्प्लेक्स में आयोजित फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम के दौरान यूनीवार्ता को दिए एक साक्षात्कार मे कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि अगर आदिवासी खिलाड़ियों (पुरुष और महिला दोनों) को सही तरह का सहयोग मिले, तो वे निश्चित रूप से बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, मैं खुद कॉम समुदाय से आने वाली एक आदिवासी महिला हूं। आदिवासी लोग ऐसे इलाकों में रहते हैं जहां की परिस्थितियां काफी कठिन होती हैं, उनमें जबरदस्त शारीरिक और मानसिक दृढ़ता होती है और उन्हें अपने रोजमर्रा के जीवन में बहुत अधिक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आदिवासी लोग स्वभाव से ही मजबूत होते हैं, और मुझे लगता है कि अगर उन्हें सही मात्रा में सहयोग और जागरूकता मिले, तो वे खेलों के क्षेत्र में निश्चित रूप से बहुत आगे बढ़ेंगे। 2012 के लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली इस खिलाड़ी ने छत्तीसगढ़ में चल रहे पहले खेलो इंडिया आदिवासी खेल 2026 की जमकर सराहना की। इन खेलों में 30 राज्यों के आदिवासी एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। चुने गए खिलाड़ियों को खेलो इंडिया केंद्रों में शामिल किया जाएगा, और वहां से जो सबसे बेहतरीन खिलाड़ी होंगे, उन्हें नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए चुना जाएगा।



मैरी कॉम ने कहा उन्हें मुफ्त में ट्रेनिंग मिलेगी, इससे बेहतर और क्या हो सकता है। आदिवासियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन उनमें जागरूकता की बहुत बड़ी कमी है। हमें उम्मीद है कि ये खेल आदिवासी एथलीटों को आगे आने के लिए एक बहुत बड़ा मंच प्रदान करेंगे। जिन्हें अक्सर मैग्निफ़िसेंट मैरी (शानदार मैरी) के नाम से पुकारा जाता है, ने बताया कि वह फ़िलहाल प्रोफ़ेशनल बॉक्सिंग में कदम रखने की योजना बना रही हैं और उनका लक्ष्य 2027 में अपना प्रोफ़ेशनल डेब्यू करना है। उन्होंने कहा मैंनेशौकिया बॉक्सिंग में वह सब कुछ हासिल कर लिया है, जो हासिल किया जा सकता था।

### उतर सकती हैं पेशेवर मुक्केबाजी में

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने रविवार को कहा कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी 43 वर्ष की मैरी कॉम ने कहा कि अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिये अब उनकी उम्र निकल चुकी है। उन्होंने कहा छह विश्व चैम्पियनशिप जीतना खास रहा। अब मैं उस उम्र में हूं कि देश के लिये अमैच्योर सर्किट पर नहीं खेल सकती। पेशेवर मुक्केबाजी एक नया मौका हो सकता है।